Accredited With Grade A
NAAC

वार्षिक रिपोर्ट
2022-2023

हीरक जयंती
Diamond Jubilee
1962-2022

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान
17 – बी, श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली – 110016

वार्षिक रिपोर्ट 2022-23

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान

(मानित विश्वविद्यालय)

17–बी, श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली–110016

©राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (100 प्रतियाँ), 2023
(भारत सरकार द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अंतर्गत घोषित)

संकाय समन्वयक : डा. सांत्वना जी मिश्रा

कुलसचिव, राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा), 17–बी, श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित तथा मैसर्स विबा प्रेस प्रा. लि., ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेस–II, नई दिल्ली–110 020, नवंबर 2023 में 150 प्रतियां डिजाईन एवं मुद्रित।

विषय–सूची

अध्याय		
1.	विहंगावलोकन	01
2.	अध्यापन और व्यावसायिक विकास कार्यक्रम	33
3.	अनुसंधान	59
4.	पुस्तकालय और प्रलेखन सेवाएं	79
5.	कंप्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं	89
6.	प्रकाशन	97
7.	नीपा में सहायता अनुदान योजना	103
8.	प्रशासन और वित्त	107
अनुलग्नक		
संकाय का अकादमिक योगदान		113
परिशिष्ट		
I.	प्रबंधन बोर्ड के सदस्य	229
II.	वित्त समिति के सदस्य	231
III.	अकादमिक परिषद के सदस्य	232
IV.	अध्ययन बोर्ड के सदस्य	235
V.	योजना और निरीक्षण बोर्ड के सदस्य	237
VI.	संकाय और प्रशासनिक स्टाफ	239
VII.	वार्षिक लेखा	243
लेखा परीक्षा रिपोर्ट		289

विहंगावलोकन

1

विहंगावलोकन

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा) राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तरों पर अपने महत्वपूर्ण और व्यापक अकादमिक कार्यकलापों के माध्यम से देश के शिक्षा संस्थानों के नेटवर्क में एक विशिष्ट स्थान रखता है। नीपा विश्व में शैक्षणिक योजना के लिए स्थापित पहली संस्था थी और इस प्रकार कालान्तर में इस संस्था ने शैक्षणिक रणनीति उद्विकास करने का मार्ग प्रशस्त करने का अतिरिक्त दायित्व अपने ऊपर लिया था। इस संस्था द्वारा विकसित शैक्षणिक रणनीति समावेशी होने के साथ–साथ वहनीय भी है।

नीपा के उद्विकास की यात्रा फरवरी 1962 में ही आरम्भ हुई थी जब सयुक्त राष्ट्र एजेंसी और भारत सरकार के मध्य हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अंतर्गत यूनेस्को द्वारा शैक्षिक योजनाकारों, प्रशासकों तथा पर्यवेक्षकों के लिए एशिया क्षेत्रीय केंद्र के रूप में हुई थी। इस केंद्र का मुख्य कार्य एशिया के शैक्षिक योजनाकारों, प्रशासकों तथा स्कूल पर्यवेक्षकों के लिये अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन तथा सदस्य राज्यों को संबंधित तकनीकी सहायता प्रदान करना था। तत्पश्चात् 1 अप्रैल, 1965 से इस नवोदित केन्द्र का नाम बदलकर एशिया शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान कर दिया गया। यूनेस्को तथा भारत सरकार के बीच दस वर्षीय समझौते की समाप्ति के पश्चात, इस एशिया संस्थान को भारत सरकार द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया और तत्पश्चात वर्ष 1970 में शैक्षिक योजनाकारों तथा प्रशासकों के लिये राष्ट्रीय स्टाफ कालेज के रूप में इसकी स्थापना की गई। 31 मई 1979 को विस्तारित अधिदेश के साथ इस कालेज की पुर्नसंरचना तैयार कर इसका पुनः राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा) के रूप में पंजीकृत किया गया।

शैक्षिक नीति, योजना निमार्ण तथा प्रशासन के क्षेत्र में नीपा द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यों को देखते हुये संस्थान को वर्ष 2006 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अंतर्गत इसे 'मानित विश्वविद्यालय' का दर्जा प्राप्त हुआ जिसके अंतर्गत इसे डिग्री प्रदान करने की शक्तियाँ प्रदान की गई और पुनः नाम परिवर्तन के बाद इसे राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा) कहा जाने लगा।

दिनांक 30.11.2017 की अधिसूचना संख्या फा.सं. न्यूपा/प्रशासनिक/आरओ/परिपत्र/030/2017 के माध्यम से **राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय (न्यूपा)** का नाम पुनः परिवर्तन कर **राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा)** (मानित विश्वविद्यालय) के रूप में कर दिया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिनांक 10 नवंबर 2017 और 29 नवंबर 2017 के संप्रेषित पत्र सं. एफ. 5–1/2017(सी.पी.पी.–1/डी.यू.) द्वारा संप्रेषित माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में 'विश्वविद्यालय' शब्द को पुनः 'संस्थान' शब्द से प्रतिस्थापित किया गया।

इसे आगे राष्ट्रीय संस्थान, नीपा के नाम से भी संबोधित किया जाएगा। अन्य विश्वविद्यालयों की तरह यह भी पूर्णतः भारत सरकार द्वारा अनुरक्षित है। नीपा ने वर्ष 1986 की नीति तैयार करने में अग्रणी भूमिका निभाई, वर्ष 1993 में पंचायती राज संबंधी संवैधानिक विधेयकों में सहायता प्रदान की और इसके साथ–साथ शिक्षा का अधिकार अधिनियम के निरूपण में भी सहायता प्रदान की जिसे वर्ष 2009 में कार्यान्वित किया गया था। नीपा जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डीपीईपी) और राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (आरएमएसए) के अन्तर्गत पद्धतियों और विकेन्द्रीकृत योजनाओं के कार्यान्वयन में प्रमुख भूमिका में रहा है। शिक्षा के लिए जिला सूचना प्रणाली के माध्यम से नीपा द्वारा तैयार किया गया डाटाबेस विश्व का सबसे बड़ा डाटाबेस था। नीपा द्वारा बृहत् पैमाने पर किया गया प्रायोगिक शोधकार्य शिक्षा के क्षेत्र में साक्ष्य आधारित विश्वसनीय सूचना का प्रमुख स्रोत रहा है। वर्तमान में इस संस्था ने शोध, शिक्षण, क्षमता निर्माण के क्षेत्र में अपने अधिदेश को और अधिक व्यापक बनाया है और यह भारत में नीति, योजना निर्माण और शिक्षा प्रबंध के मामले में अग्रदूत रहा है। शिक्षा व्यवस्था में उप–राष्ट्रीय एवं संस्थागत स्तरों पर शिक्षा के क्षेत्र में कार्यात्मक दक्षता में सुधार लाने के लिए शिक्षा नीति निर्माण और क्षमता विकास में इसने सदैव सक्रिय भूमिका निभाई है।

नीपा की दृष्टि और उद्देश्य

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान का मुख्य उद्देश्य 'ज्ञान के प्रोन्नयन से एक मानवीय अधिगम समाज का निर्माण करना है'। इस दृष्टिकोण के अंतर्गत, संस्थान का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय संदर्भ में उच्चस्तरीय शिक्षण, अनुसंधान तथा क्षमता निर्माण को प्रोत्साहन देते हुए शैक्षिक नीति, योजना तथा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट केंद्र के रूप में सेवायें प्रदान करना है।

नीपा की भविष्यगत नीति, इसका लक्ष्य और कार्यनीति अभिमुख समावेशी प्रगति और संधारणीय विकास के विचार में प्रबलता से रची बसी हुई है। यह संस्थान ज्ञान के प्रोन्नयन के माध्यम से मानवीय अधिगम समाज की परिकल्पना करता है। इसी भविष्यगत लक्ष्य के अनुरूप इस संस्थान का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में उन्नत स्तर का अध्यापन, अनुसंधान तथा क्षमता निर्माण को बढ़ावा देकर शैक्षणिक नीति योजना निर्माण और प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट केंद्र के रूप में सेवायें प्रदान करने हेतु मिशन के रूप में कार्य करना रहा है। राष्ट्रीय संस्थान के मुख्य कार्यनीतिक उद्देश्य निम्नांकित हैं :

- शैक्षिक क्षेत्र के विकास लक्ष्यों तथा उद्देश्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी नीतियों, योजनाओं तथा कार्यक्रमों के निर्माण और क्रियान्वयन हेतु राष्ट्रीय तथा संघ शासित क्षेत्रों के स्तर पर सांस्थानिक क्षमता का सुदृढ़ीकरण तथा स्कूल, समुदाय, जिला, राज्य/संघ प्रदेशों तथा राष्ट्रीय स्तर पर एक त्वरित, सहभागिता और जवाबदेह शैक्षिक अभिशासन तथा प्रबंधन प्रणाली का संस्थानीकरण करना।

- शैक्षिक सुधारों का अनुसमर्थन करना और शिक्षा क्षेत्र के लिए विकास कार्यक्रमों की प्रभावी योजनाओं की रूपरेखा, कार्यान्वयन और अनुश्रवण को बढ़ावा देने के प्रयोजन से अपेक्षित ज्ञान और कौशलों से सुसज्जित शैक्षिक नीति, योजना और प्रशासन के क्षेत्र में युवा पेशेवरों और शिक्षाविदों सहित विशेषीकृत मानव संसाधनों के समूह का विस्तार करना;

- शैक्षिक क्षेत्र में उभरती तथा वर्तमान चुनौतियों का सामना करने हेतु तथ्य आधारित जवाबदेही एवं प्रभावी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन को बढ़ावा देने हेतु शैक्षिक नीति, योजना तथा प्रशासन एवं संबंधित विषयों के ज्ञान आधार में वृद्धि करना;

- शैक्षणिक क्षेत्र के विकास लक्ष्यों और उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु प्रभावी शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन व्यवहार एवं बेहतर शैक्षिक नीतियों के क्रियान्वयन हेतु शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन एवं अनुसंधान परिणामों, नवाचारों तथा सर्वोत्तम व्यवहार समेत सूचना तथा ज्ञान की साझेदारी एवं पहुंच में सुधार करना;

- अंतरशास्त्रीय जिज्ञासाओं को प्रोत्साहन देते हुये शैक्षिक नीति निर्माण, शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन व्यवहार/तकनीक शिक्षा के सभी चरणों एवं व्यवस्थाओं में रणनीतिक उपागम, शैक्षिक योजना प्रक्रियाओं के अभिशासन तथा प्रबंधन में सुधार हेतु तथा अंतरशास्त्रीय जिज्ञासाओं में नेतृत्वकारी भूमिका जो शैक्षिक नीति–निर्माण तथा देश में शैक्षिक योजना तथा प्रशासन व्यवहार का निर्माण करती है।

मुख्य कार्य

अपने उद्देश्य को पूरा करने हेतु राष्ट्रीय संस्थान निम्नांकित मुख्य कार्यों में संलग्न है :

- शिक्षा के सभी चरणों में शैक्षिक नीति, योजना तथा प्रबंधन में नेतृत्वकारी भूमिका प्रदान करना;
- सर्वोत्तम प्रशिक्षित शैक्षिक योजनाकारों तथा प्रशासकों के कैडर के गठन हेतु प्री–डॉक्टोरल, डॉक्टोरल तथा पोस्ट डॉक्टोरल कार्यक्रमों और व्यावसायिक विकास कार्यक्रमों सहित अध्यापन के विकसित अंतरशास्त्रीय कार्यक्रमों का विकास तथा आयोजन और साथ में शैक्षिक नीतियों योजनाओं तथा कार्यक्रमों की रूपरेखा, क्रियान्वयन, अनुश्रवण हेतु सतत् सांस्थानिक क्षमताओं का निर्माण करना;
- शैक्षिक लक्ष्यों और उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु अनुसंधान एजेंडा तथा वचनबद्धता को स्वरूप देना, क्षमता निर्माण कार्यक्रम के लिये आवश्यक समर्थन हेतु नये ज्ञान का सृजन तथा तथ्य आधारित नीति निर्माण और बेहतर शैक्षिक योजना और प्रबंधन व्यवहार/तकनीक का प्रयोग करना;
- केंद्रीय तथा राज्य सरकारों को तथा राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय संस्थानों को उनकी शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन से संबंधित क्षमता निर्माण तथा अनुसंधान आवश्यकताओं को पूर्ण करने हेतु तकनीकी समर्थन प्रदान करना और उन्हें शैक्षिक नीतियों, योजनाओं तथा कार्यक्रमों की रूपरेखा, अनुश्रवण तथा मूल्यांकन में सुधार हेतु सहायता प्रदान करना;
- शैक्षिक क्षेत्र में विकास कार्यक्रमों के मूल्यांकन तथा निर्माण हेतु राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों को परामर्शी सेवायें प्रदान करना;
- शिक्षा के क्षेत्र में वर्तमान तथा नित नए ज्ञान के सृजन हेतु सूचना तथा विचारों के समाशोधन गृह के रूप में कार्य करना, शैक्षिक नीतियों, योजना तथा प्रशासन में विशेष रूप से, विचारों/अनुभवों के आदान–प्रदान तथा नीति–निर्माताओं, शैक्षिक योजनाकारों तथा प्रशासकों के बीच नीतिगत चर्चा हेतु विचार मंच प्रदान करना है, प्रभावी नीतियों तथा शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन में तकनीक/व्यवहार को शिक्षा क्षेत्र संबंधी चुनौतियों का सामना करने हेतु चिह्नित करना तथा शैक्षिक क्षेत्र संबंधी विकास लक्ष्यों/उद्देश्यों को प्राप्त करना;
- शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन में सुधार हेतु प्रयासों/कार्यक्रमों तथा अनुसंधान अध्ययनों की एजेंसियों, निधि और कार्यक्रमों समेत राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय

संस्थानों एवं संगठनों के साथ नेटवर्किंग तथा सहयोग करना; और

- शैक्षिक क्षेत्र के विकास में उभरती हुई प्रवृत्तियों का मूल्यांकन तथा विश्लेषण करना, शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन में उभरती हुई चुनौतियों की पहचान तथा शैक्षिक क्षेत्र के विकास लक्ष्यों और उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु उपयुक्त नीति निर्माण तथा कार्यक्रम हस्तक्षेप से लक्ष्यों को सुगम बनाना और शैक्षिक क्षेत्र के विकास लक्ष्यों और उद्देश्यों की प्रगति का मूल्यांकन करना।

राष्ट्रीय संस्थान उपरोक्त कार्यों को राज्य तथा संघ शासित प्रदेश एवं केंद्रीय स्तर पर सरकारों तथा संस्थानों के साथ निकटतम संपर्क तथा सहयोग के माध्यम से आयोजित करते हैं। उच्च स्तरीय शिक्षा के साथ राष्ट्रीय संस्थान कार्यक्रम क्रियान्वयन तथा मूल्यांकन एवं शैक्षिक व्यवस्था की योजना तथा प्रबंधन से संबंधित मुद्दों को उजागर करता है। संस्थान का एक मुख्य पहलू जमीनी स्तर पर राष्ट्रीय संस्थान का संबंध द्वि–रूप कार्य प्रणाली है। संस्थान अपने ज्ञान आधार में वृद्धि वास्तविकता क्षेत्र में अनुसंधान तथा क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं के साथ स्कूल, कालेज, राज्य तथा केंद्रीय सरकार के विभिन्न स्तरों पर विभागों के साथ संपर्क द्वारा करता रहा है। राष्ट्रीय संस्थान के रूप में, यह राज्यों/संघशासित प्रदेशों की शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन संबंधी क्षमता निर्माण को पूर्ण करने हेतु संसाधन व्यक्तियों को प्रशिक्षण, राज्य सरकारों तथा राज्य संस्थानों के साथ निकटवर्ती संपर्क बनाना, उनकी शैक्षिक व्यवस्था का समालोचनात्मक अध्ययन करना, नीतियों तथा कार्यक्रमों एवं उन्हें व्यावसायिक परामर्श तथा तकनीकी समर्थन हेतु प्रयासरत रहता है। संस्थान अपने अधिकांश क्षमता निर्माण के कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी विशेषज्ञता, अनुभव और अन्तर्दृष्टि जमीनी स्तर के शैक्षिक कार्यकर्त्ताओं को हस्तान्तरित कर रहा है। संस्थान अपने ऐसे कार्यक्रमों द्वारा शैक्षिक नीति, योजना और प्रशासन के क्षेत्र में एक थिंक टैंक (प्रसार केन्द्र) बना हुआ है। इस प्रकार से नीपा की इस दोहरी भूमिका ने अपने अध्यापन तथा अनुसंधान के अकादमिक कार्यों को व्यापक प्रामाणिकता प्रदान की है।

अकादमिक ढांचा तथा समर्थन सेवाएं

नीपा के अकादमिक ढांचे में विभाग, केंद्र, विशेष पीठ हैं जो शिक्षा के विशिष्ट पक्षों तथा तकनीकी समर्थन एकक/समूह तथा अकादमिक समर्थन प्रणाली अपने संबंधित विषयगत क्षेत्रों से जुड़ी विकास तथा क्रियान्वयनकारी गतिविधियों के प्रति उत्तरदायी हैं। नीपा के संकाय में प्रोफेसर, सह–प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर तथा राष्ट्रीय अध्येता सम्मिलित हैं जो शिक्षा नीति, योजना तथा प्रशासन के विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखते हैं। प्रत्येक विभाग अंतरशास्त्रीय विषयों के आधार पर संयोजित है और वे ज्ञान, विद्वता तथा अन्य अध्ययन कार्यक्रमों और अनुसंधान क्षेत्रों के माध्यम से सामान्यतः शिक्षा, और विशेष रूप से शैक्षिक नीति, योजना तथा प्रबंधन में विशेष तौर पर संसाधन प्रदान करते हैं। प्रत्येक विभाग के पास अनुसंधान/परियोजना सहायकों तथा अनुसचिवीय कर्मचारियों के अतिरिक्त विषय विशेषज्ञ के रूप में संकाय सदस्य हैं। अकादमिक विभाग का अध्यक्ष प्रोफेसर होता है। विभाग विभिन्न प्रशिक्षण तथा अनुसंधान कार्यक्रमों के निष्पादन और विकास तथा उनको प्रदान किये गये क्षेत्रों में परामर्श तथा सलाहकारी सेवाएं प्रदान करने के लिए जिम्मेदार होते हैं। समीक्षाधीन वर्ष के अंतर्गत, संस्थान के अकादमिक कार्यक्रमों का आयोजन आठ अकादमिक विभागों तथा विशेष पीठ, स्कूल मानक एवं मूल्यांकन एकक, परियोजना प्रबंधक एकक तथा दो केंद्रों द्वारा किया गया जिन्हें अकादमिक तथा प्रशासनिक सेवा एककों द्वारा अनुसमर्थन प्रदान किया गया।

अकादमिक संगठन

विभाग

- शैक्षिक योजना
- शैक्षिक प्रशासन
- शैक्षिक वित्त
- शैक्षिक नीति
- विद्यालय एवं अनौपचारिक शिक्षा
- उच्चतर एवं व्यावसायिक शिक्षा
- शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली
- शिक्षा में प्रशिक्षण एवं व्यावसायिक विकास

केन्द्र

- राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केन्द्र
- उच्च शिक्षा नीति अनुसंधान केन्द्र

समर्थन सेवाएं

- पुस्तकालय तथा प्रलेखन केन्द्र
- कंप्यूटर केन्द्र
- प्रकाशन एकक
- परियोजना प्रबंधन एकक
- डिजीटल अभिलेखागार
- प्रशिक्षण कक्ष तथा हिंदी कक्ष

एकक

- स्कूल मानक एवं मूल्यांकन एकक
- अन्तरराष्ट्रीय सहयोग एकक (यूआईसी)

अकादमिक विभाग

शैक्षिक योजना विभाग

शैक्षिक योजना विभाग (डीईपी), नीपा के मूलभूत विभागों में से एक, भारत में मानव विकास की उन्नति में योगदान के मिशन के साथ साक्ष्य आधारित शैक्षिक योजना को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। शिक्षा में विकास परिणामों के प्रबंधन के लिए विकेन्द्रीकृत योजना पर बल देने के साथ, विभाग का मुख्य प्रयास संस्थागत, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर योजना के दृष्टिकोण, रूपरेखा, इनपुट, प्रक्रियाओं और परिणामों का अध्ययन करना है ताकि इसे समझा जा सके और देश में शैक्षिक नियोजन प्रथाओं में सुधार हो सके।

गरीबी को कम करने और सतत विकास को बढ़ावा देने के साधन के रूप में शिक्षा पर बढ़ते बल के साथ, विभाग न केवल रणनीतिक योजना के संस्थागतकरण को कवर करने के लिए शैक्षिक योजना के विस्तारित दायरे पर विचार करता है बल्कि शिक्षा प्रबंधन के विकेंद्रीकरण और स्थानीय स्तर की योजना तकनीकों के उपयोग को भी बढ़ावा देता है। विभाग शिक्षा में सार्वजनिक निवेश की गुणवत्ता में सुधार के लिए स्कूल मैपिंग, माइक्रो प्लानिंग और स्कूल सुधार योजना को बढ़ावा देता है। स्कूली शिक्षा में रणनीतिक योजना और उच्च शिक्षा में संस्थागत योजना में क्षेत्र–व्यापी दृष्टिकोण (एसडब्ल्यूएपीएस) को बढ़ावा देना विभाग के अन्य प्रमुख अधिदेश हैं।

शिक्षण, अनुसंधान और प्रशिक्षण, अन्य बातों के साथ–साथ, विभाग के मुख्य कार्य हैं। यहां यह उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं है कि समानता, समावेशन, सीखने के परिणामों की गुणवत्ता, वित्तपोषण और जवाबदेही से संबंधित मुद्दों को संबोधित करने के लिए शिक्षा में रणनीतिक कार्यक्रम योजना को आगे बढ़ाने के लिए ज्ञान और कौशल का निर्माण और प्रसार करना और शिक्षा वितरण में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग विभाग के प्रमुख क्षेत्र हैं। तदनुसार, विभाग क्षमता विकास कार्यक्रम आयोजित करता है, और संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान करता है और संस्थान के अनुसंधान और लंबी अवधि के क्षमता विकास कार्यक्रमों में शैक्षिक योजना से संबंधित कई पाठ्यक्रमों को संचालित करने के अलावा, विभिन्न उप–राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय निकायों को पेशेवर सहायता और परामर्श प्रदान करता है।

वर्ष 2022–23 के लिए, विभाग द्वारा 'उत्तर–पूर्वी राज्यों में परिणाम आधारित जिला स्कूल शिक्षा योजना तैयार करने की पद्धति' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम और सीमेट निदेशकों की वार्षिक बैठक आयोजित की गई। विभाग के संकाय सदस्य निम्नलिखित पांच प्रशिक्षण मॉड्यूल भी विकसित कर रहे हैं:

1. स्कूल आयु जनसंख्या के प्रक्षेपण पर प्रशिक्षण मॉड्यूल;
2. स्कूली शिक्षा में एनईपी 2020 नामांकन लक्ष्य प्राप्त करने के लिए विश्वसनीय अनुमानों पर पहुंचने पर ध्यान देने के साथ नामांकन प्रक्षेपण पर प्रशिक्षण मॉड्यूल;
3. सेक्टर विश्लेषण के लिए के.पी.आई. के उपयोग पर प्रशिक्षण मॉड्यूल, जिसमें उनके अनुमान के तरीके, व्याख्याएं और स्कूली शिक्षा की योजना और निगरानी में उपयोग शामिल है;
4. जिला स्कूल शिक्षा विकास योजना में संचयी लक्ष्य निर्धारित करने में परिणाम ढांचे (आरएफ) का उपयोग करने पर प्रशिक्षण मॉड्यूल; और
5. राज्य/जिला स्कूल शिक्षा विकास योजनाओं में हस्तक्षेप रूपरेखा तैयार करने में लॉजिकल फ्रेमवर्क मैट्रिक्स (एलएफएम) का उपयोग करने पर प्रशिक्षण मॉड्यूल।

विभाग यू–डीआईएसई डेटा (यू–डीआईएसई परियोजना) के उपयोग और प्रसार में शामिल है। विभाग की अनुसंधान गतिविधियों में सहायता करने के अलावा, यू–डीआईएसई परियोजना तकनीकी कर्मचारी विभिन्न अनुसंधान अध्ययनों में लगे नीपा संकाय को डेटा प्रदान करने में भी लगे हुए थे। वित्त वर्ष 2022–23 में नीपा से किसी भी फंडिंग सहायता के बिना शुरू किया गया एक और शोध है भारत में छात्र परिणाम और नीतिगत मुद्दे: यह मुख्य रूप से यू–डीआईएसई डेटा के आधार पर 2012–13 से स्कूलों के एक पैनल के प्रदर्शन का विश्लेषण है। यह अध्ययन 2012–13 के बाद से स्कूली

शिक्षा (ग्रेड 1–10) की आंतरिक दक्षता में रुझानों का विश्लेषण करने के लिए, ज्यादातर यू–डीआईएसई और यू–डीआईएसई + डेटाबेस से माध्यमिक डेटा का उपयोग करता है। विभाग के संकाय सदस्य एनसीटीई द्वारा अनुरोधित 'भारत में स्कूल शिक्षा में शिक्षकों की मांग और आपूर्ति का एक अध्ययन' नामक शोध अध्ययन में भी शामिल हैं, लेकिन एनसीटीई या नीपा से किसी भी वित्तीय सहायता के बिना। यह राज्य/केंद्र शासित प्रदेश स्तरों पर स्कूली शिक्षा में शिक्षकों की मांग और आपूर्ति का अनुमान/परियोजना लगाने के लिए एक अखिल भारतीय अध्ययन है। इस अध्ययन का उद्देश्य न केवल भारत में शिक्षक श्रम बाजार की विशेषताओं का एक संक्षिप्त विवरण प्रदान करना है, बल्कि शिक्षकों की मांग और आपूर्ति का पूर्वानुमान लगाना और साथ ही 2030 तक स्कूली शिक्षा में आवश्यक शिक्षकों के स्टॉक का अनुकरण करना है, यदि एनईपी 2020 द्वारा निर्धारित नामांकन लक्ष्यों को हासिल किया जाना है।

शैक्षिक प्रशासन विभाग

शैक्षिक प्रशासन विभाग नीपा के प्रमुख एवं विषयगत विभागों में से एक है जिसका मुख्य उद्देश्य प्रशासन और प्रबंधन एवं शिक्षा के सभी स्तरों में विविध आयामों अनुसंधान, अध्ययन, प्रशिक्षण तथा परामर्शकारी सेवाओं में सक्रिय रूप से बौद्धिक और अकादमिक संलग्नता है। विभाग का एक मुख्य शैक्षिक क्षेत्र सरोकार एक समृद्ध ज्ञान आधार का विकास करना और शैक्षिक प्रशासन तथा प्रबंधन के विविध आयामों पर शैक्षिक प्रशासकों तथा शोधार्थियों को एक मजबूत पेशेवर अनुसमर्थन का निर्माण करना है। अपने लक्ष्य के अनुसार शैक्षिक प्रशासन और प्रबंधन पर मजबूत डाटा बेस का निर्माण किया है। विभाग उच्च और तकनीकी शिक्षा संस्थानों में अकादमिक प्रशासकों सहित शैक्षिक प्रशासन के विभिन्न स्तरों पर शामिल व्यवसायियों के लिए शैक्षिक प्रशासन और प्रबंधन में बड़े पैमाने पर परियोजनाओं और अनुसंधान अध्ययन और कार्यशालाओं और क्षमता विकास कार्यक्रम भी चलाता है। शैक्षणिक गतिविधियों के अलावा हाल के वर्षों में विभाग ने दो प्रमुख क्षेत्रों में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शैक्षिक प्रशासन पर बड़े पैमाने पर सूचना डेटा बेस का निर्माण शामिल है, जो तीसरे अखिल भारतीय शैक्षिक प्रशासन सर्वेक्षण पर प्रमुख शोध परियोजना के माध्यम से एकत्र किया है। साथ ही शैक्षिक प्रशासन में नवाचार के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार योजना और जिला एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों के लिए शैक्षिक प्रशासन और प्रबंधन पर राज्य स्तरीय सम्मेलन के आयोजन के साथ कई दूरगामी और क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किये। विभाग एम.फिल/पीएचडी में शैक्षिक प्रशासन और प्रबंधन और संबंधित विषयगत क्षेत्रों पर पाठ्यक्रम के अलावा शैक्षिक योजना और प्रशासन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, शैक्षिक योजना और प्रशासन में अंतर्राष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम; और अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है।

प्रमुख कार्यक्रम एवं विशेषताएं

अ. वर्ष 2020–21 और 2021–2022 के लिए शैक्षिक प्रशासन में नवाचारों और नवोन्मेष के लिए पुरस्कार की राष्ट्रीय योजना

पुरस्कार की योजना अर्थात् शैक्षिक प्रशासन में नवाचारों और नवोन्मेष के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार योजना (एनएसआईईए) शैक्षिक प्रशासन विभाग के माध्यम से कार्यान्वित संस्थान का एक नियमित दीर्घकालिक कार्यक्रम है। नीपा में इस योजना की स्थापना 2013–14 में शिक्षा की सार्वजनिक प्रणाली में सुधार लाने तथा शैक्षणिक सेवा में दक्षतापूर्ण प्रदायगी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से क्षेत्र स्तर के शिक्षा प्रशासन के योगदान को मान्यता देने के सुपरिभाषित उद्देश्य से शुरू की गई थी। क्षेत्र स्तर के शिक्षा अधिकारियों तक पहुंचने के लिए यह नीपा की महत्वपूर्ण पहलों में से एक है। शैक्षिक प्रशासन में नवाचारों और नवोन्मेष के लिए पुरस्कार विशेष पुरस्कार वितरण समारोह में चयनित जिला और ब्लॉक स्तर के शिक्षा अधिकारियों को दिए जाते हैं। वर्ष 2014 में इस पुरस्कार योजना शुभारंभ होने के समय से, मामलों की योग्यता के आधार पर कई प्रकरणों को चिन्हित किया गया है। पिछले वर्षों की तरह, वर्ष 2020–2021 और 2021–2022 के लिए पुरस्कारों पर विचार के लिए विभिन्न राज्य/केंद्र शासित प्रदेश की सरकारों से बड़ी संख्या में नामांकन प्राप्त हुए थे। विशेषतः समितियों द्वारा गहन संवीक्षा और बहु–स्तरीय स्क्रीनिंग के बाद नवाचारों और नवोन्मेष के कई प्रकरणों को पुरस्कार और प्रशस्ति प्रमाण पत्र के लिए चुना गया है। चयनित अधिकारियों को शैक्षिक प्रशासन में नवाचारों और नवोन्मेष पर राष्ट्रीय सम्मेलन और पुरस्कार वितरण समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

ब. कार्यशाला/वेबिनार/परामर्शी बैठकें

1. 11 से 15 जुलाई, 2022 तक जिला शिक्षा अधिकारियों के लिए शैक्षिक प्रशासन में नेतृत्व पर परिबोधन सह–कार्यशाला

11 जुलाई, 2022 से नीपा में जिला शिक्षा पदाधिकारियों के लिए शैक्षिक प्रशासन में नेतृत्व पर पांच दिवसीय परिबोधन–सह–कार्यशाला का आयोजन किया गया और इसका समापन 15 जुलाई 2022 को हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन शैक्षिक प्रशासन व्यवस्था और प्रबंधन के विभिन्न पहलूओं से संबंधित मुद्दों से निपटने में विभिन्न कौशल और अभिक्षमता से युक्त करने के अलावा नई नीति के बारे में जागरूकता बढ़ाने तथा चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी क्षमता विकसित करना था, जो कि समय की मांग है। इस संदर्भ में, कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रतिभागियों को शैक्षिक प्रशासन के व्यापक क्षेत्रों में नए बदलावों और चुनौतियों से परिचित कराना; शैक्षिक प्रशासन में उनके नेतृत्व कौशल की अभिवृद्धि करना; और प्रबंधकीय प्रभावशीलता से संबंधित विषयों में उनकी क्षमताओं का विकास करना है। पूरे देश से अधिकारियों ने पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में भाग लिया। प्रतिभागियों ने इसे खूब सराहा और उन्होंने ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता का स्वागत किया।

2. उच्चतर शिक्षा में एनईपी 2020 के कार्यान्वयन संबंधी राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला सह–विमर्श बैठकः एनईपी 2020 और उच्चतर शिक्षा का संस्थागत संदर्भः विश्वविद्यालयों के परिप्रेक्ष्य (केंद्रीय, राज्य और मानित) 7–9 दिसंबर, 2022।

7–9 दिसंबर, 2022 तक आयोजित कार्यक्रम में सभी राज्यों और क्षेत्रों के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के 149 वरिष्ठ स्तर के अकादमिक प्रशासकों और अकादमिक प्रमुखों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम के प्रतिभागियों में भारत के विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों के विश्वविद्यालयों के कुलपति/कुलसचिव/डीन/निदेशक/विभागाध्यक्ष जैसे शैक्षिक प्रशासक और अकादमिक प्रमुख नेतृत्व सम्मिलित थे। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के संस्थानों, मुख्यतः विश्वविद्यालय प्रणाली केंद्रीय, राज्य, मानित विश्वविद्यालय की रूपरेखा के भीतर कार्यरत सार्वजनिक वित्त पोषित संस्थान का प्रतिनिधित्व किया गया। कार्यक्रम एनईपी 2020 के कार्यान्वयन की स्थिति और इसमें अपनाई जा रही रणनीतियों के चरण में पेश होने वाली समस्याओं और चुनौतियों का सहलोचनात्मक विश्लेषण करने के लिए उच्चतर शिक्षा की संस्थाओं में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन की स्थिति का प्रारूप तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

3. 31 अक्टूबर से 4 नवंबर 2022 तक आरआईई, भोपाल के एम.एड. छात्रों के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम

इस वर्ष आरआईई, भोपाल से एम.एड. के 5 छात्रों ने इंटर्नशिप में भागीदारी की। इंटर्नशिप के दौरान, छात्रों को शैक्षिक नीति, योजना और प्रशासन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया। उन्हें इसके साथ–साथ संस्थागत कार्यप्रणाली की भी जानकारी दी गई। सर्वप्रथम उन्हें नीपा और इसके विभिन्न विभागों/केंद्रों और उनमें से प्रत्येक द्वारा की गई गतिविधियों से परिचित कराया गया। इसके बाद, उन्हें शैक्षिक योजना, नीति और प्रशासन पर कई विषयों के बारे में, जैसे एनईपी 2020 की प्रमुख विशेषताएं, शिक्षा का प्रशासन और प्रबंधन, सूक्ष्म आयोजना, स्कूल मानक और मूल्यांकन और स्कूल नेतृत्व के बारे में जानकरी दी गई।

उनके समानुदेशन के भाग के रूप में, छात्रों को एसडब्ल्युओसी विश्लेषण का उपयोग करते हुए महामारी के दौरान ऑनलाइन शिक्षण–अधिगम पर संक्षिप्त आलेख प्रस्तुत करने के लिए कहा गया।

4. 27–29 सितंबर, 2022 तक विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के महिला विकास प्रकोष्ठों को सशक्तिकरण पर कार्यशाला

उपरोक्त कार्यक्रम 27–29 सितंबर, 2022 तक आयोजित किया गया जिसमें डब्ल्यूडीसी/पीठासीन अधिकारी/आंतरिक शिकायत समिति के सदस्यगण, वरिष्ठ संकाय सदस्य, यथा विभिन्न प्रकार के संस्थानों मुख्यतः विश्वविद्यालय प्रणाली–केन्द्रीय राज्य, मानित विश्वविद्यालय की रूपरेखा के भीतर कार्यरत सरकारी वित्त पोषित संस्थाओं के डीन और विभागाध्यक्षों मुख्य रूप से सम्मिलित थे। कार्यक्रम का आयोजन प्रतिभागियों में लैंगिक के प्रति संवेदनशील होने की अभिक्षमता

विस्तार के साथ–साथ समावेशी परिसर के निर्माण को बढ़ाने और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न निवारण प्रतिषेध के संबंध में उनका परिबोधन, और आंतरिक शिकायत समिति के कानूनी और सामाजिक पहलुओं की जानकारी देना और इसे अधिक सशक्तियां प्रदान करना था।

शैक्षिक वित्त विभाग

इस विभाग का दोहरा उद्देश्य शिक्षा के सभी स्तरों– राष्ट्रीय, प्रादेशिक तथा विश्व स्तर पर आर्थिक तथा वित्तीय पक्ष पर अनुसंधान करना तथा उसे प्रोत्साहित करना है तथा विकासशील देशों और भारत में शिक्षा क्षेत्र की वित्तीय योजनाओं तथा प्रबंधन से जुड़े कर्मियों के क्षमता निर्माण और ज्ञान का सृजन करना है। विभाग के कार्यक्रम/गतिविधियां– अनुसंधान, अध्यापन, प्रशिक्षण तथा परामर्श हैं जो नीति, योजना तथा विकास, शिक्षा के सार्वजनिक तथा निजी वित्त पोषण, सरकारी तथा निजी संसाधनों की लामबंदी, शिक्षा के सभी स्तरों पर संसाधनों का आवंटन तथा उपयोग, प्राथमिक से उच्च, तथा संसाधन आवश्यकताओं के आकलन से जुड़े मुद्दों के इर्द–गिर्द केंद्रित हैं। अधिकांशतः शोध के क्षेत्र शिक्षा के वित्त पोषण, कार्यक्रम और नीतिगत मुद्दों से संबंधित हैं। परामर्शकारी सेवाएँ नीतिगत मुद्दों पर केंद्रित हैं। अध्यापन के विषय में शिक्षा का अर्थशास्त्र और शैक्षिक वित्त पोषण से जुड़े सैद्धांतिक और अनुभवजन्य मुद्दे शामिल हैं। प्रशिक्षण और अभिविन्यास कार्यक्रम के विषय योजना तकनीक और प्रबंधन प्रणाली पर आधारित हैं।

शैक्षिक नीति विभाग

शैक्षिक नीति विभाग शैक्षिक अभिशासन और प्रबंधन में वर्तमान समस्याओं के समाधान के लिए शैक्षिक नीति का अध्ययन, शैक्षिक समस्याओं का मूल्यांकन और विश्लेषण, नीति तथा व्यवहारों का मार्गदर्शन तथा परिणामों को समझने के लिए प्रतिबद्ध है। चूँकि अपने मिशन में यह प्रतिबद्ध है, शैक्षिक क्षेत्र में प्रासंगिता और गुणवत्ता, समता, पहुँच जैसे अवरोधकों के प्रति ज्ञान के वर्धन में, इसलिए यह विभाग समय–समय पर विभिन्न नीतिगत मुद्दों पर हितधारकों, व्यवहारकर्त्ताओं तथा भारत में शैक्षिक व्यवस्था को प्रमाणित करने वाली जननीति मुद्दों पर चर्चाएं आयोजित करता है। उपरोक्त मुद्दों के साथ शैक्षिक अनुसंधान और शैक्षिक नीति के बीच शैक्षिक संस्थानों में अध्ययन अधिगम और प्रदर्शन के बेहतर लिंकेज को स्थापित करने हेतु यह विभाग अनुसंधान पर बल देता है। अनुसंधान का उद्देश्य केवल शैक्षिक प्रतिभास की जटिलताओं को दर्शाना ही नहीं होता, बल्कि कार्रवाई के लिए संस्तुतियों प्रदान करना भी होता है। समाज में वर्तमान परिवर्तनों और शिक्षा पर इसके प्रभाव को देखते हुए, विभाग समय–समय पर हितधारकों द्वारा आवश्यक कार्रवाई के लिए गुंज–यंत्र के रूप में कार्य करता है। विभाग योजनाकारों प्रशासकों, क्रियान्वयनकर्त्ताओं तथा विद्वानों के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान करता है जिससे कि वे वर्तमान ढांचे, प्रक्रियाओं और भारत में संगठित शिक्षा के सांस्कृतिक संदर्भों पर प्रभावी और नैतिकता से कार्य कर सकें।

विद्यालय एवं अनौपचारिक शिक्षा विभाग

विद्यालय एवं अनौपचारिक शिक्षा विभाग व्यापक रूप से अधिकार–आधारित और समेकित ढांचे के अंतर्गत समग्र स्कूल शिक्षा, अनौपचारिक और प्रौढ़ साक्षरता से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेष बल देता है। यह विभाग बचपन की देखभाल और प्रारंभिक शिक्षा सहित स्कूली शिक्षा के पूरे क्षेत्र को उजागर करना है। इसके अलावा, विभाग के प्रमुख कार्यों में स्कूली शिक्षा, प्रारंभिक बचपन की देखभाल, शिक्षक, अध्यापक प्रशिक्षण आदि क्षेत्रों में केन्द्र और राज्य सरकारों, अन्तरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय संस्थाओं के लिए अनुसंधान और विकास, शिक्षण, प्रशिक्षण और परामर्शी सेवाएं प्रदान करना है।

विभाग भारत में शैक्षिक विकास को सुधारात्मक और अनुभवजन्य आधार प्रदान करने के लिए प्रारंभिक बचपन की देखभाल, शिक्षक और शिक्षक प्रशिक्षण तथा स्कूली शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में शोध अध्ययन करता है। राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर के अधिकारियों के लिये कार्यशालाएं और क्षमता विकास के कार्यक्रम सभी के लिए शिक्षा के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु ज्ञान, क्षमता और कौशल को बढ़ाने के लिए आयोजित करता है। यह विभाग स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में सह–क्रियात्मक संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों के साथ अनुभव और विशेष क्षमताओं को साझा करता है।

यह विभाग संस्थान का एक मुख्य और सबसे पुराना विभाग होने के नाते, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986), कार्यक्रमों का कार्यान्वयन (1992), शिक्षा का अधिकार अधिनियम (2009) और सभी के लिए शिक्षा (स.लि.शि.) व्यावसायिक और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के निर्माण में महत्वपूर्ण व्यावासायिक योगदान दे रहा है। इसके अलावा, विभाग एसएसए, आरएमएसए और केन्द्र प्रायोजित शिक्षक शिक्षा (सीएसटीई) और समग्र शिक्षा के लिए नीतिगत सिफारिशों में भी योगदान दे रहा है।

हाल के वर्षों में, शिक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में, विभाग ने भारत में स्कूली शिक्षा में सुधार के लिए दो राष्ट्रीय कार्यक्रमों 'स्कूल मानक और मूल्यांकन (शाला सिद्धि) और स्कूल नेतृत्व कार्यक्रम' को संस्थागत बनाने का समर्थन किया। इसने अवधारणा, सामग्री विकास और दोनों कार्यक्रमों को सही दृष्टिकोण से लागू करने के लिए 'राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केन्द्र' और 'स्कूल मानक एवं मूल्यांकन एकक' की स्थापना करने की सुविधा प्रदान की।

शैक्षिक परिणामों के इस युग में, शिक्षा की गुणवत्ता, प्रदर्शन में सुधार और स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों पर प्रभावशीलता की मांग में वृद्धि और नीतिगत विचार–विमर्श के केंद्र के रूप में जारी है। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने के लिए जीवन की गुणवत्ता में सुधार और नींव के रूप में शिक्षा की गुणवत्ता को स्वीकारते हुए, विभाग का लक्ष्य है कि स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता, स्कूल प्रभावशीलता और साक्ष्य आधारित सुधार, शिक्षक प्रबंधन और विकास को दीर्घकालिक लक्ष्य के सूचकांक में शामिल करना है। विभाग ने नीपा परिप्रेक्ष्य योजना (2020–2030), राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 और एनईपी 2020: कार्यान्वयन रणनीतियों को अपने फोकस क्षेत्रों के रूप में संरेखित किया है।

विभाग के प्रमुख केन्द्रिक क्षेत्र

1. शिक्षा के प्रति अधिकार–आधारित और समावेशी दृष्टिकोण

भारत सरकार के शिक्षा का अधिकार अधिनियम के केंद्र बिंदु के रूप में, विभाग समावेशी रूपरेखा के भीतर प्री–स्कूल और माध्यमिक स्तर की शिक्षा तक इसके विस्तार के लिए व्यावसायिक सहयोग प्रदान करने का निरंतर प्रयास कर रहा है। शिक्षा का अधिकार ढांचे के भीतर अधिगमकर्ता की विविधता भी विभाग के कार्यों के महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में सतत जारी है।

2. प्रारंभिक बचपन की देखभाल और शिक्षा

एनईपी 2020 में गुणवत्तापरक प्रारंभिक बचपन विकास देखभाल और शिक्षा के लक्ष्य को विद्यालय के लिए तत्परता सुनिश्चित कर वर्ष 2030 तक प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा वर्ष 2025 तक सार्वभौमिक मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक कौशल प्राप्ति पर बल दिया गया है। तदनुसार, यह विभाग योजना प्रबंध और प्रारंभिक बचपन देखभाल और शिक्षा हेतु अनुसंधान और क्षमता विकास के कार्यों में लगा हुआ है क्योंकि यह क्षेत्र प्राथमिक शिक्षा की सबसे कमजोर कड़ियों में से एक रहा है। यह विभाग ईसीसीई क्षेत्र में शासन, प्रबंधन और गुणवत्ता जैसे विषयों का निवारण कर शोध के क्षेत्र का विस्तार करने के साथ–साथ ईसीसीई में नीतियों और प्रथाओं पर पुनर्विलोकन कर रहा है।

3. स्कूल प्रोफाइल तैयार करना, गुणवत्ता और सुधार

प्रभावशीलता और सुधार के संदर्भ में शिक्षा के बदलते परिप्रेक्ष्य में स्कूल की महत्वपूर्ण भूमिका में सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रमुखता दी जा रही है। इस प्रकार, स्कूली शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण पहल से स्कूलों, इसकी गुणवत्ता और सुधार पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पड़ती है। अधिगमकर्त्ताओं के खराब कार्य निष्पादन के कारण स्कूल सुधार के परिप्रेक्ष्य पर अधिक गंभीरता से ध्यान देने का दबाव बढ़ा रहा है। अतः विभाग का मुख्य ध्यान स्कूलों की प्रोफाइलिंग, स्कूल गुणवत्ता सूचकांक के निर्धारण, स्कूल प्रदर्शन मूल्यांकन और गुणवत्ता सुधार के लिए मानक निर्धारण का कार्य निरंतर जारी है। यह स्कूलों की विकासात्मक आवश्यकताओं के मूल तत्व के रूप में स्कूल की जवाबदेही और पारदर्शिता पर भी बल दे रहा है।

4. मानक–निर्धारण और स्कूल प्रदर्शन प्रबंधन

अब मानक निर्धारण और स्कूल प्रदर्शन प्रबंधन को स्कूल की गुणवत्ता के लिए संभावित स्तर समानकर्ता के लिए

उत्तरोत्तर महत्व दिया जा रहा है। स्कूलों में बदलाव के लिए स्कूल कार्य निष्पादन प्रबंध और गुणवत्ता आश्वासन हेतु मानक निर्धारण को अहम माना जा रहा है। स्कूलों के कार्य निष्पादन स्तर की रूपरेखा तैयार करने में मापन बिन्दु के रूप में या एक पैमाने के रूप रूप में स्कूल मानकों का प्रयोग किया जा सकता है। राष्ट्रीय स्तर पर मानक समुच्चय जिसे पूरे देश में सभी स्कूलों को अनिवार्यतः पालन करना चाहिए, इस तर्क पर आधारित है कि राष्ट्रीय मानकः– 1. सभी स्कूलों, या शिक्षा प्रणाली की प्रत्याशा का स्तर बढ़ेगा। 2. इससे यह आश्वासन मिलेगा कि सभी छात्र राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि को प्राप्त करें 3. समुन्नत शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया और स्कूली शिक्षा प्रथाओं के माध्यम से बेहतर जवाबदेही सुनिश्चित होगी। स्कूल मानक और मूल्यांकन पर राष्ट्रीय कार्यक्रम (शाला सिद्धि) के माध्यम से इन निर्देशों में महत्वपूर्ण प्रयास किए गए हैं। अतएव, यह इस विभाग के मुख्य केन्द्र वाले क्षेत्रों में से एक के रूप में सतत जारी रहेगा।

5. व्यावसायिक मानक, शिक्षक प्रबंधन और विकास

शिक्षक प्रबंधन और विकास की केंद्रीयता को गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा एवं स्कूल प्रभावशीलता के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रमुख संकेतकों में से एक माना जाता है। भारत और विश्व स्तर पर किए गए हालिया शोध से पता चला है कि शिक्षक प्रभावशीलता छात्रों के अधिगम का सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्कूल–आधारित भावी सूचक है। शिक्षक की गुणवत्ता को मोटे तौर पर तीन प्रारूपों में विभक्त किया जा सकता है–आपूर्ति और मांग के विषय; शिक्षकों की तैयारी और अत्यधिक क्षमता वाले शिक्षकों का प्रतिधारण। अध्यापकों की उभरती हुई भूमिका के सदंर्भ में, उनकी शैक्षणिक सूझबूझ, अध्यापन का अभ्यास, उनके कार्यकरण का संदर्भ और शैक्षिक हितधारकों के साथ उनके संबंध, शिक्षक प्रबंधन और विकास की वास्तविकताओं के बारे में गहन समझ और जांचने की आवश्यकता बढ़ जाती है। योग्य शिक्षकों की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए, विभाग राष्ट्रीय स्तर के विमर्शों तथा प्राथमिक और माध्यमिक दोनों स्तरों पर शिक्षक प्रबंधन विषय के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा और शोध अध्ययन कार्यों में अनवरत लगा हुआ है। इस प्रकार अनुसंधान कार्य को जारी रखते हुए, शोध और विकास के क्षेत्र में शिक्षक प्रभावशीलता और सुधार, शिक्षक कार्य निष्पादन प्रबंधन और मूल्यांकन, शिक्षक जवाबदेही और आचार संहिता तथा शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास को भी इसमें शामिल किया जायेगा।

6. शिक्षक शिक्षा का शासन और प्रबंधन

पिछले एक दशक के दौरान शिक्षक शिक्षा प्रणाली पाठ्यचर्या सुधार के माध्यम से अपने कार्यक्रम की गुणवत्ता में सुधार करने तथा इसकी अवधि, इसके प्रतिमान और मानक इत्यादि की समयावधि संबंधी कानूनी सिफारिशों को लागू करने के लिए संघर्षरत है। आज के परिणाम–आधारित वातावरण में, शिक्षक शिक्षा कार्यक्रमों को निरंतर साक्ष्य देने की आवश्यकता है कि उनके कार्यक्रम की प्रक्रियाएं जवाबदेही, प्रभावी और वर्तमान और भावी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रासंगिक होने के लिए मूल्यवर्धित हैं। यह विभाग नीति निर्माण, शिक्षक शिक्षा और विकास हेतु योजना निर्माण में सार्थक योगदान दे रहा है। इस विभाग ने शिक्षक शिक्षा की केन्द्र प्रायोजित योजना के मूल्यांकनात्मक अध्ययन अवधि में शिक्षक शिक्षा नीति निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। शिक्षक और शिक्षण संबंधी राष्ट्रीय मिशन पर जे.एस. वर्मा समिति की रिपोर्ट जो शिक्षक शिक्षा और मिशन (पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक और शिक्षण योजना) का विकास इस विभाग और नीपा द्वारा महत्वपूर्ण नीतिगत हस्तक्षेप रहे हैं। शिक्षक शिक्षा में शासन, विनियमन और गुणवत्ता आश्वासन अनुसंधान और विकास के लिए उपेक्षित क्षेत्र रहा है। इस परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, विभाग शिक्षक शिक्षा में बदलाव लाने के लिए उचित नीतिगत दृष्टिकोण प्रदान करने के लिए अनुसंधान, विकास और राष्ट्रीय विचार–विमर्श पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

7. स्कूल नेतृत्व

स्कूल की गुणवत्ता में परिवर्तन और रूपांतरण तथा छात्रों के कार्य निष्पादन को बढ़ाने के लिए प्रबंधन और स्कूल नेतृत्व की भूमिका को भारत के नीतिगत चर्चाओं में महत्व दिया जा रहा है। तदनुसार, पूर्व में यह विभाग नेतृत्व विकास कार्यक्रम और विभिन्न राज्यों द्वारा संस्थागत बनाने के लिए स्कूल नेतृत्व रूपरेखा के मध्य विद्यमान अंतराल का लेखाजोखा तैयार करने में लगा हुआ था। इस विभाग ने यूकेईआरआई द्वारा वित्त पोषित परियोजना में नेशनल कॉलेज ऑफ स्कूल लीडरशिप, नॉटिंघम के निकट सहयोग से भी अपना योगदान दिया और नीपा

में स्कूल नेतृत्व केंद्र की स्थापना करने में सहयोग प्रदान किया। इस केंद्र की परिप्रेक्ष्य योजना अलग से तैयार की गई है। यह विभाग, अपने प्रयास को जारी रखते हुए, 'शिक्षक नेतृत्व' को केंद्र स्तर पर लाकर 'शैक्षिक नेतृत्व' पर ध्यान केंद्रित करेगा।

8. कोविड–19 के दौरान शिक्षा और सुरक्षित स्कूल

स्कूल परिवर्तन की महत्वपूर्ण शिक्षाशास्त्रीय युक्ति के रूप में सुरक्षित स्कूल की महत्ता को ध्यान में रखकर यह विभाग प्रशिक्षण सामग्री, क्षमता निर्माण और विभिन्न हितधारकों में नए सिरे से सूझबूझ उत्पन्न करने के लिए विचार–विमर्श विकसित करने में लगा है। विभाग ने स्कूली शिक्षा और कोविड–19 विषय पर राष्ट्रीय परामर्शदात्री बैठक का भी आयोजन किया।

विभाग ने नीपा की 'परिप्रेक्ष्य योजना' से फोकल क्षेत्रों को दीर्घावधि, मध्यम और अल्पकालिक रणनीतियों और नई शिक्षा नीति 2020 के रूप में तैयार किया है। यद्यपि यह विभाग सदैव विभिन्न अंतरराष्ट्रीय लक्ष्यों जैसे ईएफए, एमडीजी और एसडीजी द्वारा की गई सिफारिशों का पालन कर रहा है। तथापि कार्यक्रमों को सरकार की तात्कालिक आवश्यकता और रूपांतरकारी एजेण्डा के रूप में आपनाए जाने का प्रस्ताव है, ताकि शिक्षा के परिणामों में गुणवत्तापरक सुधार हो सके और सभी सामाजिक–आर्थिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के अधिगमकर्ताओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके।

उच्चतर एवं व्यावसायिक शिक्षा विभाग

यह उच्च और व्यावसायिक शिक्षा की नीति, योजना और प्रबंधन से जुड़े आयामों में संलग्न है। यह उच्च और व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण और निजीकरण, गुण्वत्ता, शासन, वित्त पर अनुसंधान को बढ़ावा देता है। विभाग संस्थागत प्रमुखों, विश्वविद्यालयों और राज्य के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और कार्यशालाएं संचालित करता है। विभाग उच्च और व्यावसायिक शिक्षा की नीतिगत योजनाओं और कार्यान्वयन एजेंसियों को तकनीकी और पेशेवर परामर्श प्रदान करता है। अपने अस्तित्व में आने के साथ ही विभाग मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार को लगातार अनुसंधान सहायता और नीतिगत सलाह प्रदान करता रहा है। विभाग में डब्ल्यूटीओ सेल ने अनुरोधों का विश्लेषण करने और गैट्स के तहत भारत के प्रस्तावों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विभाग ने उच्च शिक्षा में अंतर्राष्ट्रीयकरण के विभिन्न आयामों का अध्ययन किया और उस पर चर्चा और प्रसार करने के लिए सेमिनार आयोजित किए। यह विभाग उच्चतर शिक्षा के लिये विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं को अंतिम रूप देने में सहयोग करता रहा है। यह विभाग विशेषज्ञों, विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, संकायाध्यक्षों, कुलसचिवों अकादमिक स्टाफ कॉलेज के निदेशकों और कॉलेज प्राचार्यों के लिए सम्मेलन और संगोष्ठियों के आयोजन में यू.जी.सी. का सहयोग करता रहा है। इस विभाग ने कार्य निष्पादन आधारित उच्चतर शिक्षा पर विश्व सम्मेलन आयोजित करने हेतु यूनेस्को क्षेत्रीय सम्मेलन के आयोजन और भारतीय उच्चतर शिक्षा में कार्य निष्पादन आधारित वित्त पोषण पर योजना आयोग – विश्व बैंक प्रायोजित संगोष्ठी के आयोजन में भी सहयोग किया है। वार्षिक कार्यक्रमों के अंतर्गत यह विभाग विभिन्न श्रेणियों के कॉलेज प्राचार्यों के लिये नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। विभाग विश्वविद्यालयों तथा कालेजों को उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच के विभिन्न आयामों तथा अकादमिक सुधार पर संगोष्ठियां आयोजित करने में अकादमिक समर्थन प्रदान करता है। विभाग शैक्षणिक कार्यक्रम– एम.फिल. तथा पीएच.डी. कार्यक्रमों के शोधार्थियों और दो डिप्लोमा प्रोग्राम नामतः इंटरनेशनल डिप्लोमा इन एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन (आईडेपा) और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन (पीजीडेपा) का अतिरिक्त शोध निर्देशन कर रहा है। विभाग एम.फिल., पीएच.डी., आईडीईपीए और पीजीडीईपीए कार्यक्रमों के शोधार्थियों का उनके शोध प्रबंधों पर पर्यवेक्षण करता रहा है।

विभाग के सदस्य उच्च शिक्षा के कई महत्वपूर्ण और सार्थक पहलुओं पर लगातार शोध कर रहे हैं जैसे 'महाविद्यालयों में स्व–वित्तपोषित पाठ्यक्रम', 'भारत में विदेशी शिक्षा प्रदाता', 'वंचित युवाओं के लिए उच्च शिक्षा के विकल्प और अभिनव रूप', 'विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षकों की गतिशीलता', 'भारतीय विश्वविद्यालयों में विदेशी छात्र', 'भारत में निजी विश्वविद्यालय', 'दक्षिण एशिया में रोजगार के लिए कौशल', 'उच्च शिक्षा में स्वायत्तता', 'बिहार और अन्य राज्यों में उच्च शिक्षा का अभिशासन', 'भारतीय स्नातक महाविद्यालयों में

पुस्तकालय सुविधाएं और छात्रों के अकादमिक प्रदर्शन पर इसका प्रभाव', 'यूजीसी छात्रवृत्ति मूल्यांकन', 'यूजीसी यात्रा अनुदान का मूल्यांकन' और 'कोविड–19 और उच्च शिक्षा' और 'उच्च शिक्षा में नेतृत्व'।

शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली विभाग

शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली विभाग शोध और क्षमता विकास संबंधित कार्यों के साथ–साथ भारत सहित विश्व के विभिन्न देशों की शिक्षा का आंकड़ा आधारित प्रबंधन सूचना प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए तकनीकी परामर्श देता है। यह विभाग भारत में प्रारंभिक शिक्षा की प्रबंधन सूचना प्रणाली (एम आई एस) और आंकड़ा आधार को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। विभाग मानव संसाधन विकास मंत्रालय और यूनीसेफ के सहयोग से जिला शिक्षा सूचना प्रणाली (डाइस) का प्रबंधन करता है। इसके अलावा यह विभाग शैक्षिक सांख्यिकी के मुद्दों और शिक्षा के समकालीन मुद्दों पर सम्मेलन/संगोष्ठियां और शैक्षिक योजना में मात्रात्मक विधियों पर कार्यशालाएं/प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है और सांख्यिकी तथा शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली पर बल देते हुए परामर्श प्रदान करता है। विभाग के संकाय सदस्य मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा स्कूल शिक्षा सांख्यिकी की एकीकृत प्रणाली के निर्माण हेतु गठित विशेषज्ञ समिति में सक्रिय रूप से शामिल हैं। तद्नुसार स्कूल शिक्षा सांख्यिकी की एकीकृत प्रणाली की दिशा में वर्ष 2012–13 से देशभर में समान आंकड़ा प्रपत्र में पहले कदम के रूप में डाइस और सेमीस का समेकित आंकड़ा संगृहित किया गया है। वर्ष 2015–16 के दौरान स्कूल शिक्षा प्रदान कर रहे 1.5 मिलियन स्कूलों से आंकड़ा एकत्र किए गए।

इस विभाग द्वारा आयोजित कुछ कार्यक्रमों/संगोष्ठियों/कार्यशालाओं के विषय में एजुसेट द्वारा डाइस पर संवेदनशीलता कार्यक्रम, शैक्षिक शोध में डाइस आंकड़ों का उपयोग और स्कूल शिक्षा सांख्यिकी की एकीकृत प्रणाली आदि शामिल हैं। यह विभाग विकासशील देशों के लिए ईएमआईएस पर सुनियोजित पाठ्यक्रम के साथ–साथ पीजीडेपा के भाग के रूप में शैक्षिक योजना में मात्रात्मक विधि पर पाठ्यक्रम का अध्यापन करता है। विभाग का संकाय ईएमआईएस और स्कूली शिक्षा से संबंधित पक्षों पर भारत सरकार के साथ–साथ राज्य सरकारों को परामर्शकारी सेवाएं प्रदान करता है।

शिक्षा में प्रशिक्षण एवं व्यावसायिक विकास विभाग

विभाग शैक्षिक प्रशासकों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ध्यान केंद्रित करता है। कार्यक्रम प्रेरण और प्रौन्नत स्तर पर प्रशिक्षुओं की जरूरतों के आधार पर तैयार किए गए हैं। यह विभाग प्रशिक्षुओं को देश और विश्व स्तर पर चल रहे शैक्षिक सुधारों के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों और नीतियों को स्पष्ट करने में मदद करता है। इसको प्राप्त करने के लिए विभाग दो डिप्लोमा कार्यक्रम आयोजित करता है एक राष्ट्रीय और दूसरा अंतरराष्ट्रीय शिक्षा कर्मियों के लिए। राष्ट्रीय स्तर पर एक मॉड्यूलर पाठ्यक्रम – शैक्षिक योजना और प्रशासन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडेपा) और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शैक्षिक योजना और प्रशासन में अंतर्राष्ट्रीय डिप्लोमा (आईडेपा) सालाना आयोजित करता है और इन दोनों कार्यक्रमों की व्यापक मांग है। इसके अलावा, विभाग 2016 से विशेष रूप से मध्यम स्तर के शैक्षिक प्रशासकों के लिए अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम (आईपीईए) के लिए सालाना एक महीने का अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम भी आयोजित करता है।

वर्ष 1982–83 से देश में केवल नीपा में ही शैक्षिक योजना और प्रशासन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडेपा) उपलब्ध कराया जा रहा है और यह इस संस्थान के विशिष्ट पाठ्यक्रमों में से एक है। पीजीडेपा की परिकल्पना बारह महीने के प्रशिक्षण कार्यक्रम के रूप में की गई थी जिसे संयुक्त विधि (द्वि–विधि) से उपलब्ध कराया जाता है। इस कार्यक्रम में पूरे भारत के विभिन्न शिक्षा विभागों के शैक्षणिक प्रशासक यथा निदेशालय, एससीईआरटी, सीमैट, डाईट, डी.ई.ओ, भारतीय वायु सेना, भारतीय नौ सेना इत्यादि के अधिकारीगण भाग लेते हैं और वे अपने–अपने संगठनों का प्रतिनिधित्व करते हैं। वर्ष 2022–23 के दौरान विभिन्न संगठनों के सत्रह प्रतिभागीगण और आठ राज्यों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। अब तक नीपा ने शैक्षणिक प्रशासकों की संहति के रूप में लगभग कुल 950 प्रतिभागियों को यह डिप्लोमा प्रदान किया है जो देश के विभिन्न राज्यों के शिक्षा विभागों में सेवारत हैं।

शैक्षिक योजना और प्रशासन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडेपा)

इस संस्थान में शैक्षिक योजना और प्रशासन के क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडेपा) पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है क्योंकि पूरे देश में इस कार्यक्रम की अधिक मांग है। कुछ राज्य के शिक्षा विभाग इस डिप्लोमा को अपने राज्यों में सेवारत शिक्षा अधिकारियों की पदोन्नति के लिए अनिवार्य पूर्व अपेक्षा मानते हैं। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण लेने वाले अधिकारी जिस विभाग का प्रतिनिधित्व करते हैं उनकी प्रशिक्षण संबंधी अपेक्षाओं का पूर्णतः ध्यान रखा जाता है। जैसेः एससीईआरटी/सीमैट/डाइट और राज्य सरकारों में सेवारत शिक्षा निदेशालयों के जिला शिक्षा अधिकारी/ब्लॉक शिक्षा अधिकारी इत्यादि। एक वर्षीय पीजीडेपा कार्यक्रम दीर्घावधिक गहन कार्यक्रम है ताकि देश में (1) प्रतिभागियों को शैक्षिक योजना और प्रबंधन का मूलभूत संकल्पनाओं की जानकारी देकर; (2) प्रतिभागियों को शैक्षिक प्रशासन में उन्नत निर्णय लेने के लिए योजना और प्रबंधन कौशल विकसित करने में सक्षम बनाकर; और (3) शैक्षिक कार्यक्रमों और परियोजनाओं की निगरानी और मूल्यांकन में प्रतिभागियों की क्षमता विकसित कर देश में व्यावसायिक रूप से प्रशिक्षित प्रशासकों के एक संवर्ग का निर्माण सुनिश्चित किया जा सके।

पीजीडेपा कार्यक्रम का अभिकल्प तैयार करते समय मूलभूत सरोकार इस बात को लेकर था कि यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रतिभागियों को नीपा में तीन महीने से अधिक की अवधि तक नहीं ठहरना पड़े और वे अपने स्वयं के कार्यस्थल पर अधिगम प्राप्त कर सकें। तदनुसार, स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्ति के लिए बारह महीने के कार्यक्रम संयुक्त विधि में उपलब्ध कराया जाना अभिकल्पित है। हालाँकि, कई शिक्षा विभागों को दीर्घ अवधि के कार्यक्रम के लिए अपने अधिकारियों को भेजने में होने वाली कठिनाई के दृष्टिगत पीजीडेपा की योजना इस तरह से तैयार गई है कि कार्यक्रम का आमने–सामने और आवासीय अध्ययन की अवधि तीन महीने से अधिक न हो। इसमें प्रतिभागियों के कार्यस्थल पर प्रारंभिक चरण, नीपा में फेस–टू–फेस (आमने–सामने), कार्यस्थल पर परियोजना चरण, मुक्त और दूरस्थ अधिगम के माध्यम से उन्नत पाठ्यक्रमों का संचालन और नीपा में सेमिनार–सह–कार्यशाला विधि से परियोजना कार्य प्रस्तुति की व्यवस्था की गई है। 9वां पीजीडेपा का संचालन सितंबर 2022 से जुलाई 2023 तक आयोजित किया गया जिसमें 8 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र/संगठनों के 17 प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में सफलतापूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का संचालन और समन्वयन शिक्षा में प्रशिक्षण एवं व्यावसायिक विकास विभाग द्वारा किया गया।

शैक्षिक योजना और प्रशासन में अंतर्राष्ट्रीय डिप्लोमा (आईडेपा)

नीपा में वरिष्ठ और मध्यम स्तर के शैक्षिक नीति निर्धारक, योजनाकारों और प्रशासकों के लिए प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों के लिए शैक्षिक योजना और प्रशासन अंतर्राष्ट्रीय डिप्लोमा (आईडेपा) उपलब्ध कराया जाता है। वर्ष 1983 में यूनेस्को के साथ भारतीय राष्ट्रीय आयोग द्वारा आयोजित एशियाई देशों की उप–क्षेत्रीय बैठक की सिफारिशों के बाद वर्ष 1985 में आईडेपा का शुभारम्भ किया गया था। राष्ट्रीय संस्थान ने 36वें ऐसे वार्षिक आईडेपा कार्यक्रमों को विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के आईटीईसी प्रभाग के सहयोग से सफलतापूर्वक पूरा किया है। अब तक, अफ्रीका, पूर्वी यूरोप, मध्य एशिया, पश्चिम एशिया, दक्षिण और दक्षिण–पूर्व एशिया, लैटिन अमेरिका और प्रशांत क्षेत्रों के 95 देशों के कुल 953 प्रशिक्षुओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया है। शैक्षिक प्रशासकों के लिए यह अंतर्राष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम नीपा के सर्वाधिक लोकप्रिय डिप्लोमा कार्यक्रमों में से एक है जो विश्व के लगभग 95 देशों तक अपनी पहुंच रखता है।

शैक्षिक प्रशासकों के लिए अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम (आईपीईए)

शैक्षिक प्रशासकों के लिए अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम (आईपीईए) एक अल्पकालिक विशेषकृत कार्यक्रम है जिसकी संकल्पना अधिकांश शैक्षिक पदाधिकारियों के दीर्घकालिक कार्यक्रम में भाग लेने में उनकी कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। यह चार सप्ताह का पैकेज्ड कार्यक्रम है जो क्षमता निर्माण की

तात्कालिक आवश्यकता को पूरा करता है और शैक्षिक प्रशासकों को पुनः सक्रिय करता है ताकि वे स्वदेश लौटने पर चुनौती के रूप में सफल कार्य निष्पादन कर सकें। अब तक चार कार्यक्रम पूरे हो चुके हैं और इस कार्यक्रम में 26 देशों के कुल 75 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया है।

विभाग की अनुसंधान परियोजनाएं (जारी)

प्रोफेसर बी.के. पंडा और डा. मोना सेदवाल द्वारा प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं को चिह्नांकित करने के लिए वर्तमान और भविष्य की तुलना में शैक्षिक प्रशासकों की भूमिका और उनके कार्यों की गहन जांच करने के लिए एक अध्ययन किया गया है। इस अध्ययन के तीन प्रतिवेदनों की योजना बनाई गई है जिनमें विभिन्न विषय सन्निहित हैं:

- **प्रथम शोध विषयः** भविष्यगत प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं की पहचान के लिए शैक्षिक प्रशासकों की भूमिका और कार्यों पर अध्ययन।
- **द्वितीय शोध विषय** : शैक्षिक प्रशासकों का क्षमता विकास– अध्ययन पूरा हो गया है, और इसे प्रस्तुत किया गया है।
- **तीसरा शोध विषयः** शिक्षा अधिकारियों की क्षमता विकास संबंधी आवश्यकताओं का अध्ययन जारी है।

शोध परियोजना से संबंधित जिला स्तर के शैक्षणिक प्रशासकों के साथ कार्यशालाएं आयोजित की गई।

1. 26 जून, 2022 को गूगल मीट के माध्यम से पुडुचेरी के जिला स्तर के शैक्षिक प्रशासकों के साथ एक ऑनलाईन कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बारह शैक्षणिक प्रशासकों ने भाग लिया।
2. 15 अक्तूबर, 2022 को गूगल मीट के माध्यम से, महाराष्ट्र के जिला स्तरीय शैक्षिक प्रशासकों के साथ एक ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें अठारह शैक्षिक प्रशासकों ने भाग लिया।
3. 18 दिसंबर, 2022 – जूम मीट के माध्यम से, असम के जिला स्तरीय शैक्षिक प्रशासकों के साथ एक ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें पंद्रह शैक्षिक प्रशासकों ने भाग लिया।

विशेष पीठ

मौलाना अबुल कलाम आज़ाद पीठ

2010 से प्रत्येक वर्ष, मौलाना अबुल कलाम आजाद, भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री की जयंती मनाने के लिए, 11 नवंबर को मौलाना आजाद स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसे राष्ट्रीय शिक्षा दिवस की संज्ञा दी गई है। 2022–23 के दौरान, नीपा द्वारा 11 नवंबर, 2022 को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया गया और स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज, जेएनयू, नई दिल्ली के निवर्तमान प्रोफेसर, प्रो. अविजीत पाठक द्वारा इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में 13वां मौलाना आजाद स्मृति व्याख्यान दिया। उनके व्याख्यान का शीर्षक था ''संवाद और सुनने की कलाः हमारी कक्षाओं पर पुनर्विचार''। उन्होंने 'संरचनात्मक बाधाओं से आगे बढ़कर अपनी एजेंसी को पुनः प्राप्त करने के लिए अधिगम प्राप्त करने के मार्ग में आने वाले आघात का सामना करते हुए प्रगति के पथ पर अग्रसर होने की वकालत करते हुए प्रयोगात्मक शिक्षार्थियों के रूप में अपनी छिपी हुई क्षमता पर विश्वास करने; संभावनाओं की कला को आत्मसात करने और आशा शिक्षाशास्त्र के साथ प्रयोग करने का साहस जुटाने के लिए उद्बोधन किया। बड़ी संख्या में छात्रों, शिक्षकों और शिक्षाविदों ने व्याख्यान में भाग लिया।

राष्ट्रीय अध्येता

नीपा के पास शैक्षिक योजना और प्रशासन के क्षेत्र में अपनी गतिविधियों का समर्थन और विस्तार करने के लिए राष्ट्रीय अध्येताओं की नियुक्ति का प्रावधान है। इस पद के लिए प्रसिद्ध विशेषज्ञों और शिक्षाविदों को नियुक्त किया जाता है। वे अपने विविध अनुशासनात्मक दृष्टिकोण अपने साथ लाते हैं और नीति, योजना, प्रशासन और वित्त पर बहु–विषयक और समग्र परिप्रेक्ष्य विकसित करने में योगदान देते हैं। इनकी नियुक्ति एक निश्चित अवधि के लिए की जाती है। अतीत में कई विशेषज्ञ इस पद पर कार्य कर चुके हैं। वर्तमान में पद रिक्त हैं और विशेषज्ञता के वांछित क्षेत्रों में विशेषज्ञों की उपलब्धता के आधार पर जल्द ही भरे जाने की संभावना है।

केंद्र

राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केंद्र

- 'नई शिक्षा नीति–2020 के तहत एसईडीजी के लिए विशेष शिक्षा क्षेत्रों का संचालनः कार्यान्वयन चुनौतियां और मार्ग' पर ऑनलाइन राष्ट्रीय कार्यशाला, 29–31 अगस्त, 2022, नीपा, नई दिल्ली।
- 'स्कूल शिक्षा में नई शिक्षा नीति–2020 के कार्यान्वयन – स्थिति, मुद्दे और मार्ग' पर ऑनलाइन राष्ट्रीय कार्यशाला, 9–10 नवंबर, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- 'नई शिक्षा नीति–2020 के कार्यान्वयन (स्कूल शिक्षा) – स्थिति, मुद्दे और मार्ग' पर राष्ट्रीय कार्यशाला (मिश्रित), 5–6 दिसंबर, 2022, आमने–सामने माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- 'सामाजिक विज्ञान और मानविकीः हिंदी में विचार–विमर्श और अकादमिक लेखन' पर कार्यशाला, 12–13 दिसंबर, 2022, आमने–सामने माध्यम, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय।
- 'उच्च शिक्षा में लैंगिक मुद्दे' पर कार्यशाला, 30–31 जनवरी, 2023, आमने–सामने माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- 'आरटीई और एनईपी–2020 के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों' के लिए ऑनलाइन कार्यशाला, 1–3 फरवरी, 2023, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- ''शैक्षिक नीति निर्माण संरचनाएं और प्रक्रियाएं' पर अभिविन्यास कार्यक्रम, 20–24 मार्च, 2023, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- ''नृवंशविज्ञान दृष्टिकोण विकास नीति' पर नीति आयोग–नीपा सहयोगात्मक कार्यशाला, 22–23 मार्च, 2023, नीति–आयोग, नई दिल्ली।

- 'भारत में शहरी सीमांतता, सामाजिक नीति और शिक्षाः युवा और शिक्षा पर विशेष केन्द्रित' विषय पर सेमिनार, 27–28 मार्च, 2023, सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय, पुणे, महाराष्ट्र।

विद्यालय एवं अनौपचारिक शिक्षा विभाग

- 'पीएम पोषण कार्यान्वयन की स्थिति' पर ऑनलाइन सलाहकार बैठक, 6 सितंबर, 2022, नीपा, नई दिल्ली।
- भारत में 'सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 योजना का मूल्यांकन अध्ययन' पर ऑनलाइन परामर्श बैठक, 29–30 सितंबर, 2022, नीपा, नई दिल्ली।
- 'शैक्षिक प्रशासकों और शिक्षक प्रशिक्षकों की दक्षताओं को बढ़ाने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी के एकीकरण' पर राष्ट्रीय कार्यशाला, 1–3 दिसंबर, 2022, आमने–सामने माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- ''भारत में पीएम पोषण योजना का एक मूल्यांकन अध्ययन', 12–13 दिसंबर, 2022, आमने–सामने माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- 'भारत में सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 योजना का मूल्यांकन अध्ययन', 19–20 दिसंबर, 2022, आमने–सामने माध्यम, नीपा, नई दिल्ली
- 'स्कूल शिक्षा में सार्वजनिक नीतियों को तैयार करने में संकेतकों का उपयोग' पर कार्यक्रम, 20–24 मार्च, 2023, आमने–सामने माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- ''स्कूल की तैयारियों पर विशेष बल देने के साथ भारत में स्कूलों को फिर से खोलने और स्कूल की भागीदारी तथा अधिगम में सुधार'' पर कार्यशाला, 16–20 जनवरी, 2023, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।

- 'प्रारंभिक शिक्षा में मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता का प्रबंधनः पूर्वोत्तर राज्यों के लिए आगे का मार्ग' पर कार्यशाला, 27–28 फरवरी, 2023, आमने–सामने माध्यम, नीपा, नई दिल्ली
- 'भारत में सार्वभौमिकरण और गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक बचपन देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) के अभिशासन और प्रबंधन' पर राष्ट्रीय कार्यशाला, 23–24 मार्च, 2023 जयपुर, राजस्थान।

उच्चतर एवं व्यावसायिक शिक्षा विभाग

- 'शिक्षा, विकास और असमानताएँ' पर पूर्व छात्र संगोष्ठी, 20 अक्टूबर, 2022, आमने–सामने माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- विश्वविद्यालयों के संकायाध्यक्षों/प्रमुखों के नेतृत्व पर विकास कार्यशाला, 23–25 नवंबर, 2022, आमने–सामने माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- महाविद्यालय प्राचार्यों के लिए नेतृत्व विकास, 28 नवंबर–2 दिसंबर, 2022, आमने–सामने माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- पूर्वोत्तर के महाविद्यालय प्राचार्यों के लिए नेतृत्व विकास पर अभिविन्यास–सह–कार्यशाला, 20–24 मार्च, 2023 गौहाटी विश्वविद्यालय, गुवाहाटी में।
- 'वैश्विक शिक्षक शिक्षा नीतियों और नवोन्मेष' पर अंतर्राष्ट्रीय सहयोगात्मक कार्यशाला, 9–12 जनवरी, 2023, आमने–सामने माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।

शिक्षा में प्रशिक्षण एवं व्यावसायिक विकास विभाग

- 8वां शैक्षिक योजना और प्रशासन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडेपा) – चरण IV, 25 अप्रैल, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।

- 8वां शैक्षिक योजना और प्रशासन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीईपीए) – चरण V (ए), 6 मई, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- 8वां शैक्षिक योजना और प्रशासन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीईपीए) – चरण VI, 4–8 जुलाई, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- 9वां शैक्षिक योजना और प्रशासन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीईपीए) – चरण I, 1–31 अगस्त, 2022 (कार्य स्थल पर प्रारंभिक चरण), नीपा, नई दिल्ली।
- 9वां शैक्षिक योजना और प्रशासन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीईपीए) – चरण II, 1 सितंबर–30 नवंबर, 2022, आमने–सामने माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- 9वां शैक्षिक योजना और प्रशासन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीईपीए) – चरण III (परियोजना कार्य), 1 दिसंबर, 2022–31 मार्च, 2023 (कार्य स्थल पर)।
- शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुखों के लिए संस्थागत योजना और प्रबंधन पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम, 16–29 अगस्त, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुखों के लिए संस्थागत योजना प्रबंधन पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम, 7–20 दिसंबर, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।

राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केंद्र (एन.सी.एस.एल.)

क्षेत्रीय भाषा में विद्यालय नेतृत्व और प्रबंधन पर ऑनलाइन कार्यक्रम का शुभारंभ (बुनियादी स्तर)

- विद्यालय नेतृत्व और प्रबंधन (तेलुगु) के ऑनलाइन कार्यक्रम का शुभारंभ, 7 अप्रैल, 2022, नीपा, नई दिल्ली।
- विद्यालय नेतृत्व और प्रबंधन (गुजराती) के ऑनलाइन कार्यक्रम का शुभारंभ, 27 अप्रैल, 2022 नीपा, नई दिल्ली।
- स्कूलों में अधिगम अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देनाः नेतृत्व हस्तक्षेप, 6 मई, 2022।
- जीएमएसएसएसएस, फरीदाबाद, हरियाणा में अधिगम नेतृत्व, 13 मई, 2022।
- स्कूल सुधार के लिए अग्रणी नवाचार, 20 मई, 2022।

- शैक्षणिक नेतृत्व पर आधारित अधिगम की रूपरेखा तैयार करना, 27 मई, 2022।
- मिजोरम में सामुदायिक जुड़ाव को मजबूत करने के लिए नेतृत्व, 3 जून, 2022।
- शिक्षाशास्त्रीय नेतृत्व पर आधारित अधिगम हेतु एक रूपरेखा बनाना, 10 जून, 2022।
- महामारी के दौरान शिक्षण और अधिगम में अग्रणीः आंध्र प्रदेश के एक प्राथमिक विद्यालय का मामला, 17 जून, 2022।

- हितधारकों के साथ स्कूल सुधार के लिए साझेदारीः स्कूल प्रबंधन समिति की भूमिका, 24 जून, 2022।
- स्कूल प्रशासन में अग्रणी नवाचार, 1 जुलाई, 2022।
- पूर्वोत्तर में अग्रणी स्कूलः चुनौतियाँ और अवसर, 8 जुलाई, 2022।
- अग्रणी स्कूल–सामुदायिक साझेदारीः गुजरात में एक प्राथमिक विद्यालय का मामला, 15 जुलाई, 2022।
- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए माध्यमिक विद्यालय का परिवर्तनः प्रमुख की भूमिका, 22 जुलाई, 2022।
- विद्यालय परिवर्तन के लिए एक महत्वपूर्ण प्रभाव के रूप में जिला नेतृत्वः डाईट की भूमिका, 29 जुलाई, 2022।
- नागालैंड के माध्यमिक विद्यालयों में कौशल आधारित शिक्षा के लिए नेतृत्व, 5 अगस्त, 2022।
- उत्तरदायी स्कूल नेतृत्वः असम के चार क्षेत्रों पर केन्द्रित, 12 अगस्त, 2022।
- गुजरात के सरकारी प्राथमिक विद्यालय में अनुभवात्मक शिक्षा के लिए अग्रणी नवाचार, 19 अगस्त, 2022।
- अग्रणी छोटे स्कूलः राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बगहार, शिमला का एक केस अध्ययन, 26 अगस्त, 2022।
- राजकीय माध्यमिक विद्यालय, पश्चिम बंगाल में ड्रॉपआउट छात्रों को रोकने के लिए नेतृत्व अभ्यास, 2 सितंबर, 2022।
- विद्यालयों में संगठनात्मक नागरिकता व्यवहारः एक नेतृत्व परिप्रेक्ष्य, 9 सितंबर, 2022।
- विद्यालय परिवर्तन के लिए अग्रणी शिक्षण अधिगमः पंजाब में एक माध्यमिक विद्यालय का केस अध्ययन, 16 सितंबर, 2022।
- विद्यालय नेतृत्व अकादमियों द्वारा स्कूल नेतृत्व विकास के लिए परिप्रेक्ष्य योजना, 17 सितंबर, 2022।
- मणिपुर के एक राजकीय स्कूल में सामुदायिक भागीदारी के लिए नेतृत्व, 23 सितंबर, 2022।
- लीडर्स हू मॉडल, 30 सितंबर, 2022।
- झारखण्ड का विद्यालय, 4 नवंबर, 2022।
- लैंगिक समावेशिता के लिए नेतृत्वः राजस्थान के रेगिस्तानी इलाके में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का अध्ययन, 11 नवंबर, 2022।
- केरल में सरकारी सहायता प्राप्त प्राथमिक विद्यालय में अग्रणी नवाचार, 18 नवंबर, 2022।
- स्कूल नेतृत्व विकास पर पदचिन्ह बनाने में एसआरजी की भूमिकाः उत्तर प्रदेश का अध्ययन, 25 नवंबर, 2022।
- स्कूलों परिवर्तन के लिए नेतृत्वः उत्तराखंड में प्राथमिक विद्यालय का अध्ययन, 2 दिसंबर, 2022।
- उत्तराखंड में जी.आई.सी. में छात्रों के अधिगम सुधार के लिए नेतृत्व, 9 दिसंबर, 2022।
- जम्मू और कश्मीर में उज्ज्वल भविष्य के लिए छात्र दक्षता विकसित करने हेतु स्कूल नेतृत्व, 6 दिसंबर, 2022।
- छत्तीसगढ़ में राजकीय स्कूल में स्कूल परिवर्तन के लिए नेतृत्व की कल्पना करना, 23 दिसंबर, 2022।
- तेलंगाना में प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों को नेतृत्व के रूप में तैयार करना, 30 दिसंबर, 2022।
- अनुसूचित जनजातियों की शिक्षा पर प्रारंभिक चर्चा, 6 जनवरी, 2023।
- उत्तराखंड में एक शैक्षिक ब्लॉक में नेतृत्व, 13 जनवरी, 2022।
- 20 जनवरी, 2022 को अरुणाचल प्रदेश के सुदूर पहाड़ी इलाके में राजकीय माध्यमिक विद्यालय का नेतृत्व।
- छात्रों के अधिगम सुधार के लिए नेतृत्वः ओडिशा में राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय का अध्ययन, 27 जनवरी, 2022।

स्कूल प्रमुखों और शिक्षकों की समग्र उन्नति के लिए राष्ट्रीय पहल (निष्ठा)

- दमन और दीव के स्कूल प्रमुखों और शिक्षकों की समग्र उन्नति के लिए राष्ट्रीय पहल (निष्ठा), 10–12 मई, 2022, ऑनलाइन मोड, नीपा, नई दिल्ली।

- संबलपुर, ओडिशा में एलपीडी के लिए मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता (एफएलएन) पर संवेदीकरण कार्यक्रम, 21–23 जून, 2022 नीपा, नई दिल्ली।
- निष्ठा मूल्यांकन अध्ययन के लिए कार्यशाला, 8 दिसंबर, 2022, आमने–सामने माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।

अन्य बैठकें / कार्यशालाएँ

- स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन (सामग्री विकास) पर स्नातकोत्तर डिप्लोमा, अप्रैल 2022–मार्च 2023, दीर्घकालिक कार्यक्रम।
- माध्यमिक विद्यालय प्रमुखों का क्षमता निर्माण कार्यक्रम, एसएलए, हरियाणा, 26 मई, 2022।
- स्कूल नेतृत्व अकादमी की स्थापना और बैठकें, झारखंड में स्कूल नेतृत्व पर डाईट संकाय की क्षमता निर्माण, 20–21 जून, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- सीमैट–केरल–स्कूल नेतृत्व अकादमी, मलयालम, में स्कूल प्रमुखों के लिए स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन (पीएसएलएम) पर ऑनलाइन कार्यक्रम का शुभारंभ, 27 जून 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- अकादमिक नेतृत्व के लिए पाठ्यक्रम पर चर्चा, टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंस में परामर्शी बैठक में भागीदारी, 29 जुलाई, 2022, नीपा, नई दिल्ली।
- स्कूलों में अग्रणी शिक्षण के लिए शैक्षणिक नेतृत्व पर ऑनलाइन कार्यशाला (कार्यशाला–II), 23–26 अगस्त, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- स्कूलों में अग्रणी शिक्षण के लिए शैक्षणिक नेतृत्व पर ऑनलाइन कार्यशाला (कार्यशाला–I), 30 अगस्त–2 सितंबर, 2022, ऑनलाइन माध्यम।
- दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन के लिए एसएलए बैठक– 2022–23 (बैच I), ऑनलाइन माध्यम, 14 सितंबर, 2022, नीपा, नई दिल्ली।
- दिशानिर्देश के कार्यान्वयन के लिए एसएलए बैठक, 2022–23 (बैच II) ऑनलाइन माध्यम, 15 सितंबर, 2022, नीपा, नई दिल्ली।
- मणिपुर राज्य सरकार के प्रमुख संसाधन व्यक्तियों के लिए निपुण–भारत कार्यशाला में शैक्षणिक सहायता, 20–22 सितंबर, 2022, नीपा, नई दिल्ली।
- स्कूल नेतृत्व अकादमी, मणिपुर मुख्य समूह सदस्यों के साथ बैठक, 20 सितंबर, 2022, नीपा, नई दिल्ली।
- राजकीय स्कूलों में छात्रों के शिक्षण और अधिगम के परिणामों में सुधार के लिए स्कूल नेतृत्व पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम की रूपरेखा और कार्यान्वयन पर ऑनलाइन कार्यशाला, 27–30 सितंबर, 2022, नीपा, नई दिल्ली।
- स्कूलों में अग्रणी शिक्षण के लिए निजीकृत शिक्षण पर ऑनलाइन कार्यशाला की समीक्षा बैठक, 27 सितंबर, 2022, नीपा, नई दिल्ली।
- स्कूलों में अग्रणी शिक्षण के लिए निजीकृत शिक्षण पर ऑनलाइन कार्यशाला की समीक्षा बैठक, 28 सितंबर, 2022, नीपा, नई दिल्ली।
- महाराष्ट्र के मुख्य समूह के साथ ऑनलाइन गूगल बैठक, 29 सितंबर, 2022, नीपा, नई दिल्ली।
- स्कूल परिसर के प्रमुखों के लिए शैक्षणिक नेतृत्व विकसित करने पर राष्ट्रीय परामर्शदात्री कार्यशाला और क्षमता निर्माण कार्यक्रम, 3–8 अक्टूबर, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- विद्यालय नेतृत्व अकादमी के मुख्य समूह सदस्यों के साथ ऑनलाइन बैठक, झारखंड, 7 नवंबर, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- विद्यालय नेतृत्व अकादमी के मुख्य समूह सदस्यों के साथ ऑनलाइन बैठक, आंध्र प्रदेश, 9 नवंबर, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- विद्यालय नेतृत्व अकादमी के मुख्य समूह सदस्यों के साथ ऑनलाइन बैठक, मध्य प्रदेश, 15 नवंबर, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- विद्यालय नेतृत्व अकादमी के मुख्य समूह सदस्यों के साथ ऑनलाइन बैठक, केरल, 15 नवंबर, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- विद्यालय नेतृत्व अकादमी के मुख्य समूह सदस्यों के साथ ऑनलाइन बैठक, मिजोरम, 17 नवंबर, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- विद्यालय नेतृत्व अकादमी के मुख्य समूह सदस्यों के साथ ऑनलाइन बैठक, कर्नाटक, 23 नवंबर, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- विद्यालय नेतृत्व अकादमी के मुख्य समूह सदस्यों के साथ ऑनलाइन बैठक, तेलंगाना, 23 नवंबर, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।

- विद्यालय नेतृत्व अकादमी, झारखंड, मुख्य समूह सदस्यों के साथ बैठक, 24 नवंबर, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- विद्यालय नेतृत्व अकादमी, झारखंड, मुख्य समूह बैठक, 26 नवंबर, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- विद्यालय नेतृत्व अकादमी, नागालैंड के मुख्य समूह सदस्यों के साथ ऑनलाइन बैठक, 29 नवंबर, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- विद्यालय नेतृत्व अकादमी, बिहार के मुख्य समूह सदस्यों के साथ ऑनलाइन बैठक, 30 नवंबर, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- विद्यालय नेतृत्व अकादमी, छत्तीसगढ़ के मुख्य समूह सदस्यों के साथ ऑनलाइन बैठक, 30 नवंबर, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- बिहार के मुख्य समूह के साथ ऑनलाइन गूगल मीट, 9 दिसंबर, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- बिहार के मुख्य समूह के साथ ऑनलाइन गूगल मीट, 10 दिसंबर, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- स्कूली शिक्षा में लैंगिक समावेशिता के लिए नेतृत्व पर कार्यशाला, 12–15 दिसंबर, 2022, आमने–सामने माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- व्यावसायिक शिक्षा के लिए नेतृत्व पर कार्यशाला, 19–22 दिसंबर, 2022, आमने–सामने माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- अरुणाचल प्रदेश के मुख्य समूह के साथ ऑनलाइन गूगल बैठक, 26 दिसंबर, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- गोवा के मुख्य समूह के साथ ऑनलाइन गूगल बैठक (चरण II), 26 दिसंबर, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- पश्चिम बंगाल के मुख्य समूह के साथ ऑनलाइन गूगल बैठक, 28 दिसंबर, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- गुजरात के मुख्य समूह के साथ ऑनलाइन गूगल बैठक, 29 दिसंबर, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- एडब्ल्युपीबी 2023–2024 के लिए विद्यालय नेतृत्व अकादमी नोडल्स के साथ ऑनलाइन गूगल मीट (राज्य से आमंत्रण), 5 जनवरी, 2023।
- असम के मुख्य समूह के साथ ऑनलाइन गूगल बैठक, 10 जनवरी, 2023।
- तमिलनाडु के मुख्य समूह के साथ ऑनलाइन गूगल मीट, 19 जनवरी, 2023।
- स्कूल नेतृत्व अकादमियों के लिए मॉड्यूल के शुभारंभ संबंधी ऑनलाइन तैयारी, 27 जनवरी, 2023।
- प्रणाली स्तर के अधिकारियों के लिए नेतृत्व कार्यक्रम के लिए सामग्री विकास कार्यशाला, 11–13 जनवरी, 2023।
- स्कूलों में समानता, विविधता और समावेशन के लिए नेतृत्व पर कार्यशाला, 27 फरवरी – 1 मार्च, 2023, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- व्यावसायिक शिक्षा के लिए नेतृत्व पर कार्यशाला, 2–4 मार्च, 2023, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- राष्ट्रीय सलाहकार समूह की बैठक, 6 मार्च, 2023 नीपा, नई दिल्ली।
- शिक्षक प्रशिक्षकों के बीच शैक्षणिक नेतृत्व विकसित करने पर राष्ट्रीय परामर्शदात्री कार्यशाला, (डाइट और एससीईआरटी) 13–17 मार्च, 2023, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- शिक्षक प्रशिक्षकों के बीच शैक्षणिक नेतृत्व विकसित करने पर राष्ट्रीय परामर्शदात्री कार्यशाला, (डाइट और एससीईआरटी) 30–31 मार्च, 2023, आमने–सामने माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।

उच्च शिक्षा नीति अनुसंधान केंद्र

- आईएचईआर 2023: भारत में उच्च शिक्षा में अनुसंधान पर पहली सहकर्मी समीक्षा बैठक, 25 मई, 2022, नीपा, नई दिल्ली।
- ''भारतीय उच्च शिक्षा में शिक्षण और अधिगम के साथ डिजिटल प्रौद्योगिकी का एकीकरण' पर पहली अनुसंधान विशेषज्ञ समिति की बैठक, 29 सितंबर, 2022, नीपा, नई दिल्ली।
- आईएचईआर 2023: भारत में उच्च शिक्षा में अनुसंधान पर द्वितीय सहकर्मी समीक्षा बैठक, 19 अक्टूबर, 2022, नीपा, नई दिल्ली।

- भारत में उच्च शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने पर पहली अनुसंधान सलाहकार समूह की बैठक, 20 अक्टूबर, 2022, नीपा, नई दिल्ली।
- कॉलेज तत्परता और छात्र सफलता पर पहली शोध पद्धति कार्यशाला, 9–10 नवंबर, 2022, नीपा, नई दिल्ली।
- 'सार्वजनिक उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा संसाधन आवंटन और संसाधन जुटाने की गतिशीलता' पर दो नीति संक्षेपों के लिए विशेषज्ञ समूह की बैठक, 17 नवंबर, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- उच्च शिक्षा में विविधता और समावेशन पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी, 16–17 फरवरी, 2023, आमने–सामने माध्यम, आईएचसी, नई दिल्ली।
- सीपीआरएचई, कार्यकारी समिति की बैठक, 3 मार्च, 2023, आमने–सामने माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- राज्य उच्च शिक्षा परिषद की बैठक, 16–17 मार्च, 2023, तेलंगाना।

स्कूल मानक एवं मूल्यांकन एकक

- साक्ष्य–आधारित स्कूल सुधार योजना का विकास और स्कूल प्रदर्शन मूल्यांकन और मान्यता को संरेखित करने पर चार क्षेत्रीय कार्यशालाएँ, 17–18 नवंबर, 2022, आमने–सामने माध्यम, जम्मू और कश्मीर।
- साक्ष्य–आधारित स्कूल सुधार योजना का विकास और स्कूल प्रदर्शन मूल्यांकन और मान्यता को संरेखित करने पर चार क्षेत्रीय कार्यशालाएँ, 2–3 फरवरी, 2023, आमने–सामने माध्यम, आंध्र प्रदेश।
- शाला सिद्धिः स्कूल बाहरी मूल्यांकन और स्कूल सुधार पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम, 31 मई, 2022, आमने–सामने माध्यम, मिजोरम।
- शाला सिद्धिः स्कूल बाहरी मूल्यांकन और स्कूल सुधार पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम, 1 नवंबर, 2022, आमने–सामने माध्यम, चंडीगढ़।
- शाला सिद्धिः स्कूल के बाहरी मूल्यांकन और स्कूल सुधार पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम, 24 नवंबर, 2022, आमने–सामने माध्यम, बिहार।
- शिक्षा अधिकारियों के लिए बाहरी मूल्यांकन और स्कूल मान्यता पर पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम, 30–31 मार्च 2022, आमने–सामने माध्यम से, गंगटोक, सिक्किम
- एनईपी 2020 के सदंर्भ में स्कूल प्रदर्शन मूल्यांकन और मान्यता पर राष्ट्रीय कार्यशालाएं, 27–28 मार्च 2023, यूएसआई, नई दिल्ली में आमने–सामने माध्यम से

आईसीटी कार्यक्रम

- ऑनलाइन/मिश्रित शिक्षण पाठ्यक्रमों की रूपरेखा, विकास और वितरण पर संकाय विकास कार्यक्रम, 4–8 अप्रैल, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- ऑनलाइन/मिश्रित शिक्षण पाठ्यक्रमों की रूपरेखा, विकास और वितरण पर संकाय विकास कार्यक्रम, 9–13 मई, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- ऑनलाइन/मिश्रित शिक्षण पाठ्यक्रम (उत्तर पूर्व क्षेत्र) की रूपरेखा, विकास और वितरण पर संकाय विकास कार्यक्रम, 6–10 जून, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।
- शैक्षणिक और अनुसंधान पुस्तकालयों में आईसीटी के अनुप्रयोग पर संकाय विकास कार्यक्रम, 19–23 सितंबर, 2022, ऑनलाइन माध्यम, नीपा, नई दिल्ली।

वर्ष 2022–23 के दौरान, संस्थान ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 110 अभिविन्यास/प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशाला, सेमिनार, सम्मेलन और बैठकें आदि आयोजित कीं।

कुल 5993 प्रतिभागियों में से 5944 भारतीय प्रतिभागी थे (तालिका 2.4) और 49 अन्य देशों और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों से थे (तालिका 2.3)।

भारत
राज्यवार भागीदारी
2022-23



नीपा के कार्यक्रम

वर्ष 2020–21 और 2021–22 के लिए शैक्षिक प्रशासन में नवाचारों और नवोन्मेष के लिए पुरस्कार की राष्ट्रीय योजना

शैक्षिक प्रशासन विभाग के माध्यम से कार्यान्वित संस्थान का यह एक नियमित दीर्घकालिक कार्यक्रम है। यह योजना 2013–2014 में नीपा द्वारा शिक्षा की सार्वजनिक प्रणाली के कामकाज में सुधार लाने और शैक्षिक सेवाओं का कुशल वितरण सुनिश्चित करने में क्षेत्र स्तर के शैक्षिक प्रशासन के योगदानों को पहचानने के अपने परिभाषित उद्देश्यों के साथ शुरू की गई थी। यह क्षेत्र स्तर के शिक्षा अधिकारियों तक पहुंचने के लिए नीपा की महत्वपूर्ण पहलों में से एक है। शैक्षिक प्रशासन में नवाचार और नवोन्मेष के लिए पुरस्कार एक विशेष समारोह में, चयनित जिला और ब्लॉक स्तर के शिक्षा अधिकारियों को दिए जाते हैं। 2014 में पुरस्कार योजना शुरू होने के बाद से, मामलों की योग्यता के आधार पर कई मामलों को चिन्हित किया गया है। पिछले वर्षों की तरह, वर्ष 2020–2021 और 2021–2022 के पुरस्कारों पर विचार के लिए विभिन्न राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकारों के स्कूल शिक्षा विभागों से बड़ी संख्या में नामांकन प्राप्त हुए थे। विशेषज्ञ समितियों द्वारा मामलों की सावधानीपूर्वक जांच और बहु–स्तरीय स्क्रीनिंग के बाद नवाचारों और नवोन्मेष के कई मामलों को पुरस्कार और प्रशंसा प्रमाण पत्र के लिए चुना गया है। चयनित अधिकारियों को शैक्षिक प्रशासन में नवाचारों और नवोन्मेष पर राष्ट्रीय सम्मेलन और पुरस्कार समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

कॉपलॉट राज्य सभा का दौरा

22 जून 2022 को संसदीय समिति का नीपा का दौराः कॉपलॉट (पटल पर रखे गए पत्रों पर समिति), राज्यसभा

राज्य सभा सचिवालय ने अपने पत्र क्रमांक [सीटी11012/4/21022 कोम. सेक. (सीओपीएलओटी)–आरएसएस दिनांक 15.06.2022], ने नीपा, नई दिल्ली की वार्षिक रिपोर्ट और लेखापरीक्षित खातों को संदर्भित अवधि 2015–16 से 2019–20 को राज्य सभा के पटल पर रखने में देरी की स्थिति की समीक्षा करने के लिए 22 जून, 2022 को राज्य सभा संसदीय समिति की प्रस्तावित यात्रा के बारे में जानकारी दी थी।

उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय ने यह भी बताया कि देरी के कारण और अन्य सामग्री उनके माध्यम से प्रस्तुत की जाएगी और 22 जून, 2022 को नीपा में समिति की यात्रा का समन्वय करेंगे। 6 सदस्यीय समिति जिसमें मौजूदा सांसद शामिल होंगे उनके साथ राज्य सभा सचिवालय के निदेशक/संयुक्त निदेशक और शिक्षा मंत्रालय के अन्य अधिकारी भी होंगे। सीओपीएलओटी (पटल पर रखे गए पत्रों पर समिति), राज्य सभा ने 22 जून, 2022 को संस्थान का दौरा किया और नीचे दिए गए विवरण के अनुसार नीपा, नई दिल्ली की वार्षिक रिपोर्ट और लेखापरीक्षित खातों को प्रस्तुत करने पर अनुपालन देखा और संतुष्टि व्यक्त की और साथ में यह भी अपेक्षा करी की भविष्य में ऐसे दस्तावेजों को समय पर जमा करने में उचित सावधानी बरती जाएगी। सीओपीएलओटी के अध्यक्ष के रूप में श्री केसी राममूर्ति

और सदस्य के रूप में श्री जीके वासन, श्री हरनाथ सिंह यादव और श्री बिकास रंजन भट्टाचार्य थे।

वित्तीय वर्ष	नोडल मंत्रालय (शिक्षा मंत्रालय) को जमा करने की तिथि		संसद के सभा पटल पर रखे गये दस्तावेजों की तिथि (लोकसभा / राज्यसभा)	
	सीएजी से प्राप्त लेखापरीक्षा रिपोर्ट	वार्षिक रिपोर्ट	लोकसभा	राज्य सभा
2015-16	07.06.2019	17.12.2019	23.03.2020	19.03.2020
2016-17	29.11.2019	22.09.2020	13.02.2021	17.03.2021
2017-18	29.11.2019	05.07.2021	29.11.2021	10.08.2021
2018-19	29.11.2019	28.07.2021	29.11.2021	10.08.2021
2019-20	22.01.2021	27.10.2021	13.12.2021	15.12.2021
2020-21	24.03.2022	10.03.2022	08.08.2022	08.02.2023

संस्थान को कार्यवाही के दौरान हुई बातचीत पर एक संक्षिप्त रिपोर्ट और प्रतिक्रिया प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था। इसके अनुपालन में, इसे नोडल मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया था।

योग दिवस

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान में 8वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उत्सव एक व्यापक और ज्ञानवर्धक अनुभव था। इस कार्यक्रम में दैनिक योग सत्र, प्राणायाम सत्र, जानकारीपूर्ण व्याख्यान, रचनात्मक प्रतियोगिताएं और योग दिवस पर एक भव्य समापन शामिल था। इन गतिविधियों ने योग के लाभों की गहरी समझ को बढ़ावा देते हुए शारीरिक और मानसिक कल्याण को बढ़ावा दिया। 4 मई से 21 जून, 2022 तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन प्रोफेसर एके सिंह और डॉ. कश्यपी अवस्थी द्वारा किया गया,

इस कार्यक्रम का उद्देश्य समग्र स्वास्थ्य और कल्याण के लिए योग के अभ्यास को बढ़ावा देना रहा है। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने हेतु शिक्षित, संलग्न और प्रेरित करने के लिए रूपांकित की गई गतिविधियों की एक श्रृंखला शामिल थी।

दैनिक योग शिविर (4 मई–21 जून): हर शाम 4:00 बजे से 5:00 बजे तक, प्रतिभागी योग शिविर सत्र के लिए एकत्र होते थे। डॉ. अजय शास्त्री, श्री उमेश बाबू और श्रीमती प्रतिभा सिंह सहित अनुभवी प्रशिक्षकों के नेतृत्व में, ये सत्र लचीलेपन, संतुलन और आंतरिक शांति को बढ़ाने के लिए विभिन्न आसन, श्वास तकनीक और ध्यान पर केंद्रित थे। प्रतिभागियों को शाम 6:00 बजे से 7:00 बजे तक आयोजित दैनिक प्राणायाम सत्र से भी लाभ हुआ। इन सत्रों में सांस नियंत्रण के महत्व और मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर इसके सकारात्मक प्रभाव पर जोर दिया गया।

23 मई को, श्री उमेश बाबू द्वारा व्यक्तिगत स्वास्थ्य और कल्याण के लिए योग पर एक व्याख्यान सत्र आयोजित किया गया, जिसमें व्यक्तिगत स्वास्थ्य और कल्याण को बनाए रखने में योग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। श्री उमेश बाबू ने योग को दैनिक जीवन में एकीकृत करने के लिए बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और व्यावहारिक सुझाव साझा किए। 27 मई को प्रोफेसर तारकनाथ का एक और व्याख्यान सत्र योगिक संस्कृति के साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर आयोजित किया गया। इस सत्र में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में योग के समग्र दृष्टिकोण पर महत्व दिया गया। योग के सांस्कृतिक पहलुओं और इतिहास पर भी प्रकाश डाला, जिससे योग की जड़ों के प्रति गहरी सराहना को बढ़ावा मिला।

1 जून को कविता प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों को रचनात्मक तरीकों से योग के बारे में अपने अनुभव और समझ को व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस प्रकार योग के महत्व का उत्सव मनाते हुए व्यक्तियों को अपनी कलात्मक प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान किया। 6 जून को बौद्धिक सहभागिता के दिन समाज, स्वास्थ्य और आध्यात्मिकता पर योग के प्रभाव पर केंद्रित तात्कालिक भाषण, निबंध लेखन और वाद–विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। 13 जून को प्रतिभागियों ने अपनी शारीरिक शक्ति और योग आसन तथा सूर्य नमस्कार क्रम में निपुणता का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम ने शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा दिया और नियमित योग अभ्यास के लाभों का प्रदर्शन किया।

योग दिवस समारोह (21 जून): उत्सव का भव्य समापन 21 जून, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ। प्रतिभागी सामूहिक योग सत्र के लिए एकत्र हुए, जिसमें एकता और सद्भाव पर जोर दिया गया। इस कार्यक्रम में प्रेरणादायक भाषण के साथ प्रमाणपत्रों का वितरण भी हुआ।

8वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का प्रतिभागियों पर गहरा प्रभाव पड़ा, जिससे शारीरिक फिटनेस, मानसिक कल्याण और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा मिला। संस्थान में शोद्यार्थियों और कर्मचारियों के बीच स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करने के लिए दैनिक योग सत्र सुबह 6:00 बजे से 7:30 बजे तक जारी रहा। चूँकि दुनिया लगातार स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रही है, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह समग्र कल्याण प्राप्त करने में योग के महत्व की याद दिलाता है। इस कार्यक्रम ने योग और इसके सिद्धांतों के प्रति आजीवन प्रतिबद्धता को प्रोत्साहित किया, जिससे स्वस्थ और खुशहाल जीवन का मार्ग प्रशस्त हुआ।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान ने आजादी का अमृत महोत्सव मनाया, जो भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने पर एक भव्य आदरांजलि है। 27 जुलाई से 15 अगस्त, 2022 तक आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य हमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किए गए बलिदानों की याद दिलाना और हमारे देश की स्वतंत्रता और प्रगति की यात्रा का उत्सव मनाना था। इस कार्यक्रम ने हमारे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, कलात्मक प्रतिभा और देशभक्ति की भावना को प्रदर्शित किया और यह उत्साह और देशभक्ति से भरा उत्सव था। हर घर तिरंगा अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रम, गायन प्रतियोगिताओं, निबंध प्रतियोगिताओं, चित्रकारी प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक उत्सवों ने छात्रों, कर्मचारियों और परिवारों को गर्व और एकता की भावना से एकजुट किया।

हर घर तिरंगा अभियान 23 जुलाई को शुरू किया गया था और सभी कर्मचारियों और छात्रों को स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान जागरूकता फैलाने और अपने पड़ोस के लोगों को राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया था।

27 जुलाई को गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई और छात्रों, शिक्षकों और अन्य स्टाफ सदस्यों ने देशभक्ति

गीतों के साथ अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता दर्शकों को बहुत पसंद आई क्योंकि इसमें संगीत के माध्यम से हमारे देश की विविधता में एकता को दर्शाया गया था।

3 अगस्त को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को स्वतंत्रता की दिशा में भारत की यात्रा और आज की दुनिया में इसके महत्व पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

4 अगस्त को चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई और छात्रों ने कैनवास पर अपनी रचनात्मकता को उजागर किया। कलाकृतियों में पिछले 75 वर्षों में भारत की विविधता, संस्कृति और प्रगति को दर्शाया गया।

कार्यक्रम का भव्य समापन भारत के स्वतंत्रता दिवस, 15 अगस्त को हुआ। दिन की शुरुआत हमारी आजादी के प्रतीक तिरंगे झंडे को फहराने के साथ हुई। इस महत्वपूर्ण अवसर के बाद भारत की विविध और समृद्ध संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले नृत्य प्रदर्शन, नाटक और गायन सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। इसने छात्रों, कर्मचारियों और उनके परिवारों के बीच गर्व, देशभक्ति और एकता की भावना पैदा की।

संस्थान का स्थापना दिवस

नीपा को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अंतर्गत 'मानित विश्वविद्यालय' का दर्जा दिया गया था और 2006 में डिग्री प्रदान करने की शक्ति के साथ इसका नाम बदलकर पुनः राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान कर दिया गया था। प्रत्येक वर्ष 11 अगस्त को विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त होने की तिथि को नीपा अपने स्थापना दिवस के रूप में मनाता है और इस अवसर पर प्रतिष्ठित शिक्षाविदों द्वारा स्थापना दिवस व्याख्यान दिए जाते हैं। इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित

शिक्षाविदों ने व्याख्यान दिया, जिनमें प्रभात पटनायक (2007), एमएस स्वामीनाथन (2008), बेटेइले (2009), मृणाल मिरी (2010), पी. साईनाथ (2011), शांता सिन्हा (2012), कृष्ण कुमार (2013), शिव विश्वनाथन (2014), टीके ओमेन (2015), टीएन मदान (2016), कुलदीप माथुर (2017), मनोरंजन मोहंती (2018), पंकज चंद्रा (2019), ए.के शिवा कुमार (2020) और के. कस्तूरीरंगन (2021) शामिल हैं।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान आयोजित सोलहवां स्थापना दिवस व्याख्यान अगस्त 2022 में नोबेल पुरस्कार विजेता श्री कैलाश सत्यार्थी द्वारा 'ग्लोबलाइसिंग कम्पैशनः की टू द फ्यूचर' विषय पर दिया गया था।

नीपा दीक्षांत समारोह

दीक्षांत समारोह शुक्रवार 21 अक्टूबर, 2022 को पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, पीएचडी हाउस, 4/2 सिरी इंस्टीट्यूशनल एरिया, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली–110016 में आयोजित किया गया था। प्रो. दीपक

नैय्यर, पूर्व. दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। दीक्षांत समारोह में, 27 पीएच.डी. और 106 एम.फिल. शोधार्थियों को नीचे दिए गए विवरण के अनुसार डिग्री प्रदान की गई। 18 पीएच.डी. शोधार्थियों और 80 एम.फिल. शोधार्थियों ने

कार्यक्रम	2016	2017	2018	2019	2020	2021	2022	Total
एम.फिल.	16	08	10	17	17	16	22	106
पीएच.डी.	02	01	02	05	07	08	02	27
कुल	**18**	**09**	**12**	**22**	**24**	**24**	**24**	**133**

व्यक्तिगत रूप से डिग्रियां प्राप्त की, जबकि पीएच.डी में (9) और एम.फिल. (26), शोधार्थियों को अनुपस्थिति में डिग्री प्रदान की गई। एक दीक्षांत समारोह विवरणिका और शोध निबंध/थीसिस के सार का सार–संग्रह भी जारी किया गया और दीक्षांत समारोह में आमंत्रित सभी शोधार्थियों, संकाय सदस्यों और अतिथियों आदि को प्रदान की गई। नीपा के पहले समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ।

नॉक (एनएएसी) द्वारा नीपा का प्रत्यायन

वर्ष के दौरान नॉक के पहले चक्र के लिए नॉक द्वारा नीपा का प्रत्यायन पूरा हुआ। एक विश्वविद्यालय के रूप में नीपा के जीवन में यह सबसे महत्वपूर्ण विकासों में से एक है। 1962 में अपनी स्थापना के पिछले साठ वर्षों में नीपा को शैक्षिक योजना और प्रशासन के क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान माना गया है। नीपा की संस्थागत मान्यता, वास्तव में, 2006 में मानित विश्वविद्यालय की उपाधि के बाद देय थी। नीपा ने नॉक द्वारा मान्यता के लिए स्वेच्छा से आवेदन किया था। नीपा की स्व–अध्ययन रिपोर्ट मई 2022 में नॉक को प्रस्तुत की गई थी। स्व–अध्ययन रिपोर्ट के अनुमोदन और स्व–अध्ययन रिपोर्ट में दिए गए आगत के आधार पर, नॉक की एक सहकर्मी समीक्षा टीम ने 12–14 अक्टूबर 2022 के दौरान नीपा का दौरा किया। सहकर्मी टीम ने नीपा के मौलिक योगदान की व्यापक रूप से सराहना की। नीपा के काम की विस्तृत समीक्षा के बाद पीयर टीम ने उच्च स्कोर प्रदान किया

जो ए++ आता है। नीपा ने नॉक द्वारा समग्र ग्रेडिंग में 4 में से 3.05 स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल किया।

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस

2010 से हर साल, प्रथम केंद्रीय शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती मनाने के लिए, 11 नवंबर को मौलाना आज़ाद स्मृति व्याख्यान का आयोजन

किया जाता है, जिसे राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में नामित किया गया है। 2022–23 के दौरान, 11 नवंबर, 2022 को नीपा द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया गया और 13वां मौलाना आज़ाद मेमोरियल व्याख्यान इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में प्रोफेसर अविजीत पाठक, स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज, जेएनयू के पूर्व प्रोफेसर द्वारा दिया गया। उनके व्याख्यान का शीर्षक था 'संवाद और सुनने की कला: हमारी कक्षाओं पर पुनर्विचार'। उन्होंने 'संभावित डिस्टोपिया' का विरोध करने के लिए, हमें 'संरचनात्मक बाधाओं' से परे देखने के लिए अपने अभिकरण को फिर से हासिल करना सीखना चाहिए और प्रयोगात्मक शिक्षार्थियों के रूप में अपनी छिपी क्षमता पर भरोसा करना चाहिए– संभावनाओं की कला, और आशा के शिक्षाशास्त्र को प्रयोग करने का साहस करने पर बल

दिया। व्याख्यान में बड़ी संख्या में छात्रों, शिक्षकों और शिक्षाविदों ने भाग लिया।

हीरक जयंती

राष्ट्रीय योजना एवं प्रशासन संस्थान, जैसा कि आज जाना जाता है, ने पिछले छह दशकों में एक लंबी परिवर्तनकारी यात्रा की है। इसने एशियाई क्षेत्रों के लिए शैक्षिक योजनाकारों और प्रशासकों के प्रशिक्षण के लिए यूनेस्को क्षेत्रीय केंद्र से लेकर 2006 से एक विश्वविद्यालय होने की वर्तमान स्थिति तक अतिरिक्त जिम्मेदारियों के कई चरण देखे हैं, संस्थान ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई जिम्मेदारियां निभाई हैं और पूरी की हैं। वर्तमान में, संस्थान ने अनुसंधान, शिक्षण, क्षमता विकास और भारत में शिक्षा की नीति, योजना और प्रबंधन में अग्रणी होने के अपने अधिदेशों को व्यापक बना लिया है। इसने प्रणाली, उप–राष्ट्रीय और संस्थागत स्तरों पर शिक्षा की परिचालन दक्षता में सुधार के लिए शैक्षिक नीति निर्माण और क्षमता विकास में हमेशा सक्रिय भूमिका निभाई है। नीपा ने अपने सभी अवतारों में हमेशा कई

भूमिकाएँ और भारत में शिक्षा प्रणाली के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई है।

इस मेगा इवेंट के प्रबंधन और आयोजन के लिए एक समिति का गठन किया गया, जिसमें शामिल थीं– प्रोफेसर आरती श्रीवास्तव (अध्यक्ष), प्रोफेसर नीरू स्नेही, डॉ. सांत्वना जी. मिश्रा, डॉ. अमित गौतम, डॉ. कश्यपी अवस्थी, डॉ. वी. सुचरिता, कुलसचिव, वित्त अधिकारी, सुश्री बबीता बलोदी एवं प्रशासनिक अधिकारी। उत्सव के लिए कई कार्यक्रम सूचीबद्ध किए गए, जिनमें शामिल थे– क्विज़ प्रतियोगिता, अंताक्षरी प्रतियोगिता, फैकल्टी हेरिटेज वॉक, फोटो प्रदर्शनी, वृत्तचित्र, संस्थागत माई–स्टैम्प, स्मारक लोगो, आदि।

हीरक जयंती समारोह (60 वर्ष) ने नीपा में पूर्व और वर्तमान कर्मचारियों और छात्रों दोनों को शामिल करते हुए गतिविधियों की एक वर्ष लंबी श्रृंखला को चिह्नित किया। हीरक जयंती समारोह को मनाने के लिए एक लोगो पूरे वर्ष सभी आधिकारिक संचार पर उपयोग करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। 09 नवंबर 2022 को फैकल्टी हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया और नीपा के सभी संकाय सदस्यों को सफदरजंग मकबरा, नई दिल्ली में वॉक के लिए आमंत्रित किया गया। 10 नवंबर 2022 को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई और इस आयोजन को सफल बनाने के लिए नीपा के शोध विद्वानों ने अच्छी संख्या में भाग लिया। नीपा के गैर–शिक्षण कर्मचारियों के लिए 15 नवंबर 2022 को डाइनिंग हॉल, नीपा में अंताक्षरी प्रतियोगिता मनाई गई। 22 नवंबर 2022 को स्टीन ऑडिटोरियम, इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में मेगा इवेंट मनाया गया। मेगा इवेंट के दौरान संस्थागत माई–स्टैम्प जारी किया गया। मेगा इवेंट में नीपा की यात्रा की एक फोटो प्रदर्शनी भी थी जिसमें पिछले 60 वर्षों में हासिल किए गए प्रमुख मील के पत्थर प्रदर्शित किए गए थे। गीत, नृत्य, कविता, नुक्कड़ नाटक के मिश्रण से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। यह मेगा इवेंट नीपा की 60 साल की लंबी यात्रा को चित्रित करने वाले अनुभवों और यादों को संकलित करने वाली पुस्तक के विमोचन का मंच भी था, नीपा आज जो है उसमें मदद करने वाले संकायों, प्रशासकों, छात्रों के अनुभवों को एक साथ लाया गया, नीपा के सभी पूर्व और वर्तमान छात्रों और कर्मचारियों ने सफल बनाने के लिए मेगा इवेंट में भाग लिया।

इस कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए समिति के सदस्यों ने कड़ी मेहनत की और प्रोफेसर भूषण पटवर्धन द्वारा नीपा परिसर में वृक्षारोपण के साथ यह उत्सव संपन्न हुआ।

आंध्र प्रदेश के कॉलेज प्राचार्यों के लिए नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम (पांच बैच)

पृष्ठभूमि

नीपा ने आंध्र प्रदेश सरकार के कॉलेजिएट शिक्षा आयुक्तालय के सहयोग से जनवरी 2023–मार्च 2023 के

बीच 5 बैचों में आंध्र प्रदेश के सरकारी डिग्री कॉलेजों के प्राचार्यों के लिए नेतृत्व क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम का विवरण इस प्रकार हैः

1. पहला बैच 02–07 जनवरी 2023
2. दूसरा बैच 16–21 जनवरी 2023
3. तीसरा बैच 13–18 फरवरी 2023
4. चौथा बैच 20–25 फरवरी 2023
5. पांचवां बैच 13–18 मार्च 2023

कार्यक्रमों को आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा आर्थिक रूप से समर्थन दिया गया था। यह नीपा में संस्थागत नेताओं के लिए नेतृत्व विकास कार्यक्रमों की श्रृंखला में मुख्य कार्यक्रमों में से एक था। कार्यक्रमों का संचालन अंतर्विभागीय सहयोग एवं विभिन्न समितियों के सहयोग

से किया गया। शैक्षिक प्रशासन विभाग के प्रमुख प्रोफेसर कुमार सुरेश ने कार्यक्रम निदेशक के रूप में इस प्रक्रिया का नेतृत्व किया। प्रोफेसर आरती श्रीवास्तव, डॉ. सांत्वना जी. मिश्रा, प्रोफेसर नीरू स्नेही, डॉ. अन्शू श्रीवास्तव और डॉ. अमित गौतम ने एक–एक कार्यक्रम का समन्वय किया और प्रत्येक कार्यक्रम के सुचारु संचालन की दिशा में काम किया। कार्यक्रम के पांच बैचों में आंध्र प्रदेश के सरकारी कॉलेजों के लगभग 165 प्राचार्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का ध्यान एनईपी 2020 के कार्यान्वयन के परिचालन–पहलुओं पर है।

जी–20 और नीपा की गतिविधियाँ

भारत की जी20 अध्यक्षता और शिक्षा एजेंडा पर एक परामर्शदात्री बैठक, 13–14 फरवरी, 2023

नीपा ने जी20 शिक्षा कार्य समूह के लिए भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग को अपना समर्थन दिया। भारत की जी20 अध्यक्षता और शिक्षा एजेंडा पर दो दिवसीय परामर्श बैठक, 13–14 फरवरी, 2023 को हुई। बैठक का मूल उद्देश्य शिक्षा समूह के लिए चार पहचाने गए विषयगत क्षेत्रों पर आगत उत्पन्न करना था। चर्चा करने और आगत प्रदान करने के लिए बड़ी संख्या में विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया था। परामर्श बैठक से नीपा आगतों और संस्तुतियों को सृजित करने में सक्षम रहा। तत्पश्चात संस्तुतियों को उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय से साझा किया गया।

राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा आयोग (एनसीआईएसएम) के साथ नीपा का सहयोग

शैक्षिक योजना और प्रशासन के क्षेत्र में एक प्रमुख और अद्वितीय संस्थान के रूप में नीपा के मौलिक योगदान के साथ–साथ शैक्षिक प्रशासकों और संस्थागत प्रमुखों के लिए क्षमता विकास कार्यक्रम प्रदान करने में इसकी विशेषज्ञता को ध्यान में रखते हुए, भारतीय चिकित्सा के लिए राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम), भारत सरकार के आयुष मंत्रालय ने आयुर्वेद, यूनानी, सिद्ध और सोगा–रिपा कॉलेजों के प्राचार्यों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए नीपा से संपर्क किया। चर्चा की एक श्रृंखला के बाद, जुलाई 2023 से मई 2024 के बीच 20 बैचों में 550 कॉलेजों के प्राचार्यों को प्रशिक्षित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन तैयार किया गया। अध्यक्ष, वैद्य जयंत देव पुजारी, आयुर्वेद मंडल के अध्यक्ष, प्रोफेसर बीएस प्रसाद, प्रोफेसर सुधांशु भूषण, प्रभारी कुलपति, नीपा, कार्यक्रम निदेशक प्रोफेसर कुमार सुरेश और प्रोफेसर आरती श्रीवास्तव ने बैठक में भाग लिया। एनसीआईएसएम के हितधारकों की प्रतिक्रिया के आधार पर पाठ्यक्रम डिजाइन तैयार किया गया था। कार्यक्रम का पहला बैच 10–14 जुलाई 2023 तक शुरू होगा। 10 जनवरी 2023 को नीपा में आयोजित बैठक का चित्र।

अनुसंधान 3

KAMLESH VYAS
PROF. VIMAL
ARTI SRIVASTAVA

अनुसंधान

संस्थान, शिक्षा के क्षेत्र में विकासात्मक लक्ष्यों की प्राप्ति को सुनिश्चित करने तथा साक्ष्य आधारित विकल्पों और रणनीतियों को तैयार के लिए नवीन ज्ञान जुटाने हेतु, शैक्षिक नीति, योजना तथा प्रबंधन को विशेषकर ध्यान में रखते हुए, विभिन्न विषयों में पारस्परिक शोध और अध्ययनों को ग्रहित कर बढ़ावा और सहायता प्रदान करता आ रहा है। संस्थान भारत के विभिन्न राज्यों और अन्य देशों में भी गुणात्मक तथा मात्रात्मक दोनों प्रकार के शोध, वर्तमान नीतियों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों का पुनरीक्षण और मूल्यांकन की तकनीकों तथा प्रशासनिक ढ़ांचों एवं प्रविधियों में तुलनात्मक अध्ययन करता है। अध्ययनों सहित ऐसे कार्य–शोध पर जोर दिया जाता है, जो शैक्षिक नीति, योजना और प्रबंधन में सुधार के लिए मुख्य क्षेत्रों में नवीन

ज्ञान को सृजित कर सकता है।

एम.फिल. और पीएच.डी कार्यक्रमों के अतिरिक्त, राष्ट्रीय संस्थान के संकाय सदस्यों द्वारा किए जाने वाले शोध अध्ययन, अन्य एजेंसियों द्वारा प्रायोजित शोध; अन्तरर्राष्ट्रीय सहयोग प्राप्त अध्ययन; कार्यक्रम मूल्यांकन अध्ययन और आंकड़ा प्रबंधन अध्ययनों जैसे शोध कार्यक्रम को भी सहायता प्रदान करता है। संस्थान में शिक्षा प्रणाली में उठने वाले संभावित प्राथमिकता के मुद्दों अथवा भारतीय शिक्षा प्रणाली वास्तव में जिन मुद्दों से जूझ रही है, उनसे संबंधित शोध अध्ययन होते हैं। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, 12 शोध अध्ययन पूर्ण किए गए, जबकि 25 अध्ययन प्रगति पर हैं।

पूर्ण शोध अध्ययन

(31 मार्च, 2023 तक)

1. **मूल्यांकन राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 का कार्यान्वयन: स्थिति, मुद्दे और मार्ग (स्कूली शिक्षा)**

प्रधान अन्वेषक: प्रो. ए.के. सिंह, प्रो. वीरा गुप्ता, प्रो. रस्मिता स्वाँई, डॉ. एस.के. मलिक और *डॉ. कश्यपी अवस्थी*

अध्ययन पूरा हुआ और मसौदा रिपोर्ट मंत्रालय को सौंपी गई।

2. **मूल्यांकन राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 का कार्यान्वयन: स्थिति, मुद्दे और मार्ग (उच्चतर शिक्षा)**

प्रधान अन्वेषक: प्रो. कुमार सुरेश

अध्ययन पूरा हुआ और मसौदा रिपोर्ट मंत्रालय को सौंपी गई।

3. **हिमाचल प्रदेश और हरियाणा में बालिकाओं की शिक्षा का तुलनात्मक अध्ययन**

अन्वेषक: प्रो. मधुमिता बंध्योपाध्याय

अध्ययन पूरा हुआ।

4. **भारत में उच्चतर शिक्षा की गुणवत्ता: संस्थागत स्तर पर बाह्य और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन का एक अध्ययन**

अन्वेषक: डॉ. अनुपम पचौरी

अध्ययन पूरा हुआ।

5. **लैंगिक पर शैक्षिक एटलस : एक जिला–स्तरीय प्रस्तुति**

अन्वेषक: डॉ. सुमन नेगी

अध्ययन दिसंबर 2022 को पूरा हुआ।

6. **राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा)**

अन्वेषक: प्रो. सुधांशु भूषण

अध्ययन पूरा हुआ और मसौदा रिपोर्ट मंत्रालय को सौंपी गई।

7. **भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों में स्वायत्तता**

अन्वेषक: डॉ. नीरू स्नेही

भारत में उच्चतर शिक्षा प्रणाली में सुधार लाने के लिए उच्चतर शिक्षा संस्थानों की स्वायत्तता एजेंडा का महत्वपूर्ण भाग बन गया है। स्वायत्तता देने का तात्पर्य ऐसा प्रतीत होता है जैसे कि स्वायत्तता हमारे समक्ष उत्पन्न होने वाली बहुत सी समस्याओं के लिए रामबाण हो। इस अध्ययन का उद्देश्य यह पता लगाना है कि सामान्यतः भारत के उच्चतर शिक्षा संस्थानों में और विशेष रूप से अधि–स्नातक महाविद्यालयों में किस हद तक स्वायत्तता है; अधि–स्नातक स्तर की संस्थाओं को स्वायत्तता प्रदान करने में हितधारको की क्या भूमिका है और साथ ही स्वायत्तता संबद्ध महाविद्यालयों के साथ संबद्ध महाविद्यालयों के कार्यकरण की तुलना करना भी इसका उद्देश्य है।

इन उद्देश्यों के संदर्भ में 5 क्षेत्रों के 10 राज्य विश्वविद्यालयों से संबद्ध 40 महाविद्यालयों के प्रतिदर्श (नमूना) से संग्रहित आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। इस डाटा में प्रयोगानुभविक और द्वितीयक दोनों आंकड़ों को समाहित किया गया है। प्रयोगानुभविक

आंकड़े विश्वविद्यालय के प्रशासकों/महाविद्यालय के प्राचार्यों और अध्यापकों से साक्षात्कार एवं फोकस समूह के विमर्श के माध्यम से एकत्र किया गया। शोध प्रश्न और आंकड़ों के आधार पर रिपोर्ट को पांच अध्यायों में विभक्त किया गय है। इन अध्यायों में सैद्धान्तिक रूपरेखा, महाविद्यालयों में स्वायत्तता का तुलनात्मक विश्लेषण, स्वायत्तता और स्वायत्त महाविद्यालयों पर इसके प्रभाव और अन्य विनियामक/सांविधिक निकायों द्वारा स्वायत्तताके नियंत्रण की विवेचना की गई है और एक अंतिम अध्याय दिया गया है।

वर्तमान में पूर्ण की गई और तैयार रिपोर्ट का संपादन किया जा रहा है और शीघ्र ही इसे प्रस्तुत किया जाएगा।

8. अफ्रीका–एशियाई देशों में बच्चों की अधिगम साम्यता पर कोविड–19 का प्रभाव

परियोजना निदेशकः प्रो. कुमार सुरेश

अफ्रीका–एशियाई विकास नेटवर्क, हिरोशिमा विश्वविद्यालय, जापान के तहत एक सहयोगात्मक अनुसंधान

अनुसंधान अध्ययन पूरा हो गया है रिपोर्ट सीआईसीआई को सौंपी जा रही है।

9. समग्र शिक्षा : स्कूली शिक्षा के लिए एकीकृत योजना (मूल्यांकनपरक अध्ययन)

प्रधान अन्वेषकः प्रो. प्रणति पंडा

अध्ययन पूरा हुआ और मसौदा रिपोर्ट मंत्रालय को सौंपी गई।

10. पी.एम. पोषण, सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 योजना के भारत में कार्यान्वयन संबंधी मूल्यांकनपरक अध्ययन

प्रधान अन्वेषकः प्रो. मधुमिता बंद्योपाध्याय

अध्ययन पूरा हुआ और मसौदा रिपोर्ट मंत्रालय को सौंपी गई।

11. निष्ठाः इसका आच्छादन, सांस्थानिक स्तर (विद्यालय) में इसकी सार्थकता और इसका कार्यान्वयन

प्रधान अन्वेषकः प्रो. सुनीता चुग और डॉ. चारू स्मिता मलिक

अध्ययन पूरा हुआ और मसौदा रिपोर्ट मंत्रालय को सौंपी गई।

12. समतामूलक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए वैश्विक शिक्षक शिक्षा नीतियां और अभ्यास पर मॉड्यूल

प्रधान अन्वेषकः नीरू स्नेही

यूनिवर्सिटी ऑफ ससेक्स, टिस्स, एयूडी और जामिया मिलिया इस्लामिया के सहयोग से निर्माणाधीन वैश्विक साझेदारी सहयोगात्मक परियोजना के अन्तर्गत मॉड्यूल तैयार किया गया और मॉड्यूल का प्रतिवेदन ब्रिटिश काउंसिल में प्रस्तुत किया गया।

अनुसंधान अध्ययन (जारी)

(31 मार्च, 2023 तक)

1. शैक्षिक प्रशासन का तृतीय अखिल भारतीय सर्वेक्षण

अन्वेषकः प्रो. कुमार सुरेश

शैक्षिक प्रशासन सर्वेक्षण राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान की विशिष्ट पहलों में से एक है। ज्ञान सर्वेक्षण का मूल उद्देश्यों राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में शैक्षिक प्रशासन की संरचना और उनके कृत्य के संबंध में सूचना एकत्र करना और यदि कोई अधिगम अंतराल दृष्टिगोचर होता है तो उनकी पहचान करना है। इसके पूर्व दो सर्वेक्षण 1970 और 1990 के दशक में किए गए थे। तृतीय अखिल भारतीय शैक्षिक प्रशासन सर्वेक्षण राज्यों के साथ मिलकर किया गया है। सर्वेक्षण कार्य दिसंबर 2014 में आरम्भ हुआ था। सभी राज्यों से अनुरोध किया गया था कि वे राज्यों में शैक्षिक प्रशासन का कार्य करने के लिए नोडल अधिकारियों को नाम निर्दिष्ट करें। अलग–अलग राज्यों ने अलग–अलग कालावधि में इस अनुरोध के प्रत्योत्तर में कार्य किया। यहाँ तक कि जिन राज्यों ने प्रत्युत्तर दिया था वे भी राज्य विशिष्ट स्थिति के कारण निर्धारित समय सीमा के भीतर सर्वेक्षण कार्य पूरा नहीं कर सके। बहुत से क्षेत्रीय और राज्य विशिष्ट कार्यशालाओं में नोडल अधिकारियों ओर उनकी अपनी–अपनी टीम का सर्वेक्षण के प्रयोजन

और विधि के संबंध में परिबोधन किया गया। उन्हें सूचना एकत्र करने तथा आंकड़े संग्रहित करने की युक्तियों के साथ–साथ रिपोर्ट तैयार करने के लिए प्रारूप और विषयवस्तु भी उपलब्ध करायी गयी। अधिकांश राज्यों ने सर्वेक्षण कार्य पूरा कर लिया था और संबंधित राज्यों को अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया था। तथापि, झारखण्ड जम्मू कश्मीर में सर्वेक्षण कार्य अभी भी पूरा नहीं हुआ है। प्रारूप प्रतिवेदन अभी भी राज्यों के पास लंबित हैं।

शैक्षिक प्रशासन के सर्वेक्षण संबंधी प्रारूप प्रतिवेदनों का संपादन कर इसे प्रसार के लिए अंतिम रूप दिया जाना है।

2. **शैक्षिक प्रशासन की संरचना और कार्यों का अध्ययन** (शैक्षिक प्रशासन के तीसरे अखिल भारतीय सर्वेक्षण के भाग के रूप में विषयगत अध्ययन)

अन्वेषकः प्रो. कुमार सुरेश और अन्शू श्रीवास्तव
(प्रो. विनीता सिरोही पहले टीम की सदस्य थीं लेकिन अन्य प्रमुख अध्ययन और संस्थागत गतिविधियों में व्यस्तता के कारण उन्होंने अपनी असमर्थता व्यक्त की है इसलिए एक और नया सदस्य जोड़ा गया है)

अध्ययन का उद्देश्य शैक्षिक प्रशासन की संरचना और कार्य के पहलू पर संसाधन डाटा अंतराल को पूरा करना है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शैक्षिक प्रशासन की संरचना और कार्यों पर शायद ही जानकारी उपलब्ध है। शिक्षा विभाग की वेबसाइटों में संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शैक्षिक प्रशासन की संरचना की बुनियादी जानकारी शामिल है, लेकिन ये मुख्य रूप से सचिवालय और निदेशालय स्तरों तक सीमित हैं। अधिकांश मामलों में निदेशालय स्तर से नीचे शैक्षिक प्रशासनिक ढांचे की जानकारी बहुत कम है।

यह उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं है कि जिले में और जिला स्तर के नीचे के अधिकारियों के पदनाम, स्थिति और भूमिका में काफी भिन्नताएं हैं। क्षेत्र स्तर के शैक्षिक प्रशासन की स्थिति, भूमिका और कार्यात्मक जिम्मेदारियों का शैक्षिक सेवाओं के कुशल और प्रभावी वितरण पर महत्वपूर्ण असर पड़ता है। जिले और निचले स्तर पर शैक्षिक प्रशासन नीतियों और शैक्षिक विकास के कार्यक्रमों को लागू करना जिम्मेदारियों से भरा हुआ है। इसके अलावा, हाल के वर्षों में शैक्षिक विकास के लिए नीतिगत पहल, क्षेत्र स्तर पर शैक्षिक प्रशासन की स्थिति, भूमिका और कार्यों में मानकीकरण कुछ हद तक आवश्यक है। वास्तव में, संरचनाओं और कार्यों में कोई समानता नहीं है। शैक्षिक प्रशासन से संबंधित कई समस्याएं और मुद्दे हैं। तीसरे अखिल भारतीय सर्वेक्षण शैक्षिक प्रशासन की राज्य रिपोर्टें इन्हें इंगित करती हैं। शैक्षिक प्रशासन की नई चुनौतियाँ किस हद तक प्रशासनिक संरचना नई मांगों और चुनौतियों के लिए पर्याप्त रूप से जवाबदेह है, इसके अन्वेषण की आवश्यकता है।

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि कई राज्यों ने विभिन्न स्तरों पर, विशेष रूप से जिला और ब्लॉक स्तरों पर अपने प्रशासनिक ढांचे में सुधार किए हैं। बिहार कई अन्य राज्यों के साथ इस संबंध में उदाहरण है। कुछ राज्यों में शुरू किए गए सुधार के उपाय दूसरों के लिए शिक्षाप्रद हो सकते हैं। कई बार प्रशासनिक संरचना में किए गए सुधार और राज्य में इसकी कार्यात्मक जिम्मेदारियां अन्य राज्यों के लिए सीखने की संभावनाओं को खोलती हैं। सार्वजनिक डोमेन में सटीक जानकारी उपलब्ध नहीं होने के कारण, पारस्परिक रूप से सीखने की संभावना नहीं है। विभिन्न स्तरों शैक्षिक प्रशासन की संरचना पर जानकारी की अनुपलब्धता के अलावा; राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में शैक्षिक प्रशासन के हर स्तर से जुड़ी कार्यात्मक जिम्मेदारी पर कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है।

इस संदर्भ में तीसरे अखिल भारतीय सर्वेक्षण में शेष अंतरालों को भरने के लिए वर्तमान अध्ययन किया गया।

3. **शैक्षिक प्रशासन में जिला और ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों की स्थिति, भूमिका और जिम्मेदारियां** (शैक्षिक प्रशासन में तृतीय अखिल भारतीय सर्वेक्षण के भाग के रूप में विषयगत अध्ययन)

अन्वेषकः प्रो. कुमार सुरेश और डॉ. वी. सुचरिता

जिला और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी क्षेत्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण शैक्षिक अधिकारी होते हैं। वे स्कूलों के प्रभावी कामकाज को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिला और ब्लॉक स्तर पर शैक्षिक प्रशासन उनकी निगरानी और समर्थन के मामलों में स्कूलों से निकटता से जुड़े होते है; वे स्कूलों और

उच्च स्तर के शैक्षिक प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं। स्कूल स्तर पर सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों का कार्यान्वयन इन अधिकारियों की महत्वपूर्ण कार्यात्मक जिम्मेदारियों को दर्शाता है। किस प्रकार ये अधिकारी क्षेत्र स्तर पर उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं इनकी भूमिका और जिम्मेदारियों के विस्तार के संपूर्ण पहुंच को समझना महत्वपूर्ण है। इस अध्ययन के आंकड़े प्राथमिक और माध्यमिक दोनों स्रोतों पर आधारित है। अध्ययन मुख्य रूप से शैक्षिक प्रशासन के तीसरे अखिल भारतीय सर्वेक्षण सहित जिला शिक्षा अधिकारियों और ब्लॉक स्तर के शिक्षा अधिकारियों के राज्य स्तरीय सम्मेलनों के साथ–साथ जिला और ब्लॉक स्तर के शिक्षा अधिकारियों से संबंधित क्षेत्र–आधारित आंकड़ा संग्रह पर उपलब्ध डेटाबेस पर आधारित होगा। शैक्षिक प्रशासन के तीसरे अखिल भारतीय सर्वेक्षण की राज्य रिपोर्ट में विवरणात्मक प्रारूप के अनुसार जिला और ब्लॉक स्तर के शैक्षिक प्रशासन के बारे में कुछ बुनियादी जानकारियों के अलावा, जिसमें वर्णनात्मक प्रारूप के अनुसार स्थिति, भूमिका और कार्यकारी जिम्मेदारियां शामिल हैं। हालांकि, विश्लेषणात्मक आयाम शामिल नहीं हैं। वर्णनात्मक आंकड़ों का विश्लेषण एक महत्वपूर्ण परिप्रेक्ष्य से किया जाएगा। वर्तमान अध्ययन मुख्य रूप से क्षेत्र अध्ययन के माध्यम से एकत्र किए गए आंकड़ों और जानकारी के अलावा आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित होगा। विश्लेषणात्मक दृढ़ता के संदर्भ में वर्णनात्मक आंकड़ों के महत्व को जोड़ने के लिए, गुणात्मक आयामों को भारत के विभिन्न क्षेत्रों और राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले जिलों और ब्लॉकों को जोड़ा जा रहा है। उपलब्ध आंकड़ों और क्षेत्र आधारित आंकड़ों की स्थिति, जिला और ब्लॉक स्तर के शिक्षा अधिकारियों की भूमिका, जिम्मेदारियों और चुनौतियों दोनों के विश्लेषण के आधार पर किया जा रहा है।

4. भारत के शैक्षिक शासन में संघवाद और संघ–राज्य संबंध (शैक्षिक प्रशासन के तीसरे अखिल भारतीय सर्वेक्षण के भाग के रूप में विषयगत अध्ययन)

अन्वेषकः प्रो. कुमार सुरेश

संघीय प्रणालियों में शैक्षिक प्रशासन संवैधानिक रूप से अनिवार्य न्यायिक विनिर्देश और सरकार के गठन के बाद से दो स्तरों– सरकारी और घटक इकाइयों के बीच जिम्मेदारियों को सौंपने पर आधारित है। कुछ मामलों में शिक्षा के संचालन की जिम्मेदारी विशेष रूप से घटक इकाइयों की होती है। संघीय इकाइयों के लिए नीति और वित्तीय स्वायत्तता स्वाभाविक रूप से जिम्मेदारियों के वितरण के आधार पर होती हैं। अतः शिक्षा के शासन में संघीय सरकारों और घटक इकाइयों के बीच संबंधों की प्रकृति को निर्धारित करता है।

भारत में शैक्षिक प्रशासन की अपनी गतिशीलता संघीय विविधता के तर्क और संदर्भ में गहराई से निहित है। संघ और राज्यों के संवैधानिक रूप से परिभाषित जिम्मेदारियों और यथोचित सीमांत क्षेत्राधिकार सरकार के दो स्तरों के रूप में भारत में शिक्षा के संघीय शासन का औपचारिक मॉडल है। यह एक स्तर पर संघीय इकाइयों की स्वायत्तता के अंतर्निहित आधार पर आधारित है और दूसरे स्तर पर बड़े संघीय आदेश के साथ जैविक कड़ी है। संघीय सरकार से राज्यों के शैक्षिक प्रयासों में सक्षम भूमिका निभाने और साथ ही संघीय विविधता के साथ राष्ट्रीय (संघीय) प्राथमिकताओं को सामंजस्य बनाने में भी उम्मीद की जाती है।

भारत में शिक्षा का प्रशासन संघ और राज्यों के बीच एक साझा जिम्मेदारी है। साझा जिम्मेदारी का संदर्भ संविधान के 42वें संशोधन द्वारा प्रभावित धाराओं के तर्क का विस्तार है। शासन के इस पहलू को संघ और राज्यों के बीच कुछ हद तक सहयोग की आवश्यकता है। संघ और राज्यों के बीच सहकारी साझेदारी की भाषा अक्सर भारत में शिक्षा के संघीय शासन के मॉडल का वर्णन करने के लिए उपयोग की जाती है। सहकारिता साझेदारी (सहकारी संघवाद) का यह उपयोग प्रशासन की समन्वय संरचना के समरूप संबंधों में कितनी सक्षमता के साथ आ सका है, यह एक ऐसा प्रश्न है जिसके अन्वेषण की आवश्यकता है। निस्संदेह, संवैधानिक व्यवस्था की मूल योजना ने शिक्षा के प्रशासन में राज्यों के लिए एक अपेक्षाकृत स्वायत्त डोमेन की परिकल्पना की थी। हालांकि, शिक्षा में सुधार के लिए संघीय सरकार द्वारा संवैधानिक संशोधनों, अधीनस्थ विधानों और नीतिगत पहलों के रूप में संवैधानिक विकास ने संघ–राज्य संबंधों और शासी शिक्षा में राज्यों की क्षमता को काफी हद तक प्रभावित किया है। विशेष रूप से 1980 के दशक के बाद पिछले कई दशकों के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में कई नीतिगत सुधार किए गए हैं। केंद्र सरकार की दिशानिर्देशों में कई केंद्र प्रायोजित योजनाओं और

एजेंसियों के प्रसार, इस अवधि के महत्वपूर्ण घटनाक्रम हैं। ये संघीय सरकार के विस्तार की भूमिका और राज्य सरकारों की सिकुड़ती क्षमता के साधन के रूप में हैं। इसी संदर्भ में अध्ययन आयोजित किया जा रहा है।

अध्ययन प्राथमिक और माध्यमिक आंकड़ों के आधार पर डेस्क और क्षेत्र आधारित अनुसंधान दोनों का संयोजन है। इसके तीन घटक हैं। पहला, संघ–राज्य संबंधों को प्रभावित करने वाले संवैधानिक और उत्तर संवैधानिक विकास का अध्ययन है। इसका प्रमुख उद्देश्य अधिनियम, अधीनस्थ विधान एवं नीतिगत पहल और केंद्र प्रायोजित योजनाओं में सुधार करना। दूसरा, मुख्य रूप से स्कूली शिक्षा पर केंद्रित होगा और तीसरा, उच्च शिक्षा पर केंद्रित होगा। अनुभवजन्य अध्ययन के लिए कुछ राज्यों को जानकारी के रूप में लिया जाएगा। परियोजना सलाहकार समिति के विशेषज्ञों और सदस्यों के परामर्श से अध्ययन में शामिल किए जाने वाले आयामों के विवरण पर काम किया जाएगा।

5. शैक्षिक प्रशासन में नवाचार और नवोन्मेष (शैक्षिक प्रशासन के तीसरे अखिल भारतीय सर्वेक्षण के भाग के रूप में विषयगत अध्ययन)

प्रधान अन्वेषकः प्रो. कुमार सुरेश और डॉ. वी. सुचरिता

शिक्षा प्रणाली और इसकी बहुविध विभाओं (इसके विविध आयामों) के पल्लवन के फलस्वरूप शैक्षिक प्रशासकों के समक्ष शिक्षा तंत्र का प्रबंधन एक बड़ी चुनौती बन गई है। इन चुनौतियों के बीच शैक्षिक प्रशासक अलग–अलग स्तरों पर कार्य कर चुनौतियों को अवसर में परिवर्तित करने के लिए अनेकानेक पहल कर रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में क्षेत्रीय और संस्थागत स्तर के प्रशासन के मामले में विशेष रूप से ऐसा किया जा रहा है। इस अध्ययन में शैक्षिक प्रशासन में विभिन्न रूपों में नवाचार और नवोन्मेष की बारीकियों को समाहित करने का प्रयत्न किया गया है। राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा) के शैक्षिक प्रशासन की अवार्ड की राष्ट्रीय योजना के भी अनुरूप है।

6. भारत में तुलनात्मक शैक्षिक लाभ की स्थानिक गतिशीलता

अन्वेषकः प्रो. मोना खरे

परियोजना की मुख्य विशेषताएँः भारत में शैक्षिक विकास में अन्तर्राज्यीय अभ्यान्तरों के अवधारकों की पहचान करने और उन्हें चिन्हित करने के लिए द्वितीयक आंकड़ा आधारित शोध अध्ययन शैक्षणिक विकास के द्योतक तत्वों को चिन्हांकित करने के बाद शैक्षिक विकास की बहुविध अनुक्रमणिका तैयार करना।

कार्यकलापः विद्यालयी शिक्षा के विकास के लिए सारणीकरण और आंकड़ा विश्लेषण का कार्य पूरा किया गया। प्रथम तीन प्रारूप अध्ययन तैयार है। उच्चतर शिक्षा विकास के संकेतकों को चिन्हाकिंत किया गया है और द्वितीयक स्रोतों से डाटा संकलन का कार्य पूरा हो गया है। स्थानित विकास की सम्मिश्रण अनुक्रमणिका के निर्माण के निमित्त संसूचकों को चिन्हांकित किया गया है ओर संकलन कार्य पूरा हो गया है। शोध अध्ययन से उद्धृत तीन पत्र संगोष्ठियों में प्रस्तुत किए गए और उन्हें प्रकाशित किया गया। जिला स्तर पर डाटा संकलन किया गया और उनका परिशोधन और सारणीकरण करने के पश्चात् परिकलन कार्य पूरा किया गया। राज्य स्तरीय विश्लेषण कार्य पूरा हो गया है। राज्यों के प्रतिवेदन तैयार किए जा रहे हैं। मध्य प्रदेश राज्य का प्रतिवेदन आधा तैयार हो चुका है। अंतिम प्रतिवेदन तैयार करने में कुछ महीने के लिए एक परियोजना स्टाफ का अनुरोध किया गया है।

7. भारत में उच्चतर शिक्षा स्नातकों का रोजगार और रोजगारशीलता

अन्वेषकः प्रो. मोना खरे

भारत की गणना विश्व की सबसे बड़ी शिक्षा प्रणालियों में से एक के रूप में की जाती है, शिक्षित स्नातकों की रोजगार क्षमता के अक्सर देश के समक्ष आने वाली सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बड़ी चुनौती मानी जाती है। भारत विकास की गाथा इस अर्थ में अनुपम है कि यहाँ आर्थिक विकास के व्यापक स्वीकृत मॉडल अर्थात् कृषि से उद्योग और फिर सेवा के क्षेत्र में अंतरण को चुनौती दर है। स्वतंत्रता के आरंभिक वर्षों में विनिर्माण जगत से होने वाली वृद्धि शीघ्र ही तृतीयक क्षेत्र की प्राधान्यता से प्रतिस्थापित हो गया। साथ ही, 1960 के दशक से 1980 के दशक तक की कम रोजगार वृद्धि और इस अवधि में शिक्षित बेरोजगारों की बढ़ती हुई संख्या की उदारीकरण युग अर्थात् 1990 के दशक में पुनरावृत्ति हुई। जबकि भारतीय अर्थव्यवस्था औद्योगिक क्षेत्र में अग्रेसित हुआ जिसका भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 3/4 हिस्सा

योगदान है। रोजगार के मामले में यह बात सही नहीं बैठती। जहाँ एक बड़ी आबादी कृषि और कृषि से सम्बद्ध कार्यकलापों में व्यस्त है। जिसमें से एक बड़ा हिस्सा जीवन निर्वाह का स्तर पारंपरिक कृषि ही है। तथापि, भावी अनुमान से पता चलता है कि रोजगार के मामले में 60 प्रतिशत नौकरियों की बढ़ोतरी सेवा क्षेत्र में होगी। स्नातकों की रोजगारपरकता की समस्या में पूर्ति और मांग दोनों पक्ष सम्मिलित हैं। इतना ही नहीं रोजगार परकता और कौशल ह्रास को भी रोजगार, बेरोजगारी और श्रम बाजार की परिस्थितियों से पूर्णतः अलग नहीं किया जा सकता है। वर्तमान अध्ययन में बाह्य और आन्तरिक कारकों के साथ–साथ मांग और पूर्ति संबंधी कारक जिनका स्नातक रोजगार परकता पर प्रभाव को संयुक्त रूप से दर्शाने का प्रयत्न किया गया है। इस अध्ययन में तीन अन्तःसंबद्ध जगत अर्थात् सूक्ष्म, संस्थानिक और व्यक्तिगत स्तरों पर भारत में स्नातक रोजगार परकता और उच्चतर शिक्षा के विषय को समझने का प्रस्ताव है जो इस प्रकार हैंः– शिक्षित रोजगार/बेरोजगारी के रूझान के वृहद आर्थिक आयाम; उद्योग की बढ़ती हुई माँग और विश्वविद्यालय/उच्चतर शिक्षा के आयाम; व्यष्टिक हितधारकों का उच्चतर शिक्षा में भागीदारी के बारे में बदलते हुए अवबोध और प्रत्याशा तथा रोजगार की तैयारी के सन्दर्भ में प्रावधान। इस अध्ययन का उद्देश्य शोध संबंधी निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर देना है: (क) उच्चतर शिक्षा स्नातकों की रोजगारपरक कौशल के संबंध में नियोक्ताओं का परिप्रेक्ष्य; (ख) उनके कार्य स्थल अपेक्षाओं की तुलना में विश्वविद्यालय की शिक्षा के दौरान रोजगार की तैयारी के बारे में नए कर्मचारियों के क्या अनुभव हैं; (ग) रोजगार परकता के लिए कौशल विकसित करने के बारे में विद्यार्थियों की उच्चतर शिक्षा संस्थानों से क्या उम्मीदें हैं; (घ) उद्योग के लिए तैयार स्नातकों को तैयार करने में उच्चतर शिक्षा क्षेत्र की भूमिका में विश्वविद्यालय के शिक्षक और प्रशासकों की क्या अनुक्रिया है? (ङ) क्या स्नातक रोजगार परकता कौशल नीति समय की माँग है? प्रमुख हितधारकों के संदर्श यथा नियोक्ता और नए कर्मचारी, विद्यार्थी और शिक्षकगण का पता लगाया जाता है जो शोध संबंधी प्रश्नों के उत्तर दे सकें। यह देश में बहु–स्तरीय, बहु–राज्यीय अध्ययन है जिसमें देश के कई शहरों को शामिल किया गया है। चिन्हित छह शहरों में स्तर–I के चार शहर– मुम्बई, दिल्ली, बेंगलुरू, हैदराबाद हैं। स्तर–II के शहरों में लखनऊ प्रमुख रोजगार प्रदाता है; स्तर–III श्रेणी के शहरों में उदयपुर रोजगार उपलब्ध कराने वाले प्रथम तीन शहरों में से एक है।

इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य स्नातक रोजगार परकता को सभी हितधारकों के अवबोध का विश्लेषण करना; नियोक्ता–कर्मचारी समुदाय और शैक्षणिक समुदाय (विद्यार्थी और शिक्षकों) में स्नातमक रोजगार परकता कौशल के बारे में प्रसरण व विभिन्नता को समझना, महिला और पुरुष, सामाजिक समूहों और क्षेत्रों के बीच कौशल अंतरक विभेद की रोजगार परकता का परिमाप, भारतीय विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में विद्यमान ऑन–कैम्पस/ऑफ कैम्पस रोजगार परकता सहयोग का अध्ययन करना और उच्चतर शिक्षा स्नातकों को लाभप्रद रोजगार प्राप्त करने में आनेवाली संस्थानिक अड़चनों को चिन्हित करना है।

विश्लेषण फ्रेमवर्क कार्यशाला 18 और 19 जनवरी, 2018 को आयोजित की गयी। 5 राज्यों (महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना की उच्चतर शिक्षा स्नातकों के रोजगार और रोजगार परकता के संबंध में सीपीआरएचई अध्ययन की समीक्षा की जा रही है। (चार की समीक्षा की गई, दो अंतिम संस्करण प्राप्त हुए हैं)। उच्चतर शिक्षा स्नातकों के रोजगार और रोजगार परकता के संबंध में सीपीआरएचई का संलिष्ट प्रतिवेदन तैयार किया जाना है (शीघ्र ही पूरी होने वाली है)।

8. भारत में माध्यमिक शिक्षा में सरकारी–निजी क्षेत्र का समन्वयः आकार, विद्यालय में उपलब्ध सुविधाएं और नामांकन (प्रवेश) की रूपरेखा

अन्वेषकः डॉ. एन.के. मोहंती

पीआई द्वारा दी गई मौखिक सूचना के आधार पर उन्होंने विभागीय सलाहकार समिति (डीएसी) की बैठक में शोध अध्ययन के चरण–2 के लिए नया शोध प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।

9. ओडिशा में माध्यमिक स्तर पर अनुसूचित जाति के बच्चों की छात्रवृत्ति योजना और शैक्षिक गतिशीलता का अध्ययन

अन्वेषकः डॉ. एस.के. मलिक

अध्ययन के उद्देश्यः

1. माध्यमिक स्तर पर अनुसूचित जाति के बच्चों की

शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छात्रवृत्ति योजनाओं के कार्यान्वयन की प्रकृति और सीमा का पता लगाना;

2. स्कूल पूर्ण होने पर अनुसूचित जाति के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना की प्रभावशीलता और शिक्षा के उच्च स्तर पर उनकी गतिशीलता की जांच करना;

3. छात्रों को उनके अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति का लाभ उठाने और उपयोग करने में आने वाली समस्याओं और बाधाओं का पता लगाना;

4. योजनाओं के कार्यान्वयन में सरकार और स्कूल प्रशासन के अधिकारियों द्वारा समस्याओं और बाधाओं का पता लगाना और

5. छात्रवृत्ति योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए उपयुक्त उपायों का पता लगाना।

अध्ययन की पद्धति

वर्तमान में उड़ीसा राज्य का अध्ययन किया जा रहा है। वहाँ तीस जिले हैं। अध्ययन के प्रयोजनार्थ, जिले का चयन साक्षरता दर के आधार पर किया जाएगा। तीस जिलों में से अध्ययन के प्रयोजनार्थ सर्वाधिक साक्षरता दर वाले अनुसूचित जाति के आबादी वाले दो जिले का चयन किया गया। (जगतसिंहपुर और खोर्दा) दो चयनित जिलों में से प्रत्येक जिले के दो प्रखण्डों का चयन माध्यमिक स्तर पर अनुसूचित जाति के अधिक नामांकन के आधार पर किया गया। प्रत्येक प्रखंड से माध्यमिक स्तर पर अनुसूचित जाति के बच्चों के सर्वाधिक नामांकन वाले 5 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों का चयन किया गया। अध्ययन के प्रत्यर्थियों में प्रधानाध्यापक, विद्यार्थी, पूर्व विद्यार्थीगण, प्रशासकगण और माता–पिता थे।

अध्ययन की वर्तमान स्थिति

1. साहित्य की समीक्षा कार्य पूर्ण हो गया है।

2. रिपोर्ट लिखने का कार्य प्रगति पर है और अंतिम रिपोर्ट जुलाई, 2023 तक प्रस्तुत की जाएगी।

10. चयनित राज्यों में निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009 के तहत निजी स्कूलों में कमजोर वर्गों और वंचित समूहों के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटों के प्रावधान के कार्यान्वयन का अध्ययनः नीति और व्यवहार

अन्वेषकः प्रो. अविनाश कुमार सिंह

पृष्ठभूमि

निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा (आरटीई) अधिनियम के कार्यान्वयन के साथ, अधिनियम की धारा 12(1)(सी) के तहत राज्यों ने कमजोर वर्गों और वंचित समूहों (ईडब्ल्यूएस) से संबंधित बच्चों के लिए निजी और गैर सहायता प्राप्त प्राथमिक स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें निःशुल्क प्रदान करना शुरू कर दिया है। हालांकि, अधिनियम अपने कार्यान्वयन के चौथे वर्ष में है, संबंधित प्राधिकारियों के बीच बहुत स्पष्टता नहीं है कि प्रावधान से संबंधित नियमों और विनियमों को कैसे लागू किये जा रहे हैं। उदाहरण के लिए, बच्चों की पहचान और चयन के लिए पात्रता मानदंडों का पालन कैसे किया जा रहा है? निजी स्कूल विभिन्न राज्यों में संवैधानिक प्रतिबद्धताओं और प्रावधानों को पूरा करने में नियमों और विनियमों का पालन कैसे कर रहे हैं? इन अधिकारों को हासिल करने में माता–पिता और बच्चों को किन समस्याओं और बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है? आरटीई प्रावधान के कार्यान्वयन में अंतर और अंतर–राज्यीय दोनों प्रकार के बदलाव बताए गए हैं। इस संदर्भ में, देश के 5 अलग–अलग क्षेत्रों में फैले चयनित 10 राज्यों में शिक्षा के अधिकार अधिनियम–2009 के तहत वंचित बच्चों की शिक्षा की नीति और प्रथाओं की समझ विकसित करने के लिए एक खोजपूर्ण अध्ययन किया जा रहा है।

मुख्य उद्देश्य

अध्ययन के मुख्य उद्देश्य हैं:

i) नीति और प्रथाओं के संदर्भ में विभिन्न राज्यों में आरटीई अधिनियम के तहत आरक्षण प्रावधान के कार्यान्वयन की प्रकृति और सीमा का आकलन करना;

ii). वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की श्रेणियों से संबंधित बच्चों और अभिभावकों के बीच आरक्षण के प्रावधानों के बारे में जागरूकता स्तर का पता लगाना;

iii). स्कूल और कक्षा में विभिन्न सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि से बच्चों के समायोजन से संबंधित मुद्दों की जांच करना;

iv). विभिन्न राज्यों के स्कूलों में आरक्षण प्रावधानों के कार्यान्वयन के बारे में अभिनव अभ्यास की पहचान करना;

v). विभिन्न हितधारकों, अभिभावकों, बच्चों, शिक्षकों और शिक्षा अधिकारियों द्वारा आरटीई प्रावधानों के कार्यान्वयन में आने वाली समस्याओं और बाधाओं की पहचान करना; तथा

vi). निजी स्कूलों में आरक्षण के आरटीई प्रावधान की योजना और कार्यान्वयन को प्रभावी बनाने के लिए उपयुक्त उपाय सुझाना।

वर्तमान स्थिति

उपरोक्त अनुसंधान परियोजना कार्यान्वयन के प्रारंभिक चरण में है, जिसमें विषय के अनुसंधान और विकास से संबंधित साहित्य की समीक्षा और अनुसंधान उपकरणों का विकास शामिल है। साहित्य समीक्षा के तहत, चयनित राज्यों के प्रोफाइल और राज्यों में आरटीई मानदंडों का अनुपालन, माध्यमिक आधिकारिक आंकड़ों के आधार पर तैयार किया जा रहा है। अध्ययन के तहत निर्धारित मानदंडों पर चुने गए 10 राज्य शामिल हैं: केरल, कर्नाटक, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान महाराष्ट्र, झारखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार और असम। इसके अलावा, आंकड़ा संग्रह के उपकरण के प्रारूप तैयारी के तहत हैं। निम्नलिखित उपकरणों की रूपरेखा तैयार किये हैं:–

- स्कूल सूचना अनुसूची
- माता–पिता साक्षात्कार अनुसूचियां
- मुख्य अध्यापक और अन्य अध्यापकों के लिए अनुसूचियां
- वंचित समूह और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों के लिए अनुसूची
- बच्चों के माता–पिता और अन्य सामुदायिक सदस्यों के लिए अनुसूचियां
- स्कूल प्रबंधन समितियों के सदस्यों के लिए अनुसूची
- विभिन्न स्तरों (क्लस्टर, ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर) पर शिक्षा कर्मियों के लिए जांच सूची
- कक्षा अवलोकन अनुसूचियां
- केन्द्र समूह चर्चा के लिए जांच सूची

दिल्ली और झारखण्ड में एक प्रायोगिक क्षेत्रीय कार्य किया गया है। प्रायोगिक क्षेत्र कार्य में, प्रारूप शोध उपकरण अभिकल्प की परख की गई है। क्षेत्रीय कार्य के दौरान प्राप्त जानकारी के आधार पर संसाधनों और उपकरणों को अंतिम रूप दिया गया। कोविड महामारी और इसके परिणाम स्वरूप विद्यालय बंद होने के कारण क्षेत्र–आधारित प्राथमिक आंकड़ा संकलन का कार्य पूरा नहीं किया जा सका। शोधपरक विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का भी आयोजन किया गया है और द्वितीयक स्रोतों से प्राप्त होने वाले आंकड़ों को भी इसमें समाहित किया जा रहा है। आगामी तीन से चार महीने के लिए गहन डाटा संकलन की योजना बनाई गई है, तत्पश्चात् आंकड़ा विश्लेषण और प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का कार्य किया जाएगा। द्वितीयक स्रोत डाटा और प्रायोगिक क्षेत्रीय कार्य से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर शैक्षिक प्रतिवेदन तैयार किया गया है। इसके अलावा अल्पावधि के भीतर सीमित पैमाने पर क्षेत्रीय कार्य करने के लिए आकस्मिक योजना के आधार पर शोध परियोजना को छह माह का समय विस्तार दिया गया है। समय विस्तार के आधार पर परियोजना कर्मचारियों की नियुक्ति के साथ, क्षेत्रीय कार्य और आंकड़ा संकलन का कार्य आगामी माह में आरम्भ होने की उम्मीद है।

11. भारत में उच्चतर शिक्षा सुधार की राजनीतिक अर्थव्यवस्थाः सुधार के सिद्धान्तों, नीतियों और संस्थानों पर तुलनात्मक परिप्रेक्ष्य (1991–2012)

अन्वेषकः प्रो. मनीषा प्रियम

इस शोध में मैसूर विश्वविद्यालय और पटना विश्वविद्यालय के मामलों का उपयोग करते हुए उच्च शिक्षा की राजनीतिक अर्थव्यवस्था का अध्ययन करने के लिए एक केस तुलनात्मक पद्धति का उपयोग शामिल है। संदर्भ से परिचित होने, मिलने वाले व्यक्तियों की सूची तैयार करने, प्रमुख सूचनादाताओं के लिए साक्षात्कार कार्यक्रम तैयार करने और मैसूर विश्वविद्यालय और पटना विश्वविद्यालय का प्रासंगिक द्वितीयक साहित्य और नीति दस्तावेज़ का की ग्रंथ सूची तैयार करने हेतु दोनों क्षेत्रों का दौरा किया गया।

अनुसंधान परियोजना के लिए क्षेत्रीय कार्य, कोविड–19 के परिणामस्वरूप अभूतपूर्व राष्ट्रीय लॉक–डाउन के कारण रुक गया और अनुरोध पर, परियोजना को एक वर्ष का विस्तार दिया गया।

प्रतिवेदन और प्रकाशनों की स्थिति

- 2022:''द मॉडर्न यूनिवर्सिटी इन अ लोकल एरीनाः द पॉलिटिक्स ऑफ एजुकेशनल रिफॉर्म्स इन प्रिंसली मैसूर,'' रॉब जैनकिन्स एंड लूइस टिलिन (संपादित) में प्रकाशित। डिके एंड पॉलिटिकल रीजेनरेशन इन इंडियन पॉलिटिक्सः एसेज इन औनर ऑफ जेम्स मैनर, ओरिएण्ट ब्लैक्स्वान (पुस्तक के अध्याय के रूप में आ रहा है)
- 2022: '' बाउंडेड एस्पिरेशन्स एंड यूथ कैपेसिटीः इन्टेरोगेटिंग पब्लिक हायर एजुकेशन इन नॉर्थ इंडिया ''जर्नल ऑफ साउथ एशियन हिस्ट्री एंड कल्चर (पत्रिका के आलेख के रूप में प्रकाशनाधीन', यह टेलर एंड फ्रांसिस का विशेष जर्नल वॉल्यूम जर्नल ऑफ साउथ एशियन हिस्ट्री एंड कल्चर है।)
- 2022: 'ऐन इंस्टिट्यूशन ऑफ मॉडर्निटी एमिस्ट द रूरल फिल्ड्स ऑफ मैसूरः रिफ्लेक्शन्स ऑन द महाराजाज़ कॉलेज, श्रीवास्तव, आरती (संपादित) द सेन्टेनैरियन्स, राउटलेज (पुस्तक के अध्याय के रूप में प्रकाशनाधीन।)
- 2019: ''मिसिंग वूमेन लीडरशिप इन इंडियन हायर एजुकेशन, शामिका रवि (संपादित) में डिफिकल्ट डायलौग्सः अ कम्पेडियम ऑफ कंटेम्पोरेरी एसेज ऑन जेंडर इन इक्वालिटी इन इंडिया, नई दिल्लीः बूकिंग्स इंडिया।

अब तक पूर्ण कार्य

1. मैसूर विश्वविद्यालय और महाराजा कॉलेज जो विश्वविद्यालय की नींव स्थापित करने के क्रम में प्रमुख संस्थान था, के मुख्य कार्यकारियों का साक्षात्कार किया।
2. मैसूर विश्वविद्यालय और महाराजा महाविद्यालय के पुराने शिक्षकगण और एलुम्नाई का साक्षात्कार पूर्ण।
3. पटना विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों – कुलपति, सम–कुलपति और पटना विश्वविद्यालय के संकाय के साथ साक्षात्कार हो चुका है।
4. पटना महाविद्यालय और पटना विश्वविद्यालय में विद्यार्थी केन्द्रित समूह चर्चाएं की गई और इसकी प्रतिलिपि रखी गई है।
5. महत्वपूर्ण सूचना प्रदाताओं इत्यादि के साथ आगे के साक्षात्कार के लिए साक्षात्कार की समय सूची तैयार कर ली गई है।
6. पटना विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय से पटना विश्वविद्यालय की शासन व्यवस्था के बारे में पृष्ठाकार सामग्री संकालित की गई है।
7. मैसूर विश्वविद्यालय के शासकीय दस्तावेजों का संकलन भी किया है और साथ ही मैसूर विश्वविद्यालय के इतिहास और कार्यकरण से संबंधित कुछ प्रकाशनों का भी संकलन किया।
8. महाराजा कॉलेज– सामाजिक जाति श्रेणी में प्रवेश पाने वालों के भी आंकड़े एकत्र किए हैं। इस दत्र का विश्लेषण किया जा रहा है ताकि नामांकन की प्रकृति को देखा जा सके, और इसमें कोई किसी प्रकार की विभिन्नता तो नहीं है जिससे राज्य की नीतिगत योजनाओं के माध्यम से विद्यार्थी के अभिगम में साम्यता के विषयों में सहयोग प्रदान किया जाता है।

प्रारंभिक क्षेत्रीय कार्य के फलस्वरूप निम्नांकित सार्थक चिंतन उद्भासित हुआः

1) मैसूर विश्वविद्यालय परंपरागत तौर पर उदारवादी कला (लिबरल आर्ट) और मानविकी का केन्द्र रहा है, जबकि बंगलौर विश्वविद्यालय विज्ञान में विशेषज्ञता रखता है।
2) मैसूर के महाराजा का विश्वविद्यालय की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसका शुभारंभ महाराजा निःशुल्क विद्यालय के रूप में हुआ था। तत्पश्चात् यह महाराजा कॉलेज बन गया और अब यह मैसूर विश्वविद्यालय का मनसा गंगोत्री कैम्पस है।
3) दर्शनशास्त्र, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, कन्नड़ साहित्य विभाग और प्राच्य अधिगम (संस्कृत) केंद्र के शिक्षक–शिक्षिकाओं ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण सराहना करी है।
4) आज यह विश्वविद्यालय कन्नड़ माध्यम में विद्वत अधिगम का केंद्र है।

5) विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों में पद्म पुरस्कार और ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त करने वाले व्यक्ति शामिल हैं।

मैसूर और बेंगलूरू में किस प्रकार का कार्यकलाप किया जाना शेष हैः–

1) मैसूर विश्वविद्यालय के नीति–निर्माता अधिशासी अधिकारियों के साथ शासन व्यवस्था और नीतिगत सुधार के विषय पर साक्षात्कार।

2) लिंग और सामाजिक जातीय विविधता के दृष्टिगत प्रवेश, अध्यापकों की नियुक्तियाँ और पदरिक्तियाँ, विश्वविद्यालय की वित्तीय व्यवस्था और मैसूर विश्वविद्यालय के संस्थानिक विविधीकरण संबंधी दत्र संकलन।

3) सरकारी अभिलेखागार, बेंगलूरू से अभिलेखीय सामग्री का संकलन।

4) मैसूर/कर्नाटक सरकार से, बेंगलूरू के पिछड़ा वर्ग आयोग के प्रतिवेदनों का अवलोकन।

5) शासन व्यवस्था और नीतिगत सुधारों के संबंध में पटना विश्वविद्यालय के नीति–निर्धारक पदाधिकारियों के साथ साक्षात्कार

6) लिंग और सामाजिक जाति विविधता के आधार पर नामांकन, शिक्षकों की नियुक्तियां और पदरिक्तियां, विश्वविद्यालय की वित्त व्यवस्था और विश्वविद्यालय की संस्थानिक शासन व्यवस्था के बारे में आंकड़ा संकलन

7) सरकारी अभिलेखागार, कोलकत्ता से अभिलेखागार में उपलब्ध सामग्री का संकलन।

8) विद्यार्थियों के साथ विषय केंद्रित सामूहिक विमर्श और छात्रावास सुविधाओं का अवलोकन।

9) विश्वविद्यालय नेतृत्व, कुलपति की भूमिका तथा मुख्य चुनौतियों के बारे में महत्वपूर्ण सूचनापरक साक्षात्कार।

12. स्कूल शिक्षा के भू–स्थानिक सूचना प्रणाली का प्रायोगिक अध्ययन

अन्वेषकः श्री एनुगुला एन. रेड्डी

01 अप्रैल, 2022 से 31 मार्च, 2023 की अवधि के दौरान कोई विवरण प्रदान नहीं किया गया।

13. प्रशिक्षण आवश्यकताओं की पहचान करने के लिए शैक्षिक प्रशासकों के वर्तमान की तुलना में भविष्यपरक कार्यों एवं भूमिकाओं की समलोचनात्मक जाँच करने हेतु गहन अध्ययन

अन्वेषकः प्रो. बी.के. पंडा और डॉ. मोना सेदवाल

पृष्ठभूमि और समीक्षा

सभी स्तरों पर मानव संसाधन प्रबंधन में सार्थक परिवर्तन आया है। संगठन अपने लोगों को प्रबंधन और विकास में बहुत अधिक महत्व दे रहे हैं। ऐसा भी महसूस किया गया है कि न केवल शिक्षकों को तैयार करने की आवश्यकता है प्रत्युत निरंतर उन शैक्षणिक प्रशासकों का भी क्षमता निर्माण किए जाने की आवश्यकता है जिन पर शैक्षणिक संस्थानों के कुशल और सफल प्रबंधन का दायित्व है। देश के विभिन्न राज्यों में अनेक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किए गए हैं। तथापि, उनमें से अधिकांश संस्थानों में या तो सेवा–पूर्व या सेवाकालीन शिक्षक प्रशिक्षण पर बल दिया जाता है। इसके अलावा, व्यावसायिक विकास के लिए कोई ऐसे विशिष्ट कार्यक्रम नहीं हैं जिसे उन शैक्षणिक प्रशासकों के लाभार्थ बनाया गया हो जो कि जिला और अनुमंडल स्तर पर कार्य कर रहे हैं या सेवारत हैं। शैक्षणिक प्रशासकों के ये संवर्ग ज्यादातर मामलों में उपेक्षित रहते हैं और उन्हें चुनौतीपूर्ण नई नीति, सरकारी कार्यक्रम और परियोजनाओं की सम्हलाई के लिए अपने सर्वांगीण व्यावसायिक कौशल और अभिक्षमताओं के कोटि उन्नयन का अवसर नहीं प्राप्त हो पाता है। समुचित व्यावसायिक विकास कार्यक्रम उपलब्ध नहीं होने के परिणामस्वरूप शैक्षणिक प्रशासकों के व्यावसायिक विकास के लिए राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रमों का कार्यान्वयन प्रभावित हुआ है।

शैक्षणिक प्रशासकों के लिए प्रशिक्षण मॉडल पर बल

देश के प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक प्रशासकों को प्रशिक्षित करने की गुंजाइश बहुत कम या नगण्य होने की वर्तमान स्थिति को देखते हुए राज्य, जिला और प्रखंड स्तर पर कार्यरत शैक्षणिक प्रशासकों के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण फ्रेमवर्क बनाए जाने की आवश्यकता है ताकि उन्हें शिक्षा संबंधी विद्यमान नीतियों और कार्यक्रमों के बारे में समय–समय पर जानकारी दी जा सके। यह

फ्रेमवर्क सतत रूप से शैक्षणिक प्रशासकों क आवश्यकता को पूरा करने में समर्थ हो सकता है जिसमें संबंधित राज्यों में स्थापित मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थाओं के माध्यम से सम्यक् प्रभावी व्यावसायिक विकास कार्यक्रम चलाए जा सकते हैं। इनमें सेवा मे ंप्रवेश के समय और सेवा अवधि के मध्य में गुणवत्तापरक प्रशिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध कराने के साथ साथ इसे व्यापक बनाने के लिए कतिपय मार्गदर्शी सिद्धान्तों को अपनाया जा सकता है।

इस संदर्भ में, शैक्षणिक प्रशासकों के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण फ्रेमवर्क बनाकर शैक्षणिक प्रशासकों की क्षमता विकसित करने का प्रस्ताव है। इस फ्रेमवर्क का अभिकल्प कतिपय मुद्दों को शामिल करने के लिए तैयार किया गया है। यथाः (क) इन शैक्षणिक प्रशासकों के लिए किस प्रकार के प्रशिक्षण संस्थान बनाए जाने की आवश्यकता है। (ख) जिन शैक्षणिक प्रशासकों के संवर्ग को प्रशिक्षित किए जाने की आवश्यकता है उनकी पहचान करना। (ग) इन शैक्षणिक प्रशासकों के मध्य किस प्रकार की व्यावसायिक क्षमता और कौशल निर्माण किए जाने की आवश्यकता है, उनका अभिनिश्चय करना। (घ) विद्यमान प्रशिक्षण संस्थाओं की राष्ट्रीय स्तर एवं राज्य स्तर तक उन्नयन करना और उनके विकास हेतु योजना निर्माण करना।

अध्ययन का उद्देश्य

- शैक्षिक प्रशासकों को प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण का भविष्य के आयामों हेतु पहचान करना;
- शैक्षिक प्रशासकों की क्षमता के निर्माण के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान करना;
- मौजूदा प्रशिक्षण सुविधाओं और ऐसे संस्थानों की क्षमताओं को समझना जो शैक्षिक प्रशासकों को प्रशिक्षण प्रदान करते हैं;
- शैक्षिक और प्रशासनिक दोनों क्षेत्रों के संदर्भ में शैक्षिक प्रशासकों के व्यावसायिक विकास के लिए एक मॉडल प्रशिक्षण ढांचा विकसित करना; तथा
- एक मॉडल कार्यक्रम विकसित करना जो संसाधनों की दृष्टि से प्रशिक्षण के कार्यान्वयन में स्थायी हो और लागत प्रभावी को बनाने और ई–लर्निंग विधियों के उपयोग की पहुँच व्यवहार्य हो।

1. ''प्रशिक्षण आवश्यकताओं की पहचान के लिए शैक्षिक प्रशासकों की भूमिका और कार्यों पर अध्ययन'' की पहली विषयगत रिपोर्ट 19 अक्टूबर, 2020 को कुलपति के कार्यालय और परियोजना प्रबंधन एकक को प्रस्तुत की गई थी।
2. ''क्षमता विकास – अफ्रीकी शैक्षिक प्रशासकों की अपेक्षाएँ'' विषय पर अध्ययन का दूसरी विषयगत रिपोर्ट जुलाई 2022 में प्रस्तुत की गई।
3. तीसरी और अंतिम रिपोर्ट की समीक्षा एवं डाटा संकलन का कार्य प्रगति पर है।

अभी तक अनुसंधान अध्ययन के दो रिपोर्ट अक्टूबर, 2020 और जुलाई 2022 में पहले ही प्रस्तुत की जा चुकी हैं। तीसरी और अंतिम रिपोर्ट का कार्य प्रगति पर है।

14. राजस्थान के शैक्षिक रूप से और गैर–शैक्षिक रूप से पिछड़े ब्लॉक में सामाजिक गतिशीलता और स्कूल प्रबंधन का तुलनात्मक अध्ययन

अन्वेषकः डॉ. मोना सेदवाल

शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई), 2009 ने राष्ट्र भर के स्कूलों में बच्चों को लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राजस्थान में भी, आरटीई ने स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) और जमीनी स्तर पर काम कर रहे अन्य शैक्षणिक संस्थानों पर प्रमुख जिम्मेदारियों को बढ़ावा देकर इसे एक वास्तविकता बना दिया है। इसी तर्ज पर, भारत सरकार ने शैक्षिक रूप से पिछड़े ब्लॉक (ईबीबी) की पहचान की है जहाँ सभी के लिए शिक्षा को वास्तविकता बनाने के लिए ठोस प्रयास किए गए हैं।

उपर्युक्त चर्चा से को ध्यान में रखते हुए, वर्तमान अध्ययन में स्कूल प्रबंधन में जाति की गतिशीलता के प्रकाश में एसएमसी की संरचना के प्रभाव की जांच करने का प्रस्ताव है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन) अधिनियम, 1976 के अनुसार, राजस्थान में राज्य में अनुसूचित जाति की 59 श्रेणियां हैं। राजस्थान राज्य में 17 प्रतिशत अनुसूचित जाति और 13 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति शामिल हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार, साक्षरता 53 प्रतिशत है।

अध्ययन के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैंः–

- शैक्षिक रूप से पिछड़े ब्लॉक और गैर–शैक्षिक रूप से पिछड़े ब्लॉक के गांवों में स्कूल प्रबंधन पर इसके

सामाजिक संरचना, इसके संबंध और प्रभाव का आकलन करने के लिए।

- स्कूल प्रबंधन के कामकाज और स्कूल प्रबंधन के सदस्यों के रवैये और ईबीबी और गैर–ईबीबी में अनुसूचित जातियों के समुदायों से आने वाले बच्चों के प्रति मुख्याध्यापक के दृष्टिकोण का अध्ययन करना।
- ईबीबी और गैर ईबीबी में बीईओ, डीईओ, डायट और एसआईईआरटी द्वारा प्रदान किए गए शैक्षिक इनपुटों की मदद से एसडीपी को विकसित करने और इसे लागू करने में स्कूल प्रबंधन की भागीदारी का अध्ययन करना।
- यह अध्ययन करने के लिए कि ईबीबी और गैर–ईबीबी में एससी जनसंख्या के लिए गाँव स्तर पर स्कूल प्रबंधन की कार्यप्रणाली कितनी समावेशी है।
- सामग्री और कार्यप्रणाली के साथ–साथ एसएमसी के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रभाव का मूल्यांकन करने और ईबीबी और गैर–ईबीबी गांवों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अ.जा. सदस्यों की भागीदारी दर का आकलन करना।
- वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन तथा एम.फिल. वैकल्पिक पाठ्यक्रम 5 में अध्यापन कार्य के अतिरिक्त कार्यभार के कारण शोध कार्य के लिए क्षेत्र में जाने में असमर्थता के कारण विलंब हुआ।
- अध्ययन की वर्तमान स्थितिः शोध कार्य हेतु प्रथम तीन अध्यायों का प्रारूप तैयार किया जा चुका है।
- आंकड़ा संकलनः क्षेत्रीय कार्य किया जा रहा है क्योंकि पहला दौरा जनवरी, 2023 और मार्च 2023 में किया गया था। आंकड़े अभी भी संकलित किये जाने हैं जिसके निमित्त फोकस ग्रुप डिसकशन (केन्द्रित सामूहिक विमर्श) के लिए आगे का दौरा किया जाना है और वैयक्तिक साक्षात्कार भी समयानुक्रम में आयोजित किया जाना है। स्कूल बंद होने के कारण इसे करना संभव नहीं है और विद्यालयों के खुलते ही इस कार्य को पुनः आरम्भ किया जाएगा।

15. भारतीय स्नातक महाविद्यालयों में पुस्तकालय सुविधाएं और छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन पर इसका प्रभाव

अन्वेषकः डॉ. संगीता अंगोम

पुस्तकालय शिक्षकों, शोधकर्ताओं, छात्रों के साथ–साथ जनता के लिए सीखने का बहुत महत्वपूर्ण स्रोत है। विश्व के उन्नत देशों की तुलना में भारतीय महाविद्यालयों और उसके पुस्तकालयों की स्थिति दयनीय है। अधिकांश महाविद्यालयों में पुस्तकालय की उचित सुविधाएँ नहीं हैं और जहाँ भी पुस्तकालय उपलब्ध हैं, वहाँ न तो उचित रूप से अनुरक्षित हैं और न ही प्रशिक्षित जनशक्ति द्वारा प्रबंधित किया जाता है। इस समस्या के कई कारण हैं जिनमें बजट, स्थान, संसाधन, जनशक्ति, राष्ट्रीय नीतियों की कमी और मानक शामिल हैं। कॉलेज के पुस्तकालय छात्रों के समग्र विकास में उन्हें सुविज्ञ व्यक्ति में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सुव्यवस्थित कॉलेज पुस्तकालय की उपलब्धता उनके पढ़ने के कौशल, जानकारियां प्राप्त करना और संसाधनों के बारे में ज्ञान में सुधार में मददगार है। हालांकि, कॉलेज पुस्तकालयों की स्थितियों के बारे में बहुत कम अनुभवजन्य आंकड़े हैं। साहित्य समीक्षा से स्पष्ट होता है कि महाविद्यालयों के पुस्तकालय में अकादमिक पुस्तकालयों या इनके सुविधाओं के उपयोग पर काफी अध्ययन किए गए हैं। लेकिन अधिकांश अध्ययन एक विशेष राज्य तक ही सीमित थे और उच्च शिक्षा संस्थानों विशेषकर स्नातक महाविद्यालयों के पुस्तकालय सुविधाओं पर राष्ट्रीय स्तर पर शायद ही कोई अध्ययन किया गया हो। वर्तमान अध्ययन दो विशिष्ट उद्देश्यों के साथ प्रस्तावित हैः i) पुस्तकालय सुविधाओं से संबंधित राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के मापदंडों को ध्यान में रखते हुए भारतीय महाविद्यालयों में पुस्तकालय सुविधाओं के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करना; ii) उपयोगकर्ता (छात्र) के शैक्षणिक प्रदर्शन पर कॉलेज पुस्तकालय के प्रभाव का आकलन करना।

शोध पद्धति

इस अध्ययन में विश्लेषणात्मक उपागम सहित सर्वेक्षण शोधकार्य को अंगीकार किया गया। अध्ययन देश के पाँच क्षेत्रों के 20 राज्यों से नमूना लेकर किया गया। प्रत्येक नमूना (प्रतिदर्श) राज्य से 5 कॉलेज को प्रतिदर्श महाविद्यालय के रूप में लिया गया। अध्ययन के लिए

सरकारी और गैर–सरकारी (निजी) दोनों महाविद्यालयों का चयन किया जा रहा है। आंकड़ा संकलन के लिए प्रयुक्त युक्तियों में प्रश्नावली और साक्षात्कार अनुसूचियां सम्मिलित थीं। प्रतिदर्श संबंधित विद्यार्थियों और अध्यापकों से अध्ययन के संगत गहन सूचना एकत्र करने के लिए केन्द्रित सामूहिक विमर्श भी किया गया। द्वितीयक आंकड़े कॉलेज के दस्तावेजों यथा वार्षिक प्रतिवेदन, एनएएसी अध्ययन दस्तावेज, संदर्शिका इत्यादि से संकलित की गई। आंकड़ा प्रश्नावलियों और साक्षात्कार अनुसूचियों को एकत्र करने के लिए विभिन्न युक्तियों का प्रयोग किया गया।

प्रतिवेदन की प्रगति

कोविड महामारी अर्थात् कोविड–19 के कारण लगभग डेढ़ वर्ष तक परियोजना कार्यकलाप को रोकने के पश्चात् 21 जून, 2022 से एक कनिष्ठ परियोजना परामर्शदाता की नियुक्ति के फलस्वरूप परियोजना कार्य को पुनः आरम्भ किया गया है। तीन परियोजना स्टाफ के योगदान देने के फलस्वरूप परियोजना कार्य 22 जुलाई 2022 से सुचारू रूप से प्रगति पर है। छह मास की समयावधि के भीतर अर्थात् जुलाई–दिसम्बर, 2022 तक 18 राज्यों के 80 महाविद्यालयों से आंकड़ा संकलन का कार्य पूरा हो चुका है। 40 प्रतिशत आंकड़ा प्रविष्टि और आंकड़ों का 30 प्रतिशत अनुलेखन मार्च 2023 तक पूरा हो चुका है। आंकड़ा प्रविष्टि अनुलेखन और राज्यवार आंकड़ा विश्लेषण का शेष कार्य जारी है।

- जुलाई–दिसम्बर, 2022 की समयावधि के दौरान अठारह राज्यों का क्षेत्रीय दौरा का कार्य पूरा हो चुका है।
- कुल मिलाकर 18 राज्यों के 80 कॉलेज का कार्य पूरा हो चुका है।
- आंकड़ा परिशोधन, कोडिंग का कार्य पूरा किया गया और एसपीएसएस की रूपरेखा तैयार की गई।
- आंकड़ा प्रविष्टि का 40 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है।
- डाटा विश्लेषण का 30 प्रतिशत अनुलेखन पहले की पूर्ण किया जा चुका है।
- राज्यवार आंकड़ा विश्लेषण का कार्य अभी हाल ही में आरम्भ किया गया है।

कार्य योजना

1. शेष डाटा प्रविष्टि, डाटा ट्रांसक्रिप्शन और राज्यवार डाटा विश्लेषण का कार्य पूरा करना।
2. अगले तीन महीने में अर्थात् जून, 2023 तक राज्य–वार डाटा विश्लेषण को पूरा करने का लक्ष्य है।
3. समेकित परियोजना प्रतिवेदन (प्रारूप–1) के अगस्त, 2023 तक पूरा होने की प्रत्याशा है।

16. भारत में शिक्षक शिक्षा का अभिशासन, विनियमन और गुणवत्ता आश्वासन

अन्वेषकः प्रो. प्रणति पंडा

इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य संरचनात्मक और प्रकार्यात्मक कुशलता के साथ–साथ शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में विद्यमान सुशासन और गुणवत्ता आश्वासन की प्रभाविता का पता लगाना है।

अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में सुशासन विनियमन और गुणवत्तापूर्ण आश्वासन से संबंधित साहित्य की समीक्षा का कार्य पूर्ण हो चुका है। कोविड–19 महामारी के कारण प्राथमिक दत्त संकलन (संरचनाबद्ध प्रश्नावली के माध्यम से) करने में विलंब हुआ। अब प्राथमिक आंकड़ों की प्रविष्टियाँ पूरी हो गई हैं। सांख्यिकीय प्रक्रियाओं और कार्य विधियों के माध्यम से प्राथमिक डाटा विश्लेषण का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा, दो अध्याय पूरे हो गए हैं। जबकि अन्य अध्याय का कार्य प्रगति पर है। इस परियोजना का अंतिम प्रतिवेदन वर्ष 2023 के अंत तक प्रस्तुत किया जाएगा।

17. भारतीय उच्वतर शिक्षा में अनुदेशात्मक अभिकल्पः प्रास्थिति, समीक्षा, चुनौतियाँ और संस्तुतियाँ

अन्वेषकः प्रो. के. श्रीनिवास और डा. आर.सी. शर्मा (सह–अन्वेषक)

शिक्षण–अधिगम के क्षेत्र में बदलते हुए प्रतिमान के साथ हमने औपचारिक शिक्षा प्रणालियों और मुक्त एवं

लचीली शिक्षा प्रणालियों के आधार पर अध्यापकों और अधिगमकर्ताओं की भूमिका में बदलाव देखा है। इक्कीसवीं सदी में इंटरनेट की मुख्य भूमिका होने के कारण शिक्षा प्रणाली में अधिगमकर्ता अधिगम प्रक्रिया के मूल में है। किसी भी रूप में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के प्रयोग (सरल से सम्मिश्र) का प्रभाव शैक्षणिक परिदान के सभी तीनों प्रकार्य पर पड़ा है भले ही वह औपचारिक या अत्यधिक संरचनाबद्ध, पारंपरिक विधि, अनौपचारिक विधि या मुक्त संरचना वाली और लचीली विधि और अनौपचारिक शिक्षा जो पूर्णतः गैर–संरचनाबद्ध हों, ये सभी विधियाँ इससे प्रभावित हुई हैं। प्रभावी अधिगम में संज्ञानात्मक और भावात्मक दोनों अधिगम परिणामों पर विचार किए जाने के साथ–साथ अधिगमकर्ताओं की भावनात्मक स्थितियों पर ध्यान दिया जाना चाहिए क्योंकि ये अधिगम से संलयित हैं। पाठ्यक्रम अभिकल्प संबंधी निर्णय में सहयोगात्मक और वैयक्तिक अधिगम परिवेश का निर्माण कर सामाजिक अधिगम के विभिन्न उपागम को अवश्य ही सम्मिलित किया जाना चाहिए। भारतीय उच्चतर शिक्षा प्रणाली और अनुदेशनात्मक अभिकल्प पर साहित्य की समीक्षा, सर्वेक्षण उपकरण का प्रारूप और उसकी विश्वसनीयता/वैधता। रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है और दो सप्ताह के भीतर जमा करा दी जाएगी।

18. कौशल का आधारभूत शिक्षण और रोजगार क्षमताः भारत में युवा वर्ग का एक अध्ययन

अन्वेषकः प्रो. विनीता सिरोही

निर्धारित समयानुसार कार्य प्रगति पर है।

- राज्यों के आंकड़ा संग्रह प्रक्रिया में है।
- विश्लेषण रूपरेखा सामग्री की तैयारी प्रगति पर है।

19. भारत–आसियान संबंधः प्रवर्धित साझेदारी के लिए शिक्षा को बढ़ावा दिया जाना

अन्वेषकः डॉ. सरिंग चोनजोम भूटिया

आसियान के 10 सदस्य देशों में मैने भारत के शैक्षणिक संबंध से संबंधित व्यापक आंकड़े संकलित किये है और इसमें इंडोनेशिया, मलेशिया, मयांमार, थाइलैंड, सिंगापुर, वियतनाम और फिलिपिन्स के साथ शैक्षणिक सहयोग की प्रस्थिति का भी उल्लेख है। ब्रुनेई दारूसलाम का आंकड़ा वर्तमान में एकत्र किया जा रहा है। कंबोडिया और लाओ पीडीआर के लिए शेष दत्र एकत्र किया जाना है। मैने पूर्व में चीन, दक्षिण कोरिया और जापान का भी आंकड़ा संकलन किया है जो आसियान के सदस्य देश न होकर पूर्वी एशियाई क्षेत्र में अवस्थित हैं। सहकर्मी (डा. गौरव के. झा) के यूनिट छोड़ने और विशेष रूप से जी20 कार्य की अतिरिक्त जिम्मेदारियों के कारण परियोजना कार्य में देरी हो रही है।

20. दुबई, मलेशिया, दक्षिण अफ्रीका, यूरोप और कतर में अन्तरराष्ट्रीय शाखा परिसर (इन्टरनेशनल ब्रांच कैम्पस) का शोध–परक अध्ययनः भारत के लिए सबक

अन्वेषकः डा. सरिंग चोनजोम भूटिया, (अन्य लेखकः डॉ. अनामिका, श्री एल्डो मैथ्यूज, डॉ. बिनय प्रसाद, आलोक रंजन)

संधार (फ्रेमवर्क) तैयार है। तीन केस अध्ययन तैयार है। दो केस अध्यन सहकर्मियों द्वारा प्रस्तुत किया जाना शेष है जिसका उल्लेख नीचे किया गया है।

- यूरोप में परा राष्ट्रीय शिक्षा के बारे में केस अध्ययनः लैंकाशायर विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय ब्रांच कैम्पस (आईबीसी) श्री आलेक रंजन
- कतर में अंतरराष्ट्रीय ब्रांच कैम्पस की समालोचनात्मक समीक्षाः भारत के लिए सबकः डा. बिनय प्रसाद
- केस अध्ययन के बिना आगे बढ़ना संभव नहीं है।

21. भारत में सामाजिक पूँजी और स्कूली शिक्षा का अंतः जुड़ावः परियोजनाः एक अन्तर्राज्यीय तुलनात्मक अध्ययन

प्रधान अन्वेषकः **प्रो. मधुमिता बंद्योपाध्याय**

परियोजना के बारे में

प्रस्तावित अध्ययन के द्वारा विभिन्न जातियों के संदर्भो में समाजिक पूंजी के निर्माण में शिक्षा की भूमिका का पता लगाएगा और किस तरह से वे अपने बच्चों के लिए शैक्षिक सुविधाओं को सुलभ बनाने के लिए अपनी सामाजिक पूँजी का उपयोग करते हैं। इस अध्ययन में सामाजिक भेदभाव और सामाजिक बहिष्करण से आसानी

से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों और गृहस्थियों के बच्चों को सामाजिक पूंजी का उपयोग कर गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के निमित्त विद्यालयों में सामाजिक पूंजी को सुदृढ़ करने और उन्हें उद्विकसित करने में विद्यालयी भूमिका पर बल दिया जाएगा। स्कूली शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर अपने बच्चों को प्राप्त शैक्षणिक अवसर का सदुपयोग करने में समाज की अलग–अलग श्रेणी के परिवार ओर माता–पिता व अभिभावकगण किन विधियों को अपनाते हैं इसे समझने का भी प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा, इस अध्ययन में और भी प्रश्न यथा क्या स्कूली शिक्षा प्राप्ति और बच्चों की सहभागिता सामाजिक पूंजी से सहबद्ध हैं या नहीं, और क्या सामाजिक पूंजी को बच्चों की अधिगम उपलब्धि से संबद्ध करने की कोई सभावना है अथवा नहीं।

चूंकि समुदाय के सदस्य और अलग–अलग हितधारकों की योग्यता एवं उनके मध्य परस्पर विश्वास संदर्भ के अनुसार अलग–अलग होती है। सामाजिक पूंजी, सामुदायिक भागीदारी और शैक्षिक स्थिति के मध्य अतंःसंबंध का परीक्षण बहु–परिप्रेक्षीय रूपरेखा में किया जाना है। इसी कारणवश, भारत के पांच अलग–अलग राज्यों में अध्ययन किए जाने का प्रस्ताव है। जैसाकि आपको सुविदित ही है कि इन राज्यों में विद्यमान सामाजिक–सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक संदर्भों से सामाजिक पूंजी निर्माण और उनका उपयोग प्रभावित होता है। साथ ही, सामाजिक पूंजी का प्रभाव इन राज्यों के समग्र विकास और वहाँ निवास करने वाले व्यक्तियों के जीवन की गुणवत्ता पर भी पड़ता है। शिक्षा और मानव विकास के अन्य मुख्य निर्मात्री तत्वों के मामले में भी कई सत्य हैं। इसलिए सामाजिक पूंजी और शिक्षा एवं विकास के अन्य पहलुओं के दृष्टिगत जो संदर्भगत दृष्टिगोचर होता है, प्रयास किया जाएगा कि प्रत्येक राज्य का मामला शोध अध्ययन करने के साथ–साथ राज्य विशिष्ट निष्कर्ष की अन्तर्राज्यीय तुलना के आधार पर एक संश्लिष्ट प्रतिवेदन भी तैयार की जाए।

इसी कारण से इस अध्ययन में निम्नलिखित शोध प्रश्नों की जांच की जाएगीः

- सामाजिक पूंजी क्या है
- भारत के संदर्भ में सामाजिक पूंजी से स्कूली शिक्षा कैसे प्रभावित होती है।
- विभिन्न प्रदेश/राज्यों के संदर्भ में सामाजिक पूंजी और शिक्षा किस प्रकार एक साथ समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देते हैं।
- अलग–अलग क्षेत्रों या राज्यों में व्यक्ति, समूह एजेंसियाँ और संगठन किस प्रकार बच्चों को शिक्षित करने में सामाजिक पूंजी को उपयोग में लाते हैं।
- सामाजिक पूंजी निर्माण और इसके सुदृढ़ीकरण तथा शैक्षणिक विकास में इसके उपयोग के लिए किन–किन नीतियों और कार्यक्रमों को लागू किया जा रहा है।
- उपेक्षित और हाशिए के जनसमूह के लाभार्थ सामाजिक पूंजी और बच्चों की स्कूली शिक्षा के मध्य अन्तःसंबंध में किस प्रकार और अधिक सुधार किया जा सकता है?

उद्देश्य

अध्ययन से पूर्व निम्नलिखित लक्ष्य निर्धारित किए गए हैः

- अध्ययनाधीन क्षेत्रों में सामाजिक पूंजी की प्रकृति और इसके निर्माण का अध्ययन करना;
- अध्ययनाधीन राज्यों के भीतर अलग–अलग सामाजिक–सांस्कृतिक संदर्भों में सामान्यतः शिक्षा प्राप्ति और विशेष रूप से स्कूली शिक्षा ग्रहण करने में सामाजिक पूंजी का उपयोग कैसे किया जाए इसका अध्ययन करना।
- सामाजिक पूंजी, सामान्यतया शिक्षा और विशेष रूप से स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में दोनों के मध्य अन्तःसंबद्धता का अध्ययन करने के निमित्त सामाजिक पूंजी निर्माण और इसके सुदृढ़ीकरण में विद्यालयों की भूमिका का मापन और इसके साथ समावेशी शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए बालकों की शिक्षा के लिए संसूचित निर्णय लेने की प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अलग–अलग हितधारक किस प्रकार सामाजिक पूंजी का प्रयोग करते हैं; इसका अध्ययन करना।

- सामाजिक पूंजी निर्माण और इसे सुदृढ़ करने के लिए लागू की जा रही विभिन्न नीतियों और कार्यक्रमों के साथ–साथ कालक्रम में शैक्षणिक विकास में उपयोग और इसके अन्तःपीढ़ी अंतरण के संबंध में अध्ययन करना।
- सामाजिक पूंजी और बालकों की शिक्षा के मध्य सशक्त अंतः स्थापित करने के लिए भविष्य में की जानेवाली पहलों की पहचान करना।

अध्ययन क्षेत्र

सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता तथा विकास की विद्यमान चुनौतियों के दृष्टिगत निम्नलिखित राज्यों (तालिका–1) में अध्ययन कार्य किए जाने का प्रस्ताव है:–

तालिका–1: अध्ययन के राज्य

भौगोलिक क्षेत्र	राज्यों के नाम
उत्तर	पंजाब / हिमाचल प्रदेश
पश्चिम	राजस्थान / हरियाणा
पूर्व	उड़ीसा / छत्तीसगढ़
उत्तर–पूर्व	सिक्किम / मिजोरम
दक्षिण	तेलांगना / कर्नाटक

परियोजना की वर्तमान स्थिति

- क्षेत्रीय दौरा करने के लिए प्रश्नावलियों और साक्षात्कार की अनुसूचियों के रूप में युक्तियाँ तैयार की जा रही हैं। कुछेक युक्तियाँ का अध्ययन क्षेत्र की आवश्यकता के अनुसार क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद किया जा रहा है।
- संबद्ध साहित्य समीक्षा और द्वितीयक आंकड़ा शोध दल द्वारा अध्ययन के लिए एकत्र की जा रही हैं।
- आंकड़ा संकलन के लिए क्षेत्रीय दौरा करने की योजना बनाई गई है और क्षेत्रीय कार्य के लिए राज्यों के जिले और प्रखंडों को निर्धारित किया गया है।
- 16–20 जनवरी, 2023 तक होने वाली कार्यशाला की तैयारी

22. उच्चतर शिक्षा में महाविद्यालय की तत्परता और विद्यार्थियों की सफलता

***प्रधान अन्वेषक:* डॉ. निधि एस. सभरवाल**

सीपीआरएचई / नीपा भारत में उच्चतर शिक्षा के विविध अधिगमकर्ताओं की महाविद्यालयों की तत्परता की विद्यमान स्थिति और इसके प्रभावी विशेषताओं के संदर्भ में सूक्ष्म सूझबूझ विकसित करने के लिए एक शोध परियोजना शुरू की गई है। कॉलेज की तत्परता का तात्पर्य उन ज्ञान और कौशल से है जो अकादमिक सफलता के लिए अधिगम हेतु विद्यार्थियों के लिए आवश्यक है। महाविद्यालय की तत्परता का विषय वृहत प्रणाली में और अधिक चुनौतीपूर्ण हो जाता है जहाँ उच्चतर शिक्षा संस्थानों को पहली पीढ़ी के अधिगमकर्ताओं की अपेक्षा के अनुरूप कार्य करना पड़ता है। ऐसे अधिगमकर्ता महाविद्यालय तत्परता के विभिन्न स्तरों पर हैं और विशिष्ट अपेक्षाओं के साथ उच्चतर शिक्षा में प्रवेश पाते हैं। पारंपरिक रूप से कम प्रतिनिधित्व वाले समूह के विद्यार्थियों के नामांकन में वृद्धि करने के साथ–साथ यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उच्चतर शिक्षा में सफल होने के लिए उन्हें पर्याप्त ज्ञान और कौशल प्रदान किया जाए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 में उच्चतर शिक्षा में अधिगम प्रतिफल में समता के लक्ष्य को आगे बढ़ाने को पुनः अभिकथित किया गया है और संस्थाओं के उपर यह दायित्व सौंपा गया है कि वे शैक्षणिक और सामाजिक क्षेत्र में विविध विद्यार्थी जनसमूह के सहयोग के लिए योजनाएं बनाएँ।

इस अध्ययन में, वैविध्य अधिगमकर्ताओं द्वारा अपेक्षित कौशल और सक्षमता के प्रारूपों का अनुभवमूलक शोध करने का प्रयास किया गया है जिससे उच्चतर शिक्षा परिसर में शैक्षणिक सफलता के लिए तत्परता अपनाने के मार्ग में आनेवाली बाधाओं को दूर किया जा सके। महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि विविध क्षेत्र के विद्यार्थियों से जुड़ने की प्रक्रिया में, इस अध्ययन का लक्ष्य उच्चतर शिक्षा में महाविद्यालय तत्परता कौशल विकसित करने के लिए संस्थागत तैयारी की जाँच करना है। अध्ययन के विशिष्ट शोध प्रश्न निम्नानुसार हैं: (1) कॉलेज के विद्यार्थियों के समक्ष अकादमिक जगत में कौन सी कठिनाईयां आती हैं; (2) कॉलेज के विद्यार्थियों को सामाजिक क्षेत्र में किन

कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है; (3) विद्यार्थी की सफलता के लिए महाविद्यालय की तत्परता में सुधार लाने के लिए विद्यमान संस्थानिक नीतियाँ और सहयोग सेवाएँ कौन सी हैं? इस अध्ययन के माध्यम से बृहत उच्चतर शिक्षा प्रणाली में महाविद्यालय की तत्परता से संबंधित मुद्दों के निराकरण के लिए प्रयास किया जा रहा है जिसका उद्देश्य विविध पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों के शैक्षणिक एकीकरण और सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देना है ताकि विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अपने अध्ययन के अंत में उन्नत अधिगम प्रतिफल प्राप्त हो सके।

इस अध्ययन में बहु–संस्थानिक केस अध्ययन उपागम अपनाया गया है। पांच भौगोलिक क्षेत्र (उत्तर, पश्चिम, मध्य, पूर्व और दक्षिण) में अवस्थित चयनित पाँच उच्चतर शिक्षा संस्थान जिनमें विश्वविद्यालय, अधि–स्नातक महाविद्यालय और राष्ट्रीय महत्व के संस्थान (एनआईटी/आईआईटी) सम्मिलित हैः वहाँ यह अध्ययन किया जा रहा है। इस अध्ययन में मिश्रित विधि उपागम को अपनाया गया है और इसमें सूचना और आंकड़े एकत्र करने के लिए गुणवत्तापूर्ण और परिमाणात्मक शोध उपकरण दोनों का प्रयोग किया जाता है।

इस परियोजना के कार्यान्वयन के लिए सलाह देने तथा इसके मार्गदर्शन हेतु एक शोध विशेषक समिति की बैठक गठित की गई थी। बैठक हुई जिसमें एक व्यापक साहित्य समीक्षा, एक अवधारणात्मक एवं सैद्धान्तिक रूपरेखा के साथ–साथ अध्ययन हेतु पद्धति समिति की प्रतिपुष्टि और मार्गदर्शन के लिए उनके सम्मुख प्रस्तुत की गई। सदस्यों से प्राप्त जानकारी के आधार पर शोध प्रस्ताव में संशोधन किए जाने के साथ–साथ शोध युक्तियाँ भी तैयार की गई। विशेषज्ञों से टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए युक्ति विकास बैठक में ग्यारह शोध युक्तियों का मसौदा प्रस्तुत किया गया। गुणात्मक व मात्रात्मक आंकड़ा संग्रहण के प्रयोजन सहित सभी युक्तियां समूह के समक्ष प्रस्तुत की गई। समूह के सदस्यों से प्राप्त टिप्पणियों के आधार पर युक्तियों में संशोधन किया गया। इन युक्तियों को अंतिम रूप देने के लिए प्रयोगिक अध्ययन कार्य पूरा हो गया है। नवम्बर, 2022 में प्रथम शोध पद्धति कार्यशाला का आयोजन कर एक शोध परियोजना का शुभारम्भ किया गया। पाँच राज्यों के सभी पाँच शोध दल कार्यशाला में उपस्थित हुए (असम, बिहार, दिल्ली, केरल और महाराष्ट्र)।

23. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का राष्ट्रीय मूल्यांकन अध्ययन

प्रधान अन्वेषकः **डॉ. वेटुकुरी पी.एस. राजू (सदस्य, मुख दल)**

आंकड़ा संग्रहण और आंकड़ा विश्लेषण कार्य भी पूण हुआ और रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

24. भारत में उच्चतर शिक्षा संस्थानों का शिक्षण अधिगम सर्वेक्षण

अन्वेषकः **प्रो. सुधांशु भूषण**

दिनांक 10 अक्तूबर, 2022 की अधिसूचना के माध्यम से परियोजना अधिसूचना जारी कर दी गई है।

25. भारत में उच्चतर शिक्षा के शिक्षण–अधिगम को डिजीटल प्रौद्योगिकी के साथ एकीकृत करना

अन्वेषकः **प्रो. प्रदीप कुमार मिश्र**

दिनांक 17 नवंबर, 2022 की अधिसूचना के माध्यम से परियोजना अधिसूचना जारी कर दी गई है।

पुस्तकालय और प्रलेखन सेवाएं

4

पुस्तकालय और प्रलेखन सेवाएं

ज्ञान और सूचना की साझेदारी

संस्थान ने शैक्षिक नीतियों, योजना और प्रबंधन से संबंधित मौजूदा और नवीनतम ज्ञान को सुलभ बनाने के लिए श्रृंखलाबद्ध कार्य आरंभ किए हैं। संस्थान का पुस्तकालय और प्रलेखन केंद्र शैक्षिक नीति, योजना और प्रबंधन के क्षेत्र में ज्ञान एवं सूचना प्रलेखन और प्रसारण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता रहा है।

पुस्तकालय और प्रलेखन सेवाएं

संस्थान का पुस्तकालय और प्रलेखन केंद्र संस्थान के संकाय और स्टाफ सदस्यों, देश–विदेश के शोधकर्ताओं, विश्वविद्यालय के एम.फिल. तथा पीएच.डी के विद्यार्थियों, नीपा द्वारा आयोजित विभिन्न राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रतिभागियों और अतिथि संकाय सदस्यों तथा पाठकों की सूचना संबंधी जरुरतों को पूरा करने के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन एवं अधिगम केंद्र के रूप में कार्य करता रहा है। पुस्तकालय, संस्थान के अध्यापन, अधिगम और शोध में सहयोग के लिए आधुनिक अध्यापन–अधिगम सामग्री, कंप्यूटर तथा इलेक्ट्रानिक सुविधाएं जैसे– वाई–फाई से सुसज्जित है।

आजकल, पठन सामग्री और सूचना के स्रोत प्रिंट से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में बदल रहे हैं। इसलिए, नीपा पुस्तकालय ने भी अपनी संग्रह नीति में व्यापक परिवर्तन किया है। पुस्तकालय वर्तमान में प्रिंट और ऑनलाइन दोनों स्वरूपों में अपनी 90 प्रतिशत से अधिक पत्रिकाओं की सदस्यता लेता है। हालांकि, पुस्तकों को मुद्रित रूप में ही प्राथमिकता दी जाती है।

पुस्तकालय में पुस्तकों, पत्रिकाओं और लेखों का समृद्ध संग्रह है। समीक्षाधीन वर्ष 2022–23 में पुस्तकालय ने शैक्षिक योजना, प्रशासन, प्रबंधन तथा इससे संबंधित विषयों पर राष्ट्रीय तथा अतंर्राष्ट्रीय जर्नल एवम् पत्रिकाएं मंगाई। पुस्तकालय द्वारा खरीदे गये जर्नल डाटाबेस में ई.पी.डब्ल्यू.आर.एफ. से एक सांख्यिकी आंकड़ा आधार ''ईपीडब्ल्यूआरएफ इंडिया टाइम श्रृंखला'' के साथ–साथ कई प्रतिष्ठित प्रकाशकों जैसे– सेज, एमराल्ड और जेस्टोर के चार आनलाईन जर्नल डाटाबेस शामिल हैं।

नीपा पुस्तकालय ने नई आनलाइन सूचना सेवाएँ जैसे कि– ''न्यूज फ्लैश'', 'नीपा इन द प्रेस', एसडीआई (नीपा संकाय के अकादमिक कार्य का प्रसार) तथा ''न्यू अराईवल'' प्रारम्भ किया है। पुस्तकालय ने संस्थान की विभिन्न गतिविधियों तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम की ग्रन्थ सूची तैयार की है। उपयोगकर्ताओं को संदर्भ सामग्री, आलेखों, रिपोर्टों इत्यादि के लिये फोटोकॉपी सेवाएँ प्रदान की गई हैं।

नीपा पुस्तकालय में सभी गतिविधियाँ, जैसे सूची बनाना, प्राप्तियाँ, प्रसार तथा श्रेणी नियंत्रण पूर्णरूप से कम्प्यूटरीकृत है। इसके लिये लिबसिस 10 साफ्टवेयर पैकेज का नवीनतम वर्ज़न प्रयोग किया जा रहा है। नीपा में लैन से इंटरनेट या फिर इंटरानेट के माध्यम से सीधे या यू.आर.एल. के माध्यम से नीपा की वेबसाईट पर वेब ओपेक का प्रयोग करके ओपेक का उपयोग किया जा सकता है। इसके माध्यम से नीपा पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों, जर्नलों और लेखों का डाटाबेस देख सकते हैं।

नीपा प्रलेखन केन्द्र में शैक्षिक योजना, प्रबंधन और प्रशासन पर 20,000 से अधिक का वृहद और समृद्ध संग्रह है। इसके संग्रह में केन्द्र – राज्य सरकारों तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रकाशन जैसे राज्य तथा जिला गणना, राज्य तथा जिला गैजेटियर केन्द्र तथा राज्य विश्वविद्यालय के नियम और संविधि, जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डी.पी.ई.पी.) तथा सर्व शिक्षा अभियान, राज्यों की सांख्यिकी पुस्तकें, अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण, आर्थिक सर्वेक्षण आयोग तथा समिति की रिपोर्ट, राज्य आर्थिक सर्वेक्षण, राज्य शैक्षिक योजनाएं, राज्य मानव संसाधन विकास रिपोर्टें तथा पंचवर्षीय योजनाएं सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त संस्थान के विभिन्न प्रकाशनों जैसे अनुसंधान अध्ययन, समसामयिक आलेख श्रृंखला, संस्थान की वार्षिक रिपोर्टें (1962–2021), प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्टें, विभिन्न मंत्रालयों की वार्षिक रिपोर्टें, अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक योजना संस्थान (आईआईईपी), पेरिस के प्रकाशन शामिल हैं। केन्द्र में नीपा एम.फिल./ पीएच.डी कार्यक्रम और अन्य विश्वविद्यालय के थीसिस का एक वृहद संग्रह है तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन पर क्रमशः स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडेपा) और अन्तरराष्ट्रीय डिप्लोमा (आईडेपा) पर शोध संग्रह उपलब्ध है। इसके पास गैर–पुस्तक पाठ्य सामग्री जैसे इंडेक्सिंग डाटाबेस, भारत की जनगणना, राज्य मानव संसाधन विकास रिपोर्ट तथा शिक्षा और इससे संबंधित क्षेत्रों पर अन्य प्रकाशनों पर संग्रह है।

गतिविधियाँ एवं प्रमुख क्षेत्र

प्रलेखन केंद्र आईसीटी के सहयोग से, मुक्त शैक्षिक संसाधनों, निःशुल्क और मुक्त संसाधन सॉफ़्टवेयर, मूडल और गूगल क्लासरूम एलएमएसएस और अकादमिक समग्रता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल सभी विषयों के संकाय के लिए संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) आयोजित करता है। 2022–23 के दौरान, इसने 19–23 सितंबर 2022 तक **शैक्षणिक और अनुसंधान पुस्तकालयों में आईसीटी के अनुप्रयोगों पर** 5 दिनों का संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) आयोजित किया। प्रलेखन केंद्र भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की पहल ''शोधशुद्धि'' कार्यक्रम के तहत ओरिजिनल (पूर्व में उरकुंड) साहित्यिक चोरी का पता लगाने वाले सॉफ्टवेयर पर शिक्षकों, शोधार्थियों और कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत सामग्री की समानता की जाँच करता है। ओरिजिनल पीडीएस एक वेब आधारित साहित्यिक चोरी का पता लगाने वाला सॉफ्टवेयर है जिसका उपयोग विश्वविद्यालयों/संस्थानों के सभी उपयोगकर्ताओं द्वारा किया जाता है। प्रलेखन केंद्र संस्थान द्वारा प्रदान की गई थीसिस को शोधगंगा–भारतीय शोध का एक भंडार पर अपलोड करने के लिए भेजता है। प्रलेखन केन्द्र ने लिबसेस 10 सॉफ्टवेयर के प्रयोग करके अपने सभी कार्यकलापों को कंप्यूटरीकृत कर दिया है। इसके अतिरिक्त उपयोगकर्त्ता को डेस्कटॉप पर ऑनलाईन पब्लिक एक्सेस कैटालॉग (ओपेक) तथा सूचना संसाधन तथा सेवाओं की विस्तृत जानकारी के साथ इलैक्ट्रानिक डाटाबेस की पहुंच, प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त, इसके समृद्ध संग्रह, विस्तृत सारणी और विविध सेवाएं तथा सुविधाएं भारत तथा विदेशों से उपयोगकर्ताओं को इसकी सूचना संसाधन और सेवाओं का प्रयोग करने के लिये आकर्षित करती है। उपयोगकर्त्ताओं को पठन हेतु प्रलेखन केन्द्र में सुविधाजनक शान्तिपूर्ण और अनुकूल परिवेश उपलब्ध है तथा उपयोगकर्त्ताओं के लिए वातानुकूलन, पर्याप्त रोशनी और जनरेटर बैक–अप की सुविधा उपलब्ध है। प्रलेखन केन्द्र की पठन सुविधाओं का लाभ संकाय, संस्थान के शोधकर्ता परियोजना स्टाफ, भारत तथा विदेश के शोधकर्ता, प्रोजेक्ट स्टाफ, पीजीडेपा एवं आईडेपा के भागीदार तथा आगन्तुक संकाय द्वारा उठाया जाता है। डेलनेट (विकासशील पुस्तकालय नेटवर्क) के सदस्य के रूप में, केंद्र ने अंतःपुस्तकालय संसाधनों को साझा करने की गतिविधियाँ सुदृढ़ की है। प्रलेखन केन्द्र पूरे वर्ष सोमवार से शुक्रवार तक प्रातः नौ बजे से सायं 5.30 बजे तक खुला रहता है।

डिज़ीटल संसाधनों और सेवाओं तक पहुंच

इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय संकाय तथा अनुसंधानविदों के बीच विभिन्न प्रकार की सूचना की साझेदारी, संपर्कता, सहभाजन के लिए इंटरनेट गतिविधियों को सुदृढ़ तथा विकसित किया गया है। यह सूचना तथा ज्ञान का संग्रह, सृजन, हस्तांतरण तथा एकीकरण करता है। इसके डिज़ीटल संसाधन जैसे पुस्तकें, आलेख, अनुसंधान अध्ययन, समसामयिक आलेख श्रृंखला, प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट, सम्मेलन संगोष्ठी के कार्यकलाप, विख्यात शिक्षाविद् व्याख्यान श्रृंखला, दृश्य–श्रव्य व्याख्यान, समिति तथा समिति रिपोर्टें, इंटरनेट पर उपलब्ध हैं। डिजीटल अभिलेखागार शिक्षा तथा इससे संबंधित क्षेत्रों के 12,000 नीतिगत दस्तावेज़ों के डिजीटल अभिलेख उपलब्ध कराता है। यह दस्तावेज़ इंटरनेट या इंटरानेट के माध्यम से [http://14.139.60.153/ or http://www.niepa.ac.in/darch.aspx]. पर देखा जा सकता है।

इसके अतिरिक्त ऑनलाइन सूचना संसाधनों और प्रलेखन सेवाओं को इंट्रानेट के माध्यम से पाठकों तक विस्तारित किया गया है ताकि नई प्राप्तियों की सूची, नए जर्नलों की सूची, पाक्षिकों के वर्तमान घटक; जे.स्टोर तथा ऑनलाईन जर्नल डाटाबेस का सम्पूर्ण टेक्स्ट एक्सेस; संदर्भ ग्रंथ सूची – मांग पर; साहित्य की खोज तथा इलैक्ट्रानिक दस्तावेज़ वितरण प्रणाली (ई.डी.डी.एस.) के लिये इंटरनेट के माध्यम से चौबीस घंटे ऑनलाईन सूचना संसाधन तथा प्रलेखन सेवाएं पाठकों को प्रदान की गई हैं। केंद्र द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएं जैसे अनुसंधान अध्ययन, शोध प्रबंध, थीसिस, सामयिक पत्र श्रृंखला, प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट, पीजीडेपा और आईडेपा के शोध प्रबंध, ऑनलाइन पब्लिक एक्सेस कैटलॉग (ओपीएसी) भी इंट्रानेट पर उपलब्ध हैं।

यह 300 मुद्रित जर्नलों (राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय) और ऑनलाईन डाटा बेस जैसे सेज ज्ञान, सेज शिक्षा संग्रह ऑनलाईन, एलसेवियर, एमेराल्ड तथा जेस्टोर की पहुंच प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त पाठकों

को 14 अप्रैल, 2023 तक भारतीय राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय (94,051,509 संसाधन), मुक्त जर्नल पहुंच निर्देशिका (डीओएजे) लगभग 19,209 पूर्ण लिखित जर्नल (87,75,950 आलेख), मुक्त पुस्तक पहुँच निर्देशिका (डी. ओ.ए.बी) लगभग 60,000 अकादमिक सहकर्मी समीक्षा पुस्तकें, नेटवर्क डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ थीसिस एंड डिसर्टेशंस (एनडीएलटीडी), 6 मिलियन से अधिक ई. टी.डी. (6,402,381 ई.टी.डी.) तथा शोधगंगा (4,49,225 थीसिस), स्वयम, एमआईटी ओपनकोर्सवेयर, आदि के साथ अन्य राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय पूर्ण–पठन डाटाबेस, इंडेक्सिंग डाटाबेस, पत्रिकाओं की वर्तमान सामग्री, समाचार पत्र और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय पूर्ण–पठन रिपोर्ट उपलब्ध कराता है।

व्यक्तिगत योगदान (डॉ. डी.एस. ठाकुर का शैक्षणिक योगदानः 2022–23)

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रस्तुत और प्रकाशित शोध पत्र / लेखः

जर्नल में प्रकाशित लेख

i. ठाकुर, डी.एस. (2022). बिल्डिंग ए नॉलेज सोसाइटी–कंट्रीब्यूशन ऑफ नॉलेज डेवलपमेंट एमोंग शिड्यूलड कास्टस्। ***जर्नल ऑफ़ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन***, 36(2), 135–158, आईएसएसएन 0971–3859।

संगोष्ठियों / सम्मेलनों / कार्यशालाओं में भागीदारी

राष्ट्रीय

27–31 जनवरी, 2023 के दौरान भारतीय सामाजिक विज्ञान अकादमी, इलाहाबाद और भारतीदासन विश्वविद्यालय, तिरुचिरापल्ली (टी.एन.) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित **46वीं भारतीय सामाजिक विज्ञान कांग्रेस में शिक्षण, अधिगम और अनुसंधान के लिए ओपन–सोर्स सॉफ्टवेयरः ओपन ब्राडकास्टर सॉफ्टवेयर का अध्ययन** पर 28 जनवरी, 2023 को संदीप चटर्जी और डी.एस. ठाकुर द्वारा संयुक्त रूप से आलेख प्रस्तुत किया।

संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन

प्रलेखन केंद्र ने आईसीटी के सहयोग से दिनांक 19 से 23 सितंबर 2023 के दौरान नीपा, नई दिल्ली में **ऑनलाइन मोड में अकादमिक और अनुसंधान पुस्तकालयों में आईसीटी के अनुप्रयोगों** पर 5 दिवसीय ऑनलाइन संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालयों, प्रमुख राष्ट्रीय संस्थानों और अन्य शोध संगठनों के सभी विषयों के संकाय सदस्यों ने भाग लिया। यह एक आईसीटी आधारित कार्यक्रम था जहां मूडल (ग्नोमियो) लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम **डा. डी.एस. ठाकुर लर्निंग पोर्टल** से प्रतिभागियों द्वारा लेख, वीडियो, चर्चा मंच, कार्य योजना सहित अधिगम के संसाधन एक्सेस किए गए।



समीक्षाधीन अवधि के दौरान प्रशिक्षण सामग्री/पाठ्यक्रम विकसित/निष्पादित

i. श्रीनिवास, के. और ठाकुर, डी.एस. (2022), **अकादमिक और अनुसंधान पुस्तकालयों में आईसीटी के अनुप्रयोगों** पर ऑनलाइन संकाय विकास कार्यक्रम की सूचना गाइड (19–23 सितंबर, 2022), नीपा, नई दिल्लीः 2022, 32 पी.

ii. 19–23 सितंबर, 2022 से **मूडल लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम पर अकादमिक और अनुसंधान पुस्तकालयों में आईसीटी के अनुप्रयोगों** पर 5–दिवसीय ऑनलाइन संकाय विकास कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार, विकसित एवं संपादित किया और प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान और बाद में प्रतिभागियों को प्रोत्साहित, संलग्न किया और उनके द्वारा उठाये गये विभिन्न प्रश्नों और मुद्दों को हल करने के लिए चर्चा मंच का इस्तेमाल किया।

iii. संकाय विकास कार्यक्रम के प्रतिभागियों के व्हाट्सएप ग्रुप **(नीपा एफडीपी एआईसीटीएआरएल 2022)** का गठन किया गया था और प्रतिभागियों को व्हाट्सएप ग्रुप (नीपा एफडीपी एआईसीटीएआरएल 2021), के माध्यम से दूसरे, तीसरे और चौथे सप्ताह के ऑनलाइन कार्यक्रम को डिजाइन और विकसित करने और सूचना के प्रसार के लिए 30 दिनों का तकनीकी समर्थन प्रदान किया तथा ऑनलाइन संसाधनों के लिंक डॉ. डी.एस. ठाकुर लर्निंग पोर्टल [https://dsthakur.gnomio.com] के माध्यम से प्रतिभागियों द्वारा सभी संसाधन (पूर्ण–पाठ लेख, पीपीटी, वीडियो और अन्य ओईआर) एक्सेस किए गए।

व्याख्यान दिये

i. 13–17 जून, 2022 तक राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (मानित विश्वविद्यालय), नई दिल्ली द्वारा **लेखन कौशल पर आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला** में 'अकादमिक लेखन के लिए साहित्यिक चोरी की जांच' पर 17 जून, 2022 को नीपा, नई दिल्ली में व्याख्यान दिया।

ii. 19–23 सितम्बर, 2022 राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (मानित विश्वविद्यालय), नई दिल्ली द्वारा **अकादमिक और अनुसंधान पुस्तकालयों में आईसीटी के अनुप्रयोगों पर आयोजित पांच दिवसीय ऑनलाइन संकाय विकास कार्यक्रम में गुणवत्तापूर्ण ऑनलाइन/मिश्रित पाठ्यक्रम** विकसित करने में भारत सरकार की डिजिटल पहल और मुक्त शैक्षिक संसाधन विषय पर 19 सितंबर, 2022 को नीपा, नई दिल्ली में व्याख्यान दिया।

iii. 19–23 सितंबर, 2022 तक राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (मानित विश्वविद्यालय), नई दिल्ली द्वारा आयोजित **'भारत में शिक्षण, प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थानों के लिए आभासी अधिगम वातावरण' और ओबीएस स्टूडियोः वीडियो सामग्री विकास** पर पांच दिवसीय ऑनलाइन संकाय विकास कार्यक्रम में '20 सितंबर, 2022 को नीपा, नई दिल्ली में व्याख्यान दिया।

iv. 19–23 सितंबर, 2022 तक राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (मानित विश्वविद्यालय), नई दिल्ली द्वारा आयोजित **अकादमिक और अनुसंधान पुस्तकालयों में आईसीटी के अनुप्रयोगों** पर पांच दिवसीय ऑनलाइन संकाय विकास कार्यक्रम में 'साहित्यिक चोरीः गुणवत्तापूर्ण मूक सामग्री और उरकुंड के विकास के लिए वास्तविक अधिगम में बाधा' विषय पर 21 सितंबर, 2022 को नीपा, नई दिल्ली में व्याख्यान दिया।

v. 19–23 सितंबर, 2022 तक राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (मानित विश्वविद्यालय), नई दिल्ली द्वारा आयोजित **अकादमिक और अनुसंधान पुस्तकालयों में आईसीटी के अनुप्रयोगों** पर आयोजित पांच दिवसीय ऑनलाइन संकाय विकास कार्यक्रम में 'वीडियो संपादन उपकरणः शॉटकट वीडियो संपादक' पर 21 सितंबर, 2022 को व्याख्यान दिया।

समीक्षाधीन वर्ष में सार्वजनिक निकायों को परामर्श और अकादमिक सहायता

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की वार्षिक रिपोर्ट की तैयारी के लिए सूचना एकत्र की।

- नीपा की गतिविधियों के बारे में सभी विभागाध्यक्षों और प्रशासन के प्रमुखों, छात्र प्रकोष्ठ, प्रशिक्षण कक्ष, परियोजना प्रबंधन एकक से एकत्रित जानकारी

जैसे– पूर्ण/जारी अनुसंधान अध्ययन, एम.फिल. और पीएच.डी. कार्यक्रमों में नामांकन, सम्मानित की गई पीएच.डी. डिग्री और प्रशिक्षण कार्यक्रम और सम्मेलन/सेमिनार/कार्यशालाएँ, समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के लिए शिक्षा मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट की तैयारी के लिए हर साल एकत्र की जाती हैं।

अन्य अकादमिक और व्यावसायिक योगदान

विकसित इंट्रानेट

नीपा के प्रलेखन केंद्र की वेबसाइट को बनाया और विभिन्न प्रकार की सूचना संसाधनों तक पहुँच प्रदान करने और प्रसारित करने के लिए संस्थान में इंट्रानेट को अद्यतन किया। संकाय, विद्वानों, परियोजना कर्मचारियों और डिप्लोमा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रतिभागियों के लिए सेवाएं जैसे भारतीय और विदेशी पत्रिकाओं में सदस्यता, गैर–पुस्तक सामग्री मद, पत्रिकाओं की ऑनलाइन वर्तमान सामग्री, डिजिटल संसाधन, पुस्तकों और पत्रिकाओं के ऑनलाइन डेटाबेस, मुक्त शैक्षिक संसाधन, इलेक्ट्रॉनिक थीसिस और शोध प्रबंध (ईटीडी), इंडेक्सिंग डेटाबेस और बड़े पैमाने पर मुक्त ऑनलाइन पाठ्यक्रम (मूक) है। इसके अलावा, प्रलेखन केंद्र द्वारा प्रदान की जाने वाली प्रलेखन सेवाएं जैसे अनुसंधान अध्ययन, शोध प्रबंध, थीसिस, सामयिक आलेख श्रृंखला, प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट, पीजीडेपा और आईडेपा के शोध प्रबंध, ऑनलाइन पब्लिक एक्सेस कैटलॉग (ओपीएसी) और अनुसंधान अध्ययन के अन्य पूर्ण पठन दस्तावेज, समसामयिक आलेख श्रृंखला, प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट और नीपा वृत्तचित्र, प्रख्यात विद्वानों के व्याख्यान श्रृंखला भी इंट्रानेट पर उपलब्ध है जो उच्च शिक्षा में ज्ञान के प्रसार को साझा करने और लाभ उठाने में मदद करती है।

इंट्रानेट पर उपलब्ध प्रलेखन केंद्र की सभी गतिविधियाँ जैसे– प्रलेखन सेवाएं, मुक्त शैक्षिक संसाधन (ओईआर) – भारतीय राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी (एनडीएलआई), ओपन एक्सेस जर्नल की निर्देशिका (डीओएजे), ओपन एक्सेस बुक्स की निर्देशिका (डीओएबी), थीसिस और शोध प्रबंधों की डिजिटल लाइब्रेरी (एनडीएलटीडी), शोधगंगा, एनडीएलआई और उरकुंड साहित्यिक चोरी का पता लगाने वाले साफ्टवेयर पर बनाये गये सूक्ष्म वीडियो, मूक्स को दस्तावेजीकरण केन्द्र द्वारा मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के मूल्यांकन दल के साथ साझा किया है।

आईसीटी और अधिगम प्रबंधन व्यवस्था (एलएमएस) और समर्थ ईआरपी कौशलः

अधिगम प्रबंधन प्रणाली (एलएमएस)	:	मूडल (मॉड्यूलर ऑब्जेक्ट–ओरिएंटेड डायनामिक लर्निंग एनवायरनमेंट) ग्नोमिओ लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम
साहित्यिक चोरी का पता लगाने वाला सॉफ्टवेयर (पीडीएस)		ओरिजनल प्लेजिरिज्म डिटैक्शन सॉफ्टवेयर
वीडियो निर्माण एवं संपादन	:	स्क्रीनकॉस्टिफाइ, ओबीएस स्टूडिओ, शाटकट एडिटिंग, स्लाइडेटर (ऑनलाइन वीडियो प्रस्तुतियां रिकॉर्ड और साझा करना) यूट्यूब प्रस्तुती, स्क्रीन–कॉस्ट–ओ–मेटिक साफ्टवेयर इत्यादि
डिजीलॉकर के माध्यम से एनएडी	:	डिजीलॉकर पोर्टल के माध्यम से एनएडी पर छात्रों का विवरण अपलोड करना
समर्थ ईआरपी प्रणाली का उपयोग	:	नीपा में समर्थ ईआरपी प्रणाली की शुरूआत और अकादमिक एवं प्रशासन द्वारा विभिन्न मॉड्यूल का उपयोग
कम्प्यूटर प्रवीणता	:	विंडोज 2000, हाइपरटैक्स्ट मेकअप लैंग्वेज़ (एचटीएमएल), फ्रंटपेज 2002
काम का ज्ञान	:	लिबसिस–4, टैक्लीबप्लस, ज्ञानोदया, विद्या, लाइब्रेरी सॉफ्टवेयर/पैकेज

विभिन्न अकादमिक और व्यावसायिक क्षेत्रों में योगदान

i. नीपा की प्रशासन प्रक्रिया को मजबूत करने और नैक मूल्यांकन को औपचारिक बनाने, **साहित्यिक चोरी और दुर्व्यवहार की जांच करने के लिए आचार संहिता विकास** समिति के सदस्य

ii. संस्थान/विश्वविद्यालय में सभी शैक्षणिक पुरस्कारों के लिए सुरक्षित इलेक्ट्रॉनिक भण्डार गृह बनाने के लिए **शिक्षा मंत्रालय और यूजीसी द्वारा अनिवार्य राष्ट्रीय अकादमिक भंडार (एनएडी) के कार्यान्वयन** के लिए मैसर्स सीडीएसएल वेंचर्स लिमिटेड (सीवीएल) के साथ समन्वय करने के लिए अधिकृत शैक्षणिक संस्थान अधिकारी।

iii. **शिक्षा मंत्रालय और यूजीसी द्वारा अनिवार्य राष्ट्रीय अकादमिक भंडार (एनएडी) के कार्यान्वयन** के लिए एनएडी के साथ डिजीलॉकर के माध्यम से समन्वय करने के लिए अधिकृत शैक्षणिक संस्थान अधिकारी, संस्थान/विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक पुरस्कारों को एनएडी पर अपलोड करना।

iv. **शोधगंगा से संबंधित गतिविधियों के लिए संस्थान समन्वयक और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के इनफ्लिबनेट (सूचना और पुस्तकालय नेटवर्क)** के साथ वार्ता।

v. **संस्थान समन्वयक, ऑरिजनल (पहले उरकुंड) साहित्यिक चोरी डिटेक्शन सॉफ्टवेयर** पर शोधार्थियों, संकायों और कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत शोध प्रबंधों और अन्य अकादमिक और शोध प्रकाशनों की समानता की जांच करने के लिए अधिकृत।

vi. संस्थान समन्वयक, **ऑरिजनल साहित्यिक चोरी डिटेक्शन सॉफ्टवेयर** पर शोध प्रकाशनों की समानता की जांच और विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किए गए शोधों को अपलोड हेतु **शोधगंगा**–भारतीय शोध कोश में भेजा।

vii. नीपा द्वारा प्रदान की जाने वाली **एम.फिल.** और **पीएच.डी. डिग्री** का प्रारूप तैयार करने हेतु सदस्य सचिव। कार्य को पूरा करने के लिए, विभिन्न बैठकों का आयोजन/व्यवस्थता, समितियों का गठन, 3 केंद्रीय विश्वविद्यालयों का दौरा, पेपर के चयन के लिए 2 फर्मो का दौरा किया, सुरक्षा सुविधाओं की जांच की और निविदाएँ प्राप्त किए और अंतिम कार्यवृत्त/रिपोर्ट प्रस्तुत की।

viii. नीपा में **समर्थ ईगोव सूईट की समर्थ कार्यान्वयन समिति** के सदस्य।

ix. नीपा में **डिजिटल पहल के कार्यान्वयन के लिए नीपा डिजिटल लर्निंग मॉनिटरिंग** सेल के सदस्य।

x. नीपा की प्रशासनिक प्रक्रिया के सुदृढ़ीकरण और नैक मूल्यांकन को औपचारिक रूप देने तथा कर्मचारियों के लिए **आईसीटी, ई–गवर्नेंस, प्रबंधन वित्त आदि क्षेत्रों में व्यावसायिक विकास कार्यक्रम समिति** के सदस्य।

xi. नीपा की अभिशासन प्रक्रिया को सुदृढ़ एवं एनएएसी मूल्यांकन को औपचारिक रूप देने हेतु **विभिन्न गतिविधियों में ई–गवर्नेंस और आईसीटी उपयोग** के लिए समिति के सदस्य।

xii. आईटी (सलाहकार) और ग्राफिक डिजाइनर के पदों के लिए स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य।

xiii. परियोजना वरिष्ठ सलाहकार (हिंदी), आईटी सलाहकार, ग्राफिक डिजाइनर सलाहकार, आदि पदों के लिए आवेदनों की जांच के लिए गठित समिति के सदस्य।

xiv. परियोजना प्रबंधन एकक जैसे डीईओ, परियोजना वरिष्ठ सलाहकार (हिंदी), परियोजना कनिष्ठ सलाहकार, परामर्शदाता ग्राफिक डिजाइनर, आदि विभिन्न पदों के साक्षात्कार के लिए गठित समितियों के संयोजक सदस्य।

xv. एमएसीपी और प्रशासन में पदोन्नति के लिए गठित समिति के सदस्य।

नीपा के बाहर प्रख्यात निकायों की सदस्यता

i. भारतीय पुस्तकालय संघ, दिल्ली (आईएलए), (आजीवन सदस्य)

ii. भारत सरकार पुस्तकाध्यक्ष संघ (जी.आई.एल.ए.), नई दिल्ली, (आजीवन सदस्य)

iii. भारत तुलनात्मक शिक्षा समिति (सीईएसआई), नई दिल्ली, (आजीवन सदस्य)

इसके अलावा, नीपा में **प्रशासनिक अधिकारी (प्रभारी)** के रूप में अतिरिक्त जिम्मेदारियां निभाई।

नीपा में 12–14 अक्टूबर, 2022 के दौरान नैक मूल्यांकन दल का दौरा आयोजित किया।

विभिन्न वार्षिक कार्यक्रमों का आयोजन किया।

07 मार्च, 2022 को **हिन्दी संसदीय राजभाषा समिति** द्वारा राजभाषा संबंधी कार्यों का निरीक्षण।

ईऑफिस और समर्थ ईगोव सूईट की खरीद के प्रयास किये और समर्थ कार्यान्वयन समिति के सदस्य।

नीपा में पुनर्गठित **आंतरिक शिकायत समिति** के सदस्य और संयोजक। एफ. नं. 13–2/98–अकाद.–विविध। 26 जुलाई, 2022.

नीपा में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल (आईक्यूएसी) के पुनर्गठित समिति के सदस्य। क्रमांक एफ.न्यूपा/प्रशासन/आरओ/परिपत्र/030/2017–18, 14 मार्च, 2022।

प्रथम/द्वितीय/तृतीय एमएसीपी के अनुदान के लिए समूह 'बी' और समूह 'सी' अधिकारियों के मामलों पर विचार के लिए **जांच समिति के सदस्य**–सचिव।

संबंधित क्षेत्रों में उनके वर्तमान प्रदर्शन के आधार पर 2015–16, 2016–17 और 2017–18 की अवधि के लिए मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) के एपीएआर की समीक्षा के लिए समीक्षा अधिकारी।

खानपान, सुरक्षा, फोटोकॉपी आदि जैसी विभिन्न सेवाओं के लिए नीपा द्वारा प्राप्त बोलियों का मूल्यांकन करने के लिए गठित **तकनीकी मूल्यांकन समिति के सदस्य**।

साहित्यिक चोरी का पता लगाने वाले सॉफ्टवेयर (पीडीएस)/शोधशुद्धि (ऑरिजिनल को पहले 'उरकुंड' के नाम से जाना जाता था) के लिए विश्वविद्यालय समन्वयक।

संस्थान की अतीत, वर्तमान और भविष्य की गतिविधियों को उजागर करने और वृत्तचित्र के विकास के लिए विक्रेता की पहचान करने, इसकी सामग्री और वृत्तचित्र फिल्म/क्लिप की अवधि को अंतिम रूप देने संबंधी निविदा दस्तावेज को अंतिम रूप देने हेतु गठित समिति के सदस्य–समन्वयक।

नीपा में सामुदायिक सहभागिता और अग्रगामी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए गठित समिति के सदस्य–संयोजक।

ऑरिजिनल साहित्यिक चोरी का पता लगाने वाले सॉफ्टवेयर विश्लेषण रिपोर्ट के लिए गठित 'संस्थागत शैक्षणिक अखंडता पैनल (आईएआईपी)' की समिति के सदस्य (संयोजक)।

पुराने प्रकाशनों/पत्रिकाओं/पुस्तकों आदि, जिनकी अभी मांग नहीं है, के निपटान/बट्टे खाते में डालने/स्क्रैपिंग की संभावनाओं की जांच करने और दिशानिर्देश तैयार करने के लिए समिति के सदस्य।

नीपा कार्यालय और छात्रावास भवन में स्थापित एयर–कंडीशनर इकाइयों के आंतरिक भागों की चोरी के मामले की जांच के लिए गठित जांच समिति के सदस्य–समन्वयक।

नीपा की 50 से अधिक शैक्षणिक और प्रशासनिक समितियों के सदस्य जैसे नीपा आपदा प्रबंधन योजना समिति, आवास आवंटन समिति, निवेश समिति, एंटी–रैगिंग समिति, आईक्यूएसी, भौतिक सत्यापन, आंतरिक शिकायत समिति के सदस्य और संयोजक, शिकायत निवारण समिति के सदस्य–सचिव, फिटनेस इंडिया 2021, डायमंड जुबली कार्यक्रम समिति, दीक्षांत कार्यक्रम की एक वृत्तचित्र फिल्म विकसित हेतु नीपा समिति आदि।

मौलिक साहित्यिक चोरी का पता लगाने वाला सॉफ्टवेयर के नोडल अधिकारी।

नीपा के केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ)।

केंद्रीय लोक शिकायत के नोडल अधिकारी।

मिशन मोड रिक्रूमेंट (एमएमआर) के नोडल अधिकारी।

केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल (सीपीपीपी)।

कानूनी सूचना प्रबंधन और संक्षिप्त प्रणाली (एलआईएमबीएस) के नोडल अधिकारी।

कंप्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं

5

कंप्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं

सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं

कंप्यूटर केंद्र संस्थान की सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करता है। नेटवर्क संस्थान की रीढ की हड्डी है तथा इसके सक्रिय संघटकों को कंप्यूटर केंद्र द्वारा संचालित, अनुरक्षित तथा नियंत्रित किया जाता है। कंप्यूटर केंद्र एन.एम. ई.आई.सी.टी परियोजना के अंतर्गत **एन.के.एन./एम.टी.एन.एल.** द्वारा प्रदान की गई 1 जी.बी.पी.एस ऑप्टिकल फाइबर इंटरनेट संपर्कता से सुसज्जित है। संस्थान में सतत रूप से इंटरनेट 24x7x365 सुनिश्चित करने के लिए कंप्यूटर केंद्र सभी स्टाफ सदस्यों, प्रशिक्षुओं, परियोजना स्टाफ, कार्यक्रम भागीदारों, अनुसंधानविदों को कंप्यूटर सुविधा तथा इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध कराता है।

विश्वविद्यालय में नेटवर्क संसाधनों का अधिकतम प्रयोग करने हेतु सभी स्टाफ सदस्यों तथा संकाय सदस्यों को उच्च गति वाली इंटरनेट तथा नेटवर्क प्वाइंट प्रदान किये गये हैं। **नीपा डोमेन** पर सभी स्टाफ तथा संकाय सदस्यों को व्यक्तिगत ई–मेल खाता की सुविधा दी गई है। सभी संकाय सदस्यों को डैस्कटाप/लैपटाप कंप्यूटर उपलब्ध कराए गए हैं तथा सभी स्टाफ सदस्यों को उनके डेस्क पर डैस्कटाप कंप्यूटर उपलब्ध कराया गया है। कंप्यूटर केंद्र की सुविधाएं बिना किसी व्यावधान के लगातार 12 घंटे उपलब्ध रहती हैं। कंप्यूटर केन्द्र पर तृतीय पक्ष कम्पनी के सहयोग से संस्थान के अपने कंप्यूटरों तथा संबंधित उपकरणों के रखरखाव की जिम्मेदारी है।

कंप्यूटर केन्द्र संस्थान की दैनिक अकादमिक तथा गैर अकादमिक गतिविधियों में सूचना प्रौद्योगिकी का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करने हेतु सुविधाएं प्रदान करता है। कंप्यूटर केंद्र विभिन्न प्रकार के नवीनतम डेस्कटॉप कंप्यूटर और लैपटॉप तथा मल्टी–फंक्शन प्रिंटरों से सुसज्जित है।

नीपा भवन से नीपा हॉस्टल को हाई स्पीड इंटरनेट कनैक्टिविटी उपलब्ध कराई गई है। नीपा छात्रावास के सभी मंजिलों के सभी कमरों में अतिथियों के लिये प्रमाणित तथा सुरक्षित वाई–फाई संपर्कता उपलब्ध–कराई गई है।

यह केंद्र अकादमिक विभागों को प्रशिक्षण, अनुसंधान, मात्रात्मक आंकड़ा विश्लेषण और प्रणाली स्तर के प्रबंधन संबंधी मुद्दे तथा दूसरे कार्यकलापों में सहायता प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त गैर–अकादमिक एककों जैसे– पुस्तकालय, प्रशासन तथा वित्त विभागों को भी सहायता प्रदान की जाती है। संस्थान की डाटा प्रोसेसिंग तथा वर्ड प्रोसेसिंग आवश्यकताओं को पूरा करने के अलावा कंप्यूटर केंद्र विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों/कार्यक्रमों के लिए अन्य विशिष्ट कंप्यूटर आधारित सेवाएं प्रदान करता है।

लेखा अनुभाग को भी कंप्यूटर अनुप्रयोग के लिए समर्थन दिया जाता है। इसमें शामिल है, वेतन गणना, आयकर गणना, पेंशन, भविष्य निधि गणना आदि। इसके लिए एस.पी.एस.एस. सांख्यिकी पैकेज (एसपीएसएस) नेटवर्क वर्जन सर्वर के साथ स्थापित किया गया है ताकि प्रयोगकर्त्ता नेटवर्क पर गणना कर सकें। कंप्यूटर केंद्र दैनिक गतिविधियों के लिये ओपन स्रोत साफ्टवेयरों को प्रोत्साहन देता है।

संस्थान की दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु आधुनिक डाटा केन्द्र स्थापित किया गया है। डाटा केन्द्र उच्च गुणवत्तायुक्त डाटा सर्वर तथा वेब सर्वर से जुड़ा है जोकि चौबीसों घंटे 24x7x365 उपभोक्ताओं के लिये ऑन–लाईन उपलब्ध है। डाटा सेंटर समर्पित समानांतर यू.पी.एस. सिस्टम से समर्थ है जो सर्वर को पावर बैक–अप प्रदान करता हैं।

कम्प्यूटर केंद्र भारत सरकार के मुख्य कार्यक्रम, सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए) और राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (आरएमएसए) के फ्लैगशिप कार्यक्रम के अन्तर्गत जाने–माने कार्यक्रम एकीकृत शैक्षिक जिला प्रणाली सूचना (यू–डाईस) के लिये सर्वर का रखरखाव संगणक केंद्र करता है। इसके अलावा संगणक केंद्र का डाटा केंद्र राष्ट्रीय विद्यालय मानक एवं मूल्यांकन – शाला सिद्धि के राष्ट्रीय कार्यक्रम के वेब पोर्टल का रखरखाव भी करता है।

नीपा आंकड़ा केन्द्र नेटवर्क संरचना



- डेटा सेंटर नेटवर्क आर्किटेक्चर में फायरवॉल, कोर स्विच वायरलेस, वाई–फाई कंट्रोलर और आईएसपी राउटर शामिल हैं।
- 8 आइबीएम सर्वर हैं जो यू–डाईस, शाला सिद्धि, ओरेकल सर्वर, एसडीएमआईएस, डेटा विजुअलाइज़ेशन, niepa.ac.in, छात्र प्रबंधन सूचना प्रणाली, स्कूल निर्देशिका प्रबंधन प्रणाली और स्कूल रिपोर्ट कार्ड जैसे कई वेब अनुप्रयोगों से जुड़े हैं
- दो डेल सर्वर हैं जो डिजिटल अभिलेखागार और डेटाबेस सर्वर से जुड़े हैं।
- एच.पी. सर्वर मूडल पोर्टल, एनसीएसएल पोर्टल, क्विक हील एंडपॉइंट सुरक्षा और प्रिंटिंग सर्वर से जुड़े हैं।
- लिबसिस के लिए आईबीएम टॉवर सर्वर (ओपेक)

आईसीटी विभाग की भूमिकाएं और जिम्मेदारियां

- डाटा सेंटर और सर्वर हार्डवेयर की नियमित रूप से निगरानी की जाती थी।
- नेटवर्क और वाई–फाई से संबंधित मुद्दों को नियमित रूप से प्रबंधित किया जाता है। नेटवर्क विलंबता का निरीक्षण करके संगठन के नेटवर्क प्रदर्शन को नियमित रूप से ट्यून किया गया था।
- संगठन के आंकड़ा केंद्र और नीपा छात्रावास में 24X7 नेटवर्क कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना।
- संस्थान का सोशल मीडिया प्रबंधन (ट्विटर और फेसबुक)
- यूट्यूब और फेसबुक पर गतिविधियों का सीधा प्रसारण
- उपलब्ध नीपा डिजिटल बुनियादी ढांचे के साथ लाइव वेबिनार का आयोजन
- बैठक और वेबिनार के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन
- साइबर खतरा अनुश्रवण नीपा आंकड़ा केन्द्र और डिजिटल बुनियादी ढांचे पर हमलों की निगरानी
- ऑपरेटिंग सिस्टम लाइसेंस प्रबंधन
- ई–निविदा के लिए ई–विजार्ड की सुविधा और क्रियान्वयन
- जीईएम में तकनीकी बोली का मूल्यांकन
- संगठन की वेबसाइटों की निगरानी और अद्यतन करना।

- सर्वर एएमसी का प्रबंधन
- नियमित रूप से पूरे सर्वर के सुरक्षा पैच अद्यतन किए जाते हैं।
- नीपा डेटा सेंटर का सर्वर बैकअप नियमित अंतराल पर किया जाता है।
- ऑनलाइन पाठ्यक्रमों का बैकअप नियमित रूप से किया जाता है।
- ऑनलाइन पाठ्यक्रमों का निर्माण और नीपा एलएमएस में उपयोगकर्ताओं का नामांकन
- एंटी–वायरस पैच को सर्वर से क्लाइंट्स तक पहुंचाना
- ऑनलाइन यूपीएस का रखरखाव और निगरानी बार–बार की जाती है।
- संस्थान की सीसीटीवी निगरानी।
- सभी डोमेन की निगरानी
- niepa.ac.in मेल डोमेन का प्रबंधन
- ऑनलाइन भर्ती की निगरानी और प्रबंधन (स्थायी और अस्थायी)

नीपा डिजिटल भंडार

पीसी(स)			**नेटवर्किंग मदें**		
क्र. सं.	**विवरण (मेक/मॉडल)**	**मात्रा**	**क्र. सं.**	**वस्तु/मॉडल**	**मात्रा**
1	एचपी कोर आइ5(6200)	**28**	1	सिसको स्विच	**5**
2	एचपी कोर आइ7(8300)	**39**	2	सिसको एक्सेस प्वाइंट	**25**
3	एचपी (2280)	**82**	3	एल 2 स्विच	**24**
4	एचपी (7800)	**4**	4	डी लिंक राउटर	**9**
5	आइबीएम (थिंक सेंटर)	**1**	5	फायरवैल (पालो अल्टो)	**1**
6	एचपी प्रो वन 600G5	**42**	6	सीसीटीवी कैमरा (सीपी प्लस)	**50**
7	एचपी 400 जी4 ऑल इन वन	**13**		**कुल**	**114**
8	डैल ऑप्टीप्लैक्स 3050	**16**	1	एचडी डिसप्ले	**5**
9	एचपी 400 जी6 ऑल इन वन	**15**	2	यूपीएस	**12**
10	एचीप 240	**1**	3	वीडियो कॉन्फ्रेंस प्रणाली (जीएमईईटी)	**3**
11	टायरॉन	**1**			
12	एचपी 280 प्रो जी6 एमटी	**30**			
	कुल	**272**			

प्रिन्टर

क्र. सं.	मेक/मॉडल	प्रिंटरों की मात्रा	क्र. सं.	मेक/मॉडल	प्रिंटरों की मात्रा
1	एचपी एलजे 1020 प्लस	**15**	11	एचपी 1020	**12**
2	एचपी एलजे एम226डीएन	**09**	12	एचपी 1022	**17**
3	एचपी एलजे 1536डीएन	**06**	13	एचपी 1160	**16**
4	एचपी ओजे 276डीडब्ल्यु	**03**	14	एचपी 9040	**1**
5	एचपी एलजे एम1005	**03**	15	कैनन 4800	**1**
6	एचपी एलजे एम425डीएन	**02**	16	कैनन एमएफपी 33सीडीडब्ल्यु	**1**
7	कैनन एमएफ 4450	**02**	17	एचपी लेजरजेट प्रो एमएफपी एम226 डीडब्ल्यु	**19**
8	रिको एमएफ 210एसयू	**02**	18	लेक्समार्क एमबी 2236एडीडब्ल्यु	**11**
9	एचपी 1010	**1**	19	एचपी लेजर जेट एम233 डीडब्ल्यु	**1**
10	एचपी लेजरजेट प्रो एमएफपी 329 डीडब्ल्यु	**10**			
	कुल				**132**

लैपटॉप

क्र. सं.	मेक/मॉडल	प्रारूप	खरीद का वर्ष	मात्रा
1.	डेल/लेटीट्यूड 3590	कोर आइ7 – 8550यूसीपीयू@1.8 गिगाहर्टज़, 8 जीबी रैम 1 टीबी एचडीडी	2018	16
2.	डेल/लेटीट्यूड 3410	कोर आइ7 – 8550यूसीपीयू@1.8 गिगाहर्टज़, 8 जीबी रैम 2 टीबी एचडीडी	2020	12
3.	एचपी/प्रो बुक 4440	कोर आइ5 – 8550यू सीपीयू@1.8 गिगाहर्टज़, 8 जीबी रैम 1 टीबी एचडीडी	2016	5
4.	एचपी/430 जी1	कोर आइ5, 500जीबी एचडीडी/ 4 जीबी रैम/डीएस–वाई	2014	20
5.	एचपी/44431	कोर आइ5, 500जीबी एचडीडी/4 जीबी रैम/डीएस–वाई	2013	1
6.	लेनोवो/एक्स220	कोर आइ7, 500जीबी एचडीडी/4 जीबी रैम/डीएस–वाई	2008	3
7.	ऐसर	कोर आइ7, 1 टीबी एचडीडी / 16 जीबी रैम	2022	10
	कुल			**67**

सर्वर

क्र.सं.	मेक/मॉडल	प्रारूप	खरीद का वर्ष	मात्रा
1.	आइबीएम/ब्लेड सर्वर	इंटेल(आर) जेऑन(आर) सीपीयू ई2665 16जीबी	2014	8
2.	एचपी डीएल 380जी5	इंटेल(आर) जेऑन(आर) सीपीयू ई5430 32जीबी	2010	1
3.	एचपी/580जी5	इंटेल(आर) जेऑन(आर) सीपीयू ई5430 32जीबी	2010	1
4.	डेल/आर710	इंटेल(आर) कोर(टीएम) आई7–8550यू सीपीयू @ 1.80 गिगाहर्टज़	2014	1
5.	डेल/आर820	इंटेल(आर) जेऑन(आर) सीपीयू ई5–4650 वी2 @ 2.40 गिगाहर्टज़, 2400 मेगाहर्टज़, 10 कोर(एस), 20 लॉजिकल प्रोसेसर(स)	2014	1
6.	आइबीएम/सिस्टम एक्स 3100 एम4	इंटेल(आर) जेऑन(आर) सीपीयू ई5–2665	2010	1
7.	आइबीएम/स्टोरेज	स्टोरेज वीआईजेड वी7000	2014	1
8.	टायरॉन/सर्वर	इन्टेल® @ 2.30 गिगाहर्टज़ (2 प्रोसेसर)	2021	2
9.	क्यूएसएएन/स्टोरेज	100 टीबी	2021	1
	कुल			**17**

सॉफ्टवेयर की सूची

क्र. सं.	सॉफ्टवेयर	मात्रा
1.	एन्टी–वायरस	**250**
2.	एसपीएसएस	**10**
3.	एनवीआईवीओ	**10**
4.	एन्ड नोट	**5**
5.	एमएस ऑफिस	**5**
6.	अडॉब	**1**
7.	कोरल ड्रा	**10**
कुल		**290**

प्रकाशन

6

Azadi Ka Amrit Mahotsav
National Institute of Educational
Planning and Administration
Vinayak Garg
Sudhanshu Bhushan

प्रकाशन

राष्ट्रीय संस्थान का प्रकाशन एकक संस्थान द्वारा की गई शोध और विकास गतिविधियों के निष्कर्षों के प्रकाशन और प्रसारण द्वारा ज्ञान की साझेदारी संबंधी कार्यकलापों का समर्थन व्यापकता के लिए करता रहा है। संस्थान के उद्देश्यों को पूरा करने के क्रम में प्रकाशन एकक समसामयिक आलेख/जर्नल/पाक्षिक न्यूजलेटर, पुस्तकें, रिपोर्टें, एम.फिल. और पीएच.डी की विवरणिका और प्रशिक्षण कार्यक्रम का कैलेण्डर प्रकाशित करता है। यह विभिन्न राज्यों/संघ क्षेत्रों के शैक्षिक प्रशासन सर्वेक्षणों की रिपोर्टों की श्रृंखला भी प्रकाशित करता है। उपरोक्त प्रकाशन अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित किए जाते हैं और कुछ महत्वपूर्ण और वैधानिक प्रकाशन अंग्रेजी भाषा के अलावा, आवश्यकता के अनुसार हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में भी प्रकाशित किए जाते हैं। प्रकाशन एकक में कुशल और तकनीकी रूप से योग्य पेशेवर हैं और यह विश्वविद्यालय के विभिन्न डी.टी.पी. कार्यों को करने के लिए कम्प्यूटर और प्रिंटर से लैस है।

वर्ष 2022–23 के अंतर्गत नीपा द्वारा कुछ महत्वपूर्ण प्रकाशन निकाले गए– *जर्नल ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन* (अंग्रेजी), *परिप्रेक्ष्य* (हिंदी) जर्नल, सम–सामयिक लेख और सी.पी.आर.एच.ई. अनुसंधान आलेख, एम.फिल. तथा पीएच.डी कार्यक्रमों की विवरणिका तथा नवाचार एवं नवोन्मेष की सारांश पुस्तिका, सूचना विवरणिका और एनसीएसएल मॉड्यूल आदि। संस्थान ने अनेक शोध और संगोष्ठियों/सम्मेलनों की रिपोर्टें पुस्तक और मोनोग्राफ के रूप में प्रकाशित की।

समीक्षाधीन वर्ष 2022–23 के दौरान संस्थान ने निम्नांकित प्रमुख प्रकाशन निकाले :

पत्रिकाएं

जर्नल ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन, वर्ष XXXVI, अंक 1, जनवरी 2022; वर्ष XXXVI, अंक 2, अप्रैल 2022; वर्ष XXXVI, अंक 3, जुलाई 2022; वर्ष XXXVI, अंक 4, अक्टूबर 2022 ।

परिप्रेक्ष्य (शैक्षिक योजना और प्रशासन में सामाजिक–आर्थिक संदर्भ पर हिन्दी जर्नल) वर्ष XXVI, अंक 3, दिसंबर 2019 और वर्ष XXVII, अंक 1, अप्रैल 2020; वर्ष XXVII, अंक 2, और 3, अगस्त और दिसंबर 2020; वर्ष XXVIII, अंक 1, और अंक 2, अप्रैल और अगस्त 2021; वर्ष XXVIII, अंक 3, दिसंबर 2021 और वर्ष XXIX, अंक 1, अप्रैल 2022; ;

एंट्रीप न्यूज़लेटर

1. एंट्रीप न्यूज़लेटर, वर्ष 26, अंक 2, जुलाई–दिसंबर 2020
2. एंट्रीप न्यूज़लेटर, वर्ष 27, अंक 1, जनवरी–जून 2021

नीपा न्यूजलेटर

1. वर्ष 1, अंक 1, जनवरी–जून 2022, संस्करण (ई–संस्करण और फ्लिप बुक)

सम–सामायिक आलेख

1. समसामयिक आलेख सं. 57: डायनेमिक्स ऑफ फाइनेन्सज़ ऑफ प्राइवेट हायर एजुकेशनल

इंस्टिटयूशनस् इन इंडिया, जैकब जॉन, मेघा जैकब तथा नवीन जोसेफ थॉमस।

2. समसामयिक आलेख सं. 58: पब्लिक–प्राइवेट मिक्स इन सेकेण्डरी एजुकेशन इन इंडियाः साइज, इन–स्कूल फेसिलिटिज एण्ड इनटेक प्रोफाइल, एन.के. मोहंती।
3. समसामयिक आलेख सं. 59: स्कूल कॉम्प्लेक्सेस् इन इंडियाः एक्सिटिंग प्रेक्टिसिस् एण्ड फ्यूचर प्रोस्पेक्टस् इन द लाइट ऑफ नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020, रश्मि दीवान, सुभिता जी.वी., मोना सेदवाल तथा कश्यपी अवस्थी।

सी.पी.आर.एच.ई. शोध आलेख

1. सीपीआरएचई अनुसंधान आलेख 16: द फ्यूचर ऑफ हायर एजुकेशन इन इंडियाः फ्रॉम मॉसिफिकेशन टू यूनिवर्सलाइसेशन, एन.वी. वर्गीज तथा निधि एस. सभरवाल।

प्रकाशकों के सहयोग से सःशुल्क प्रकाशन

1. इंडिया हायर एजुकेशन रिपोर्ट 2021: प्राइवेट हायर एजुकेशन (सं.) एन.वी. वर्गीज तथा जिनुशा पाणीग्रही (रूटलेज)।
2. फाइनेनसिंग ऑफ हायर एजुकेशन– ट्रेडिशनल एप्परॉचस् एण्ड इनोवेटिव स्ट्रेटेजिस, (सं.) डॉ. एन.वी. वर्गीज तथा जिनुशा पाणीग्रही (स्प्रिंगर), (प्रेस में)।
3. टीचर एजुकेशन लेंडस्केपस् इन इंडियाः गवर्नेंस एण्ड क्वालिटी मेनेजमेंट, (सं.) प्रणति पंडा (रूटलेज) (प्रेस में)।
4. इंडिया हायर एजुकेशन रिपोर्ट 2022: वूमन इन हायर एजुकेशन, (सं.) एन.वी. वर्गीज तथा निधि सभरवाल(रूटलेज) (प्रेस में)।

निःशुल्क प्रकाशन :

1. नीपा वार्षिक रिपोर्ट 2020–21 (अंग्रेजी संस्करण)
2. नीपा वार्षिक रिपोर्ट 2020–21 (हिंदी संस्करण)
3. शैक्षिक प्रशासन में नवाचार और नवोन्मेष का संग्रह 2018–19, *कुमार सुरेश और वी. सुचरिता द्वारा संकलित और संपादित*
4. पुरस्कार विजेताओं और प्रशंसा प्रमाणपत्र प्राप्तकर्ताओं की प्रोफाइल 2018–19, शैक्षिक प्रशासन में नवाचार के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार
5. शैक्षिक प्रशासन में नवाचार और नवोन्मेष का संग्रह 2019–20, *कुमार सुरेश और वी. सुचरिता द्वारा संकलित और संपादित*
6. पुरस्कार विजेताओं और प्रशंसा प्रमाणपत्र प्राप्तकर्ताओं की प्रोफाइल 2019–20, शैक्षिक प्रशासन में नवाचार के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार
7. सीपीआरएचई रिपोर्ट 2021–22
8. नीपा एक नजर में (डिजीटल प्रिन्ट)
9. अनुसंधान प्रकाशनों और प्रशिक्षण गतिविधियों का संग्रह (2016–21)
10. नीपा दीक्षांत समारोह 2022 के लिए विवरणिका
11. नीपा दीक्षांत समारोह 2022 के लिए शोध का सार–संग्रह
12. हीरक जयंती विवरणिका 1962–2022
13. नीपा वार्षिक रिपोर्ट 2021–22 (अंग्रेजी संस्करण)
14. नीपा वार्षिक रिपोर्ट 2021–22 (हिंदी संस्करण)
15. पाठ्यचर्या मार्गदर्शिका – शिक्षा एवं विकास कार्यक्रम में स्नातकोत्तर (*मिमियोग्राफ*)
16. *संवाद और सुनने की कलाः हमारी कक्षाओं पर पुनर्विचार,* अविजीत पाठक (2022) (तेरहवाँ मौलाना आजाद स्मृति व्याख्यान)
17. सीपीआरएचई नीति संक्षेप 4 और 5 (अंग्रेजी संस्करण)
18. भारत की जी20 अध्यक्षता और शिक्षा एजेंडा पर परामर्शदात्री बैठक की प्रमुख सिफारिशें, (13–14 फरवरी, 2023) (डिजिटल प्रिंट संस्करण)
19. उच्चतर शिक्षा संस्थानों में उद्योग–अकादमिक संबंधों का विकास और उन्हें कायम रखना (23 मार्च, 2022) (डिजिटल प्रिंट संस्करण)

मॉड्यूल

1. अनुकूल शिक्षण वातावरण बनाने पर प्रशिक्षण के लिए मॉड्यूल, कश्यपी अवस्थी और प्रीति विवेक मिश्रा (7 मॉड्यूल का एक सेट)

2. सतत व्यावसायिक विकास के लिए नेतृत्व मार्गः स्कूल प्रमुखों के लिए स्व–निर्देशात्मक मॉड्यूल का एक पैकेज, रश्मी दीवान और चारु स्मिता मलिक (14 मॉड्यूल का एक सेट)

सूचना विवरणिका पुस्तिकाएँ

1. शैक्षिक प्रशासन में नवाचारों और नवोन्मेष के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों की सूचना विवरणिका
2. आंध्र प्रदेश के महाविद्यालय प्राचार्यों हेतु नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम की सूचना विवरणिका (पांच अलग–अलग बैचों के लिए 5 सूचना पुस्तिकाएं) (डिजिटल प्रिंट संस्करण)
3. भारत में लैंगिक और उच्च शिक्षा के लिए सूचना विवरणिका (30–31 जनवरी, 2023) (डिजिटल प्रिंट संस्करण)
4. भारत की जी20 अध्यक्षता और शिक्षा एजेंडा पर परामर्शदात्री बैठक के लिए सूचना विवरणिका (13–14 फरवरी, 2023) (डिजिटल प्रिंट संस्करण)
5. उच्चतर शिक्षा में विविधता और समावेशन पर अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार के लिए सूचना विवरणिका (16–17 फरवरी, 2023) (डिजिटल प्रिंट संस्करण)

अन्य

इन प्रकाशनों के अलावा, नीपा ने 2022–23 के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का कैलेंडर; एम.फिल.–पीएच.डी. विवरणिका 2022–23; और एम.फिल.–पीएच.डी. कार्यक्रम सारणी 2022–23; एम.फिल.–पीएच.डी. डिग्री अधिनियम 2020 (पुर्नमुद्रण); निष्ठा 1.0, निष्ठा 2.0, निष्ठा 3.0, (अंग्रेजी और हिन्दी संस्करण में पुस्तिकाएं); संघीय ज्ञापन एवं भर्ती नियम और सेवा विनियम 2020 (ई–*संस्करण*); संस्थागत नीति दस्तावेजों का संग्रह; एनईपी 2020 पर वेबिनार में नीपा संकाय की भागीदारी; डेस्क कैलेंडर 2023; घोषणाएं– ई–आई.टी.ई.सी. के लिए; आईडेपा, आई.पी.ई.ए., पीजीडेपा और अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए घोषणाएँ (ई–संस्करण); नीपा स्थापना दिवस के लिए पोस्टर, राष्ट्रीय शिक्षा दिवस; और विभिन्न अन्य कार्यक्रमों की सामग्री, आदि प्रकाशित की।

मिमियोग्राफ प्रकाशनः इसके अलावा, नीपा ने रिपोर्ट की अवधि के दौरान संस्थान द्वारा आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों/सेमिनारों के अनुसंधान अध्ययन, रिपोर्ट, पठन सामग्री से संबंधित कई मिमियोग्राफ/फोटोकॉपी प्रकाशन भी निकाले।

नीपा वेबसाइट के लिए सामग्रीः प्रकाशन एकक ने अपने प्रकाशनों के संबंध में नीपा वेबसाइट को नियमित अद्यतन प्रदान किया। अद्यतनों में निजी प्रकाशकों के माध्यम से प्रकाशित मूल्य और बिना मूल्य वाले प्रकाशनों और प्रकाशनों की व्यापक सूची शामिल हैं। जर्नल ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन के वर्तमान और आगामी अंकों के बारे में जानकारी; नीपा के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का कैलेंडर; और एम.फिल.–पीएच.डी. कार्यक्रमों की विवरणिका। संघीय ज्ञापन एवं नियम; हिंदी जर्नल (त्रि–वार्षिक) परिप्रेक्ष्य का पूर्ण संस्करण; नीपा समसामयिक पत्रों का पूर्ण संस्करण; सीपीआरएचई शोध पत्रों का पूर्ण संस्करण; नीपा वार्षिक रिपोर्ट (अंग्रेजी और हिंदी संस्करण) का पूर्ण संस्करण और एनसीएसएल, शाला सिद्धि, सीपीआरएचई, और डाईस प्रकाशन आदि के वेब संस्करण इत्यादि।



नीपा में सहायता अनुदान योजना

7

नीपा में सहायता अनुदान योजना

कार्य योजना के विस्तार के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति और कार्यवाही योजना में उनकी पुनः व्याख्या के विभिन्न मानकों के क्रियान्वयन हेतु उद्देश्यों का वृहद प्रचार आवश्यक है तथा शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत गैर–सरकारी संगठनों, स्वैच्छिक एजेंसियों तथा सामाजिक संगठनों के साथ निकटतम सहयोग आवश्यक है। नीति के क्रियान्वयन में बेहतर समन्वयन हेतु, राष्ट्रीय तथा स्थानीय स्तर पर समर्थन व्यवस्था समेत अंतःशास्त्रीय उपागम आवश्यक है।

इस संदर्भ में ये आवश्यक हैं: (अ) देश में शैक्षिक नीतियों तथा कार्यक्रमों के प्रति वृहद जागरूकता पैदा करना, (ब) नीति उन्मुख अध्ययनों तथा संगोष्ठियों को आरंभ करना ताकि मध्य–पाठ्यक्रम सुधार, संशोधन तथा नीति हस्तक्षेपों के साथ समायोजन किया जा सके (स) अध्यापकों, छात्रों, युवाओं तथा महिलाओं और संचार माध्यमों को प्रायोजित संगोष्ठी के आयोजन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके साझा मंच प्रदान करना। (द) शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार तथा नवोन्षण एवं सफल प्रयोग को बढ़ावा देना (य) राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा कार्य योजना की समीक्षा को सुविधाजनक बनाना।

उपरोक्त प्रयोजन के लिये, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने सहायता अनुदान कार्यक्रम कार्यान्वित किया है जिसके अंतर्गत योग्य संस्थानों तथा संगठनों को वित्तीय सहायता शिक्षा नीति के प्रबंधन तथा क्रियान्वयन पक्ष पर सीधे प्रभाव डालने वाली गतिविधियों के आधार पर प्रदान की जायेगी। इसके अंतर्गत सम्मेलनों का आयोजन, प्रभावी तथा मूल्यांकन अध्ययन, सर्वोत्तम विकल्पों पर परामर्शकारी अध्ययन, भारत सरकार को सलाह देने हेतु तथा व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने हेतु मॉडल, विडियो फिल्म इत्यादि का निर्माण सम्मिलित हैं।

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने इस विश्वविद्यालय के माध्यम से यह योजना संचालित की है जो सहायता अनुदान समिति के द्वारा इसे संचालित करता है। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की सहायता अनुदान योजना के तहत विभिन्न संस्थानों से प्राप्त प्रस्तावों के मूल्यांकन तथा अनुमोदन के लिए समिति का पुनर्गठन 07 मार्च, 2023 किया गया है। 31 मार्च, 2023 के अनुसार इस समिति के निम्नांकित सदस्य हैं:

प्रोफेसर ए.के. सिंह	–	अध्यक्ष
प्रोफेसर इलियास हुसैन	–	सदस्य
प्रोफेसर उमा मेदुरी	–	सदस्य
प्रोफेसर संतोष पांडा	–	सदस्य
प्रोफेसर दिनेश कुमार	–	सदस्य
प्रोफेसर कुमार सुरेश	–	सदस्य
प्रोफेसर के. बिस्वाल	–	सदस्य
प्रोफेसर वीरा गुप्ता	–	सदस्य
डा. संदीप चटर्जी	–	सदस्य सचिव

01.04.2022 से 31.03.2023 की अवधि के दौरान आयोजित जीआईएसी बैठकें

क्र. सं.	संगठन का नाम	संगोष्ठी/सम्मेलन/शोध अध्ययन का शीर्षक	बैठक की तिथि	स्वीकृत राशि
1.	**इलाशरी सेवा संस्थान, मधुबनी, बिहार**	''बिहार में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए प्रारंभिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण की दिशा में टोला संयोजक की भूमिका'' विषय पर संगोष्ठी	27.12.2022 44वां जीआईएसी	₹ 1,50,000/-
2.	**शैक्षिक और सामाजिक अध्ययन केन्द्र (सीईएसएस) बंगलुरू, कर्नाटक**	''रा.शि.नीति. की तैयारी– उच्च शिक्षा में बदलाव की संभावनाएं और चुनौतियां'' पर राष्ट्रीय सम्मेलन		₹ 3,00,000/-
3.	**समाधान, मधुबनी, बिहार**	''बिहार जैसे विकासशील राज्य में कोविड–19 महामारी की स्थिति के दौरान शिक्षा प्रणाली को सुव्यवस्थित करने के परिणाम और उपाय'' विषय पर संगोष्ठी		₹ 1,50,000/-
4.	**बस्ती एरिया विकास परिषद (बीएडीसी), बालासोर, ओडिशा**	''भारत में महामारी के दौरान बच्चों के मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत बच्चों के मौलिक अधिकारों की सुरक्षा पर पंचायत राज संस्थानों की भूमिका'' विषय पर संगोष्ठी		₹ 2,00,000/-
5.	**भारतीय सामाजिक विज्ञान अकादमी, इलाहाबाद, उ.प्र.**	XLVIवां भारतीय सामाजिक विज्ञान कांग्रेस मुख्य विषयः ''स्वराज भारत के 75 साल''		₹ 3,00,000/-
		वर्ष 2022–23 में स्वीकृत कुल राशि		**₹ 11,00,000/-**

प्रशासन और वित्त

8

प्रशासन और वित्त

प्रशासन

संस्थान के पास हाउसकीपिंग (गृह–व्यवस्था) तथा सुरक्षा सेवाओं के लिये बाह्य सेवा–स्रोतों के अतिरिक्त निम्नांकित स्वीकृत पद हैं।

प्रशासन तथा अकादमिक एवं तकनीकी समर्थन सेवाएं प्रशासन के कार्य के अनुसार स्थापित अनुभागों द्वारा नियंत्रित तथा समन्वित की जाती हैं, जैसाकि ऑर्गनोग्राम में दर्शाया गया है।

संस्थान में अनुभाग कार्यकलापों के अनुसार स्वीकृत पदों के अलावा विभिन्न अकादमिक और अनुसचिवीय पदों पर 93 परियोजना कर्मचारी और अधिकारी कार्यरत हैं।

बाह्य संवर्ग पद	संख्या
कुलपति	01
कुलसचिव	01
संवर्ग पद	
संकाय (प्रोफेसर, सह–प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर)	42
अकादमिक समर्थन स्टाफ़	07
प्रशासन, वित्त, सचिवीय तथा अन्य तकनीकी स्टाफ	79
सहायक स्टाफ (एम.टी.एस.)	37
कुल	167

समीक्षाधीन वर्ष 2022–23 के दौरान, निम्नांकित सेवानिवृत्तियां की गईं।

सेवानिवृत्तियां

समूह 'ए'

नाम	पद	सेवानिवृत्ति की तिथि
प्रो. रश्मि दीवान	प्रोफेसर	28.02.2023

समूह 'बी'

नाम	पद	सेवानिवृत्ति की तिथि
श्री मनोहर लाल	स्टेनोग्राफर ग्रेड–1	31.08.2022
श्री पी.पी. सक्सेना	अनुभाग अधिकारी	30.11.2022

समूह 'सी'

नाम	पद	सेवानिवृत्ति की तिथि
श्री रामबाबू	प्रवर श्रेणी लिपिक	31.01.2023
श्री सरोज कुमार	पुस्तकालय परिचारक	28.02.2023

वित्त तथा लेखा विभाग

नीपा में वित्त तथा लेखा सेवाएं लेखा अनुभाग द्वारा संचालित की जाती हैं जिसका अध्यक्ष वित्त अधिकारी होता है जिसके अंतर्गत अनुभाग अधिकारी, लेखाकार और कार्यालय के आठ सदस्य तथा अनुसचीवीय स्टाफ होता है। यह अनुभाग बजट की तैयारी, मासिक वेतन तथा पेंशन बिल, अन्य व्यक्तिगत प्रतिपूर्ति जैसे चिकित्सा, एल.टी.सी. बिल, अग्रिम इत्यादि, वस्तुओं की खरीद के लिये बिल भुगतान प्रक्रिया, कार्य, संविदा इत्यादि, पूर्व लेखा परीक्षा, बाह्य लेखा परीक्षा के साथ समन्वयन तथा वित्त तथा लेखा से जुड़े अन्य मसलों के लिये उत्तरदायी होता है। बाहरी ऑडिट और अन्य संबंधित मामलों की देखभाल आंतरिक ऑडिट द्वारा की जाती है। यह सभी वित्तीय मसलों पर समयबद्ध परामर्श देता है तथा वित्तीय भागीदारी, लेखा बयान, उपयोगिता प्रमाण–पत्र इत्यादि हेतु सभी प्रस्तावों के परीक्षण हेतु प्रभावी सहायता प्रदान करता है। वित्त अधिकारी वित्त समिति का सदस्य सचिव होता है जो संस्थान के वित्त, निर्देशन तथा विभिन्न श्रेणियों के लिये व्यय की सीमा का पर्यवेक्षण करता है। पिछले पांच वर्षों में शिक्षा मंत्रालय से प्राप्त अनुदान नीचे दी गई तालिका में निम्नांकित है :

प्राप्त अनुदान का व्यौरा (2017–2023) (रु. लाख में)

क्र. सं.	शीर्ष	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
1.	सहायता अनुदान (योजना) सहायता अनुदान (योजनेतर)	3184.71	4559.46	3688.00	2986.58	5184.37
	आंतरिक प्राप्तियां	34.69	39.15	66.76	21.78	53.24
	योग	**3219.40**	**4598.61**	**3688.00**	**3008.36**	**5237.61**
2.	व्यय (योजना) व्यय (योजनेतर)	3491.89	4314.43	3352.41	3366.56	5052.17
	योग	**3491.89**	**4314.43**	**3352.41**	**3366.56**	**5052.17**
3.	आंतरिक प्राप्तियां व्यय के प्रतिशत के रूप में	1%	0.91%	2%	0.65%	1.05%
4.	सहायता अनुदान व्यय के प्रतिशत के रूप में	100%	94.63%	90.90%	112.72%	97.45%

उपरोक्त तालिका से यह देखा जा सकता है कि वर्ष 2018–19 से 2022–23 के दौरान सहायता अनुदान में व्यापक रूप से वृद्धि हुई है और इसी अनुपात में इसका व्यय भी बढ़ा है। इससे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि नीपा अपनी मुख्य गतिविधियों को पर्याप्त महत्व दे रहा है।

राजभाषा कार्यान्वयन/हिंदी कक्ष

हिंदी कक्ष

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान के तहत हिंदी कक्ष का प्रमुख कार्य संस्थान के शोध जर्नल 'परिप्रेक्ष्य' के प्रकाशन, संपादन व प्रसार में सहयोग के साथ हिंदी भाषी क्षेत्रों से शैक्षिक अनुसंधान के क्षेत्र में हिंदी भाषा में शोध लेखन को बढ़ावा देना है। संस्थान की शोध पत्रिका के माध्यम से देश के अन्य हिस्सों से राष्ट्रीय फलक पर देशज मेधा को सामने लाना, जिसके तहत राष्ट्रीय स्तर पर नीपा के अकादमिक विद्वानों के सहयोग व सहभागिता के माध्यम से 'परिप्रेक्ष्य शोध संवाद एवं विमर्श श्रृंखला' का आयोजन। इसके अलावा हिदी कक्ष संस्थान के विभिन्न विभागों से सहयोग में अकादमिक पाठयक्रम, प्रशिक्षण सामग्रियों का हिदी संस्करण मुहैया कराता है। हिंदी कक्ष के प्रमुख कार्यों में से एक संस्थान की समाचार पत्रिका (न्यूज लेटर) में सहयोग प्रदान करना है।

इन अकादमिक सहयोगों के अतिरिक्त हिंदी कक्ष प्रशासनिक स्तर पर राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन व प्रयोग को बढ़ावा देने का कार्य निरंतर कर रहा है। इस स्तर पर हिंदी कक्ष द्वारा संस्थान के प्रशासनिक प्रकाशनों जैसे वार्षिक रिपोर्ट, विवरणिका व अन्य दस्तावेजों आदि का हिंदी संस्करण मुहैया कराने के साथ संस्थान के विभिन्न अनुभाग अधिकारियों के सहयोग से हिदी भाषा में टिप्पण व लेखन कार्यों को राजभाषा नियमावली के तहत सुनिश्चित किया जाता है। इसके साथ–साथ शिक्षा मंत्रालय व राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के समय–समय पर प्राप्त निर्देशों का अनुपालन तथा कार्यान्वयन कक्ष द्वारा सुनिश्चित कराया जाता है। इस श्रृंखला में हर वर्ष हिंदी दिवस पर हिंदी पखवाड़े का आयोजन हिंदी कक्ष द्वारा किया जाता है।

'परिप्रेक्ष्य' शोध संवाद एवं विमर्श श्रृंखला

परिप्रेक्ष्य शोध संवाद एवं विमर्श श्रृंखला के अंतर्गत पहली दो दिवसीय कार्यशाला "समाजिक विज्ञान और मानविकीः हिंदी में चिंतन विमर्श तथा अकादमिक लेखन" नीपा एवं बीएचयू के संयुक्त तत्वावधान में ''मानवीय मूल्य अनुशीलन केंद्र बीएचयू'' में आयोजित की गयी। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय विद्वानों के साथ नीपा के अकादमिक विद्वानों ने भी हिंदी एवं स्थानीय भाषाओं में लेखन एवं प्रकाशन की चुनौतियों पर चर्चा की एवं शोधपत्र प्रस्तुत किया।

'परिप्रेक्ष्य'

संस्थान की शोध पत्रिका 'परिप्रेक्ष्य' के पश्च संस्करणों को अद्यतन करने की प्रक्रिया में इस वार्षिक सत्र में परिप्रेक्ष्य के दिसंबर 2019 और अप्रैल 2020; अगस्त और दिसंबर 2020; अप्रैल तथा अगस्त 2021; दिसंबर 2021 तथा अप्रैल 2022 तक का संपादन कार्य पूर्ण किया गया।

हिंदी दिवस

हिंदी दिवस 14 सितंबर, 2022 के उपलक्ष्य में प्रतियोगिताओं का आयोजन 14 सितंबर से 28 सितंबर, 2022 तक हिंदी पखवाड़े के दौरान किया गया। हिंदी पखवाड़े के दौरान हिंदी सुलेख प्रतियोगिता (केवल एम.टी.एस. और वाहन चालकों के लिए), हिंदी टिप्पण और प्रारूप लेखन प्रतियोगिता, हिंदी निबंध प्रतियोगिता, हिंदी प्रश्नमंच प्रतियोगिता, हिंदी अनुवाद प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रत्येक प्रतियोगिता में उपस्थित प्रतिभागियों के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र से सम्मानित किया गया। हिंदी दिवस पर पूरे पखवाड़े के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में संस्थान की प्रतिभागिता बहुत उत्साहपूर्ण रही।

राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शिक्षा मंत्रालय तथा 'अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद' के आदेशानुसार सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में (25–31, अक्टूबर, 2022) सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना था। राष्ट्रीय एकता दिवस पर हिन्दी कक्ष द्वारा दिनांक 02 नवंबर, 2022 को हिन्दी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ एवं पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र से सम्मानित किया गया।

सतर्कता सप्ताह का आयोजन

दिनांक 31 अक्तूबर, 2022 से 6 नवंबर, 2022 तक आयोजित सतर्कता सप्ताह के दौरान संस्थान में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एक अन्य कार्यक्रम में हिंदी कक्ष द्वारा दिनांक 03 नवंबर 2022 को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय पक्ष यह रहा कि इन कार्यक्रमों में संस्थान कर्मियों के अतिरिक्त विद्यार्थियों की प्रतिभागिता सराहनीय रहीं।

कार्यशालाओं का आयोजन (24–25 मई, 2022 एवं 26 दिसंबर, 2022)

(i) हिंदी कक्ष द्वारा राजभाषा हिंदी के कर्यान्वयन के अनुपालन में दिनांक 24–25 मई, 2022 के दौरान दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का विषय क्रमशः (i) ''राजभाषा हिंदी में काम करने की प्रेरणा एवं प्रोत्साहन'' तथा (ii) ''राजभाषा नीति का कार्यान्वयन'' था। इस कार्यशाला में संसाधन व्यक्ति एवं मुख्य वक्ता के रूप में श्री प्रेम सिंह, सेवानिवृत्त, संयुक्त निदेशक (राजभाषा), गृह मंत्रालय को आमंत्रित किया गया था। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को कुलसचिव महोदय द्वारा प्रमाण–पत्र से सम्मानित भी किया गया।

(ii) हिंदी कक्ष द्वारा राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन हेतु दिनांक 26 दिसंबर, 2022 को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषयः ''हिंदी टाइपिंग की चुनौतियाँ और अभ्यास'' रखा गया। यह कार्यशाला संस्थान के सभी प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं परियोजना स्टाफ के लिए आयोजित की गई। इस कार्यशाला में संसाधन व्यक्ति एवं मुख्य वक्ता के रूप में श्री अरूणेश कुलश्रेष्ठ (सेवानिवृत्त), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, को आमंत्रित किया गया। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान दैनिक कार्य के अलावा नीपा के हिन्दी कक्ष ने निम्नलिखित महत्वपूर्ण कार्य किएः

(i) वार्षिक रिपोर्ट 2021–2022 का हिन्दी अनुवाद एवं प्रकाशन।

(ii) राजभाषा कार्यान्वयन के संबंध में चार त्रैमासिक (जनवरी–मार्च 2023, अप्रैल–जून 2022, जुलाई–सितम्बर 2022, अक्तूबर–दिसम्बर 2022) रिपोर्ट मंत्रालय को भेजी गईं।

(iii) संस्थान की हिंदी वेबसाइट का नवीन संस्करण तैयार किया गया

(iv) प्रशिक्षण कार्यक्रम 2022–2023 का हिन्दी अनुवाद।

(v) नीपा के निगम ज्ञापन और नियमावली का हिन्दी अनुवाद कार्य पूर्ण किया।

(vi) उपरोक्त कार्य के अलावा संस्थान के हिन्दी प्रकोष्ठ ने आर.टी.आई, परिपत्र, नोटिस, पत्र, प्रशिक्षण सामग्री इत्यादि का हिन्दी अनुवाद किया।

व्यक्तिगत योगदानः

- विश्व पुस्तक मेले में केन्द्रीय मंच एम्फीथियेटर, प्रगति मैदान में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) एवं रेख्ता फाउंडेशन के आमंत्रण पर हिंदी संपादक डॉ. रवि प्रकाश द्वारा कविता का पाठ
- हिंदी संपादक द्वारा नीपा संगोष्ठी श्रृंखला के तहत आयोजित कार्यक्रम में 'ज्ञान की राजनीति' पुस्तक पर लेखक मणिन्द्रनाथ ठाकुर से परिचर्चा की गयी।
- परिप्रेक्ष्य शोध संवाद एवं विमर्श श्रृंखला के तहत बीएचयू में "समाजिक विज्ञान और मानविकीः हिंदी में चिंतन विमर्श तथा अकादमिक लेखन" विषय पर आयोजित कार्यशाला में "हिंदी और भारतीय भाषाओं में उच्च कोटि के अनुसंधान, लेखन और प्रकाशन की चुनौतियाँ" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया गया।

अनुलग्नक

संकाय का अकादमिक योगदान

संकाय का अकादमिक योगदान

एन.वी. वर्गीज

कुलपति **(01 अप्रैल से 06 दिसंबर 2022)**

प्रकाशन

पुस्तकें

इंडिया हायर एजूकेशन रिपोर्ट 2022: वूमन इन हायर एजुकेशन (निधि एस. सभरवाल के साथ), नई दिल्ली, रूटलेज (प्रेस में)।

हायर एजुकेशन गर्वनेंस एंड ऑटोनामी इन इंडिया चैलेंजेज, अपरच्युनिटीज (गरिमा मलिक के साथ), स्प्रिंगर (प्रेस में)।

परसिसटिंग चैलेंजेज आफ इक्विटी, क्वालिटी एंउ इंक्लूजन इन एजुकेशन – इनसाइट एंड वे फारवर्ड (ए. मंगलागिरी और ए. मैथ्यू के साथ), नई दिल्ली, रूटलेज (प्रेस में)।

इनोवेशंस इन फानेंसिंग हायर एजुकेशन, (जिनुशा पानिग्रही के साथ), नई दिल्ली, स्प्रिंगर 2022।

फाइनेंसिंग इन हायर एजुकेशन (टेफेरा, डी., चाकोन, ई., एस्क्रिबेंस, एम., जॉनस्टोन, बी., माले बैसेट, आर., पेड्रो, एफ और रोजर, जे के साथ संयुक्त रूप से) (विश्व उच्च शिक्षा सम्मेलन के लिए नियुक्त), पेरिस, यूनेस्को, 2022।

इंडिया हायर एजुकेशन रिपोर्ट 2021: प्राइवेट हायर एजुकेशन (जिनुशा पानिग्रही के साथ), नई दिल्ली, रूटलेज, 2022।

चेंजिंग हायर एजुकेशन इन इंडिया (चटोपाध्याय, सौमेन और साइमन मार्जिन्सन के साथ), लंदन, ब्लूम्सबरी अकादमिक 2022।

आलेख और अध्याय

''भारतीय उच्च शिक्षा में गुणवत्ता आश्वासन और शैक्षणिक अखंडता'', ईटन में, सारा इलेन द्वारा संपादित *हैंडबुक ऑफ एकेडमिक इंटीग्रिटी,* स्प्रिंगर नेचर (प्रकाशनाधीन)।

उच्च शिक्षा प्रशासन और संस्थागत स्वायत्तता: एक सिंहावलोकन, अध्याय 1: भारत में उच्च शिक्षा प्रशासन और स्वायत्तता: चुनौतियाँ, अवसर (गरिमा मलिक के साथ), स्प्रिंगर (प्रकाशनाधीन)।

उच्च शिक्षा में महिलाएं: एक सिंहावलोकन अध्याय 1: भारत उच्च शिक्षा रिपोर्ट 2022 में उच्च शिक्षा में महिलाएं (निधि एस. सभरवाल के साथ), नई दिल्ली, रूटलेज (प्रकाशनाधीन)।

इंटरनेशनल जर्नल ऑफ अफ्रीकन हायर एजुकेशन में एशिया में अकादमिक सहयोग: भारत में विशेष महत्व, वॉल्यूम 9; नंबर 3, 2022।

'भारत में उच्च शिक्षा और अनुसंधान की संभावनाएं' *ज्ञानोत्तर समाज में उच्च शिक्षा और अनुसंधान: भावी दुनिया के लिए परिदृश्य में,* जैकब, मर्लेय किर्नी, मैरी–लुईस और मीक, वी.लीक, द्वारा संपादित, न्यू कैसल, कैम्ब्रिज स्कॉलर्स पब्लिशर्स, 2022, पीपी. 202–219।

भारत में उच्च शिक्षा का भविष्य: व्यापकीकरण से सार्वभौमिकरण तक (निधि एस. सभरवाल के साथ), सीपीआरएचई शोध पत्र संख्या 16, नई दिल्ली,

सीपीआरएचई/नीपा।

'शिक्षा और अनुसंधान में भारत और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग', विश्वविद्यालय न्यूज, वॉल्यूम. 60 (45) नवंबर 2022, पीपी 17–21।

निजी उच्च शिक्षा: एक सिंहावलोकन, *भारत उच्च शिक्षा रिपोर्ट 2021*: (जिनुशा पाणिग्रही के साथ), नई दिल्ली, रूटलेज, 2022 पृष्ठ 1–16।

दक्षिण एशिया में हिस्सेदारी नीतियां (निधि एस. सभरवाल के साथ) परियोजना रिपोर्ट ल्यूमिना फाउंडेशन, यूएसए 2022 को सौंपी गई।

बैठकों में भागीदारी

4 अप्रैल, 2022 को यूनेस्को, बैंकॉक द्वारा आयोजित उच्च शिक्षा के अधिकार पर ऑनलाइन पैनल चर्चा।

4 अप्रैल 2022 को होटल ताज मानसिंह, नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग के साथ वार्षिक अभिभाषण बैठक।

अप्रैल, 2022 को ऑस्ट्रेलियाई दूतावास, नई दिल्ली में एनईपी 2020 पर चर्चा।

अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में अकादमिक सहयोग पर 26–28 अप्रैल, 2022 तक अदीस अबाबा और हेफाला सम्मेलन में सेंट मैरी यूनिवर्सिटी और अफ्रीका उच्च शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भागीदारी।

27 अप्रैल, 2022 को अदीस अबाबा में अकादमिक सहयोग पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में उद्घाटन मुख्य भाषण।

5 मई, 2022 को निरमा विश्वविद्यालय, अहमदाबाद में एनईपी 2020 और उच्च शिक्षा के सुधार विषय पर व्याख्यान।

9 मई, 2022 को ल्यूमिना फाउंडेशन द्वारा (जमील सालमी के नेतृत्व में) आयोजित इक्विटी नीतियों पर अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान समूह के साथ ऑनलाइन बैठक में भागीदारी।

12 मई, 2022 को जामिया मिलिया इस्लामिया में मानव संसाधन विकास केन्द्र द्वारा बैठक का आयोजन।

27 मई, 2022 को एस्पायर, नई दिल्ली की गवर्निंग बोर्ड की बैठक में भागीदारी।

31 मई, 2022 को एशिया आर्थिक और सामाजिक सर्वेक्षण पर दक्षिण एशिया नीति संवाद में ऑनलाइन भागीदारी।

6 जून, 2022 को गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय की योजना बोर्ड की बैठक में ऑनलाइन भागीदारी।

7 जून, 2022 को ब्रिटिश काउंसिल, नई दिल्ली द्वारा उच्च शिक्षा पर आयोजित बैठक में भागीदारी।

13 जून, 2022 को इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड डेवलपमेंट, मुंबई में एनईपी 2020 पर व्याख्यान।

15 जून, 2022 को सीमैट, इलाहाबाद द्वारा आयोजित बैठक में ऑनलाइन व्याख्यान।

16 जून, 2022 को कन्नूर विश्वविद्यालय के एचआरडीसी द्वारा आयोजित सेमिनार में एनईपी 2020 और उच्च शिक्षा पर ऑनलाइन व्याख्यान।

17 जून, 2022 को शिक्षा मंत्रालय के साथ बैठक।

22 जून, 2022 को नीपा, नई दिल्ली में संसदीय समिति दल का दौरा।

23 जून, 2022 को बोस्टन विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय उच्च शिक्षा केंद्र (सीआईएचई) की सलाहकार समूह की बैठक में भागीदारी।

28 जून, 2022 को भारतीय उच्च शिक्षा और छात्र प्रवाह पर केएचडीए, दुबई के साथ ऑनलाइन बैठक।

6 जुलाई, 2022 को फिनलैंड दूतावास, नई दिल्ली द्वारा स्कूली शिक्षा पर बैठक आयोजित।

12 जुलाई, 2022 को होटल ताज पैलेस, नई दिल्ली में आयोजित ऑस्ट्रेलियाई मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के लिए अंतर्राष्ट्रीयकरण और एनईपी 2020 पर व्याख्यान।

14 जुलाई, 2022 को एनसीटीई की ऑनलाइन सामान्य निकाय बैठक में भागीदारी।

16 जुलाई, 2022 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में वैश्विक अधिगम संकट और अधिगम की बढ़ रही कमियों पर प्रथम खंडेलवाल मेमोरियल व्याख्यान दिया।

28 जुलाई, 2022 को बौद्धिक विरासत के अध्ययन पर सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय के साथ ऑनलाइन बैठक।

28 जुलाई, 2022 को फिक्की उच्च शिक्षा समिति की बैठक

29 जुलाई, 2022 को अंबेडकर सभागार, नई दिल्ली में शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित एनईपी 2020 की दूसरी वर्षगांठ में भागीदारी।

5 अगस्त, 2022 को नीपा में उत्तर प्रदेश के शैक्षिक प्रशासकों की क्षमता विकास के लिए नीपा समर्थन पर उत्तर प्रदेश की अतिरिक्त सचिव आराधना शुक्ला के साथ बैठक।

6 जुलाई, 2022 को पूर्व छात्र संघ, मुंबई स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पब्लिक पॉलिसी के लिए एनईपी 2020 और उच्च शिक्षा क्षेत्र के निहितार्थ पर ऑनलाइन व्याख्यान।

9 अगस्त, 2022 को यूनेस्को, नई दिल्ली द्वारा आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) की संपादकीय बोर्ड की बैठक।

23 अगस्त, 2022 को यूजीसी द्वारा आयोजित विश्वविद्यालयों में अनुसंधान कक्ष पर ऑनलाइन बैठक।

24 अगस्त, 2022 को इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में नीपा स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर श्री कैलाश सत्यार्थी द्वारा व्याख्यान।

24 अगस्त, 2022 को एआईएमए द्वारा अकादमिक नेतृत्व के लिए केवल नोहरिया पुरस्कार हेतु उम्मीदवार का चयन करने के लिए जूरी बैठक।

26 अगस्त, 2022 को एनईपी 2020 पर कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (केआईआईटी) द्वारा आयोजित ऑनलाइन व्याख्यान में भागीदारी।

2 सितंबर, 2022 को यूआईसी, पुणे द्वारा आयोजित उच्च शिक्षा और समानता पर ऑनलाइन व्याख्यान।

5 सितंबर, 2022 को ब्रिटिश प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक, ब्रिटिश काउंसिल, नई दिल्ली।

5 सितंबर, 2022 को अशोक होटल, नई दिल्ली में एनसीईआरटी और शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित शिक्षक पुरस्कार समारोह में भागीदारी।

6 सितंबर, 2022 को अंबेडकर हाउस, नई दिल्ली में राज्य मंत्री द्वारा आयोजित शिक्षक पुरस्कार समारोह में भागीदारी।

7 सितंबर, 2022 को ल्यूमिना फाउंडेशन द्वारा आयोजित समता नीतियों पर अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान समूह के साथ ऑनलाइन बैठक।

9 सितंबर, 2022 को 'राष्ट्र निर्माण में शिक्षक' विषय पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली और टीआईएसएस, मुंबई द्वारा पैनल चर्चा।

20 सितंबर, 2022 को आईटीसी मौर्य शेरेटन में यूनेस्को, नई दिल्ली द्वारा शिक्षा की स्थिति पर सम्मेलन में भागीदारी।

20 सितंबर, 2022 को ललित होटल, नई दिल्ली में नॉर्डिक सेंटर द्वारा आयोजित सेमिनार में 'अंतरसांस्कृतिक परिप्रेक्ष्यः भावी पीढ़ियों के लिए शिक्षकों को तैयार करना' विषय पर व्याख्यान।

23 सितंबर, 2022 को नीपा द्वारा आयोजित शिक्षा पर बौद्धिक विरासत अध्ययन की सलाहकार समिति की बैठक।

शिक्षकों पर यूजीसी उप–समिति की बैठक 28 सितंबर, 2022।

शिक्षकों पर यूजीसी उप–समिति की बैठक 7 अक्टूबर, 2022।

शिक्षकों पर यूजीसी उप–समिति की बैठक 10 अक्टूबर, 2022।

11 अक्टूबर, 2022 को अध्यक्ष, यूजीसी के साथ यूजीसी उप–समिति की बैठक।

14 अक्टूबर, 2022 को यूनेस्को द्वारा शिक्षा की स्थिति रिपोर्ट पर संपादकीय बोर्ड की बैठक।

18 अक्टूबर, 2022 को एआईयू, नई दिल्ली द्वारा आयोजित छात्र विकास सूचकांक की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए विशेषज्ञ समिति।

21 अक्टूबर, 2022 को नीपा, नई दिल्ली द्वारा आयोजित नीपा दीक्षांत समारोह और डिग्री पुरस्कार समारोह।

2 नवंबर, 2022 को पेकिंग विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को उच्च शिक्षा के वित्तपोषण पर ऑनलाइन व्याख्यान।

3 नवंबर, 2022 को अंतर्राष्ट्रीय बोर्ड (यूक्यूएआईबी) की ऑनलाइन बैठक।

10 नवंबर, 2022 को गलगोटिया विश्वविद्यालय, नोएडा में एआईयू द्वारा आयोजित शिक्षण में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग विषय पर व्याख्यान।

11 नवंबर, 2022 को इंडिया हैवीटेड सेंटर, नई दिल्ली में नीपा द्वारा आयोजित मौलाना आजाद मेमोरियल व्याख्यान।

15 नवंबर, 2022 को बौद्धिक विरासत सीईएसएस हैदराबाद सलाहकार समिति की बैठक।

18 नवंबर, 2022 को इंदिरा गांधी स्टेडियम में फिक्की उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन में 'विश्व स्तरीय संकाय विकास' पर पैनल चर्चा।

22 नवंबर, 2022 को इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में नीपा हीरक जयंती समारोह का आयोजन किया।

23 नवंबर, 2022 को लीला एंबिएंस, कड़कड़डूमा, दिल्ली में आयोजित शिक्षा नेतृत्व शिखर सम्मेलन में वक्ता।

28–29 नवंबर, 2022 को सिंगापुर में ब्रिटिश काउंसिल द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सहयोग पर सेमिनार में भागीदारी और प्रस्तुति।

29 नवंबर, 2022 को एएसईएफ कार्यालय, सिंगापुर में एएसईएफ द्वारा अनुसंधान निष्कर्षों पर चर्चा बैठक में भागीदारी।

शैक्षिक योजना विभाग

के. बिस्वाल

प्रकाशन

शोध पत्र/आलेख/टिप्पणी

''स्टेट्स पेपर ऑन इंसीडेंस एंड ट्रेंड्स आफ ड्रॉपआउट्स इन स्कूल एंड हायर एजूकेशन इन इंडिया'' मसौदा शोध पत्र अक्टूबर 2022 में संशोधित।

राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सेमिनारों एवं सम्मेलनों में भागीदारी

27–28 मार्च, 2023 तक नीपा द्वारा राव तुला राम मार्ग, यूएसआई परिसर, नई दिल्ली में आयोजित ''एनईपी 2020 और भारत में गुणवत्ता आश्वासन प्रणाली के संस्थागतकरणः शाला सिद्धि कार्यक्रम से अंतर्दृष्टि'' पर राष्ट्रीय परामर्शदात्री बैठक में 'साक्ष्य–आधारित स्कूल सुधार पर पैनल चर्चा' में सत्र की अध्यक्षता।

प्रशिक्षण कार्यक्रम/कार्यशालाएं संचालित/आयोजित

31 अक्टूबर से 4 नवंबर, 2022 तक असम के गुवाहाटी में आयोजित ''उत्तर–पूर्वी राज्यों में परिणाम आधारित जिला स्कूल शिक्षा योजना तैयार करने की पद्धति'' पर (डॉ. एन. के. मोहंती और डॉ. सुमन नेगी के साथ) प्रशिक्षण कार्यक्रम में एक संसाधन व्यक्ति के रूप में कार्य का संचालन

